बैशाख शुक्ल पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 15 मई 2024
वर्ष 34, अंक 108, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

व्हाइट हाउस में गोलगप्पे की धूम 16

कान्स में जलवा बिखेरेंगी ऐश्वर्या और अदिति 15

आईएमए अध्यक्ष की बिना शर्त माफी को सुप्रीम कोर्ट ने किया अस्वीकार्य

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने योगगुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को भ्रामक विज्ञापन मामले में जारी अवमानना नोटिस पर मंगलवार को अपना आदेश सुरक्षित रखा। सुनवाई के दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के अध्यक्ष आरवी अशोकन ने हालिया साक्षात्कार में शीर्ष अदालत के खिलाफ दिए गए अपने बयानों के लिए पीठ से बिना शर्त माफी मांगी लेकिन अदालत ने अस्वीकार्य कर दिया।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली ने अशोकन से कहा कि आप ऐसा नहीं कर सकते कि आराम से सोफे पर बैठकर प्रेस को साक्षात्कार दें और अदालत पर आक्षेप लगाएं। पीठ ने आईएमए के वकील से कहा कि अदालत संगठन के अध्यक्ष के माफीनामे को स्वीकार करने की इच्छुक नहीं है। अशोकन ने साक्षात्कार में पतंजलि आयुर्वेद से जुड़े भ्रामक विज्ञापन मामले को लेकर सवालों के जवाब दिए थे।

मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने पतंजलि के वकील से कहा कि तीन सप्ताह के अंदर हलफनामा दायर किया जाए।

पतंजलि मामला

- नाराज कोर्ट ने कहा-आप अदालत की खिल्ली नहीं उड़ा सकते
- रामदेव, बालकृष्ण की अवमानना नोटिस पर आदेश सुरक्षित

थोक महंगाई बढ़कर 13 महीने के उच्चस्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

लगातार दूसरे महीने बढ़कर अप्रैल में 1.26 प्रतिशत पर पहुंची

अप्रैल में थोक मुद्रास्फीति लगातार दूसरे महीने बढ़कर 13 महीने के उच्चस्तर 1.26 प्रतिशत पर पहुंच गई है। ईंधन और बिजली के साथ खाद्य पदार्थों खासकर सब्जियों के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति बढ़ी है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति में लगातार दो महीने से बढ़ोतरी जारी है। फरवरी में यह 0.20 प्रतिशत थी जो मार्च में बढ़कर 0.53 प्रतिशत हो गई। अप्रैल, 2023 में यह 0.79 प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 13 महीने के उच्चतम स्तर पर रही।

मार्च, 2023 में यह 1.41 प्रतिशत के उच्चस्तर पर थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को बयान में कहा कि अप्रैल, 2024 में खाद्य वस्तुओं, बिजली, कच्चे पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस, खाद्य उत्पाद विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादों के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति बढ़ी है।

मुद्रास्फीति 3.3% रहने का अनुमान

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में कई जिंसों की कीमतों में बढ़ोतरी देखी गई है। अभी तक जिंस कीमतों का रुख देखते हुए डब्ल्यूपीआई के मई और जून में दो प्रतिशत के पार जाने का अनुमान है। इक्रा ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए औसत थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के 3.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

- ईंधन-बिजली के साथ खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ने का असर

सितंबर-अक्टूबर तक नरमी की उम्मीद

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा कि सितंबर/अक्टूबर, 2024 तक खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति में नरमी आने की उम्मीद है क्योंकि कई खरीफ फसलें मंडियों में आना शुरू करेंगी। विनिर्मित उत्पादों में अप्रैल में महंगाई दर में कमी आई और यह 0.42 प्रतिशत रही।

एक नजर

लिट्टे पर प्रतिबंध पांच साल और बढ़ा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) पर लगे प्रतिबंध को मंगलवार को पांच साल के लिए और बढ़ा दिया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत प्रतिबंध लगाया है। गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि लिट्टे श्रीलंका में अपनी गतिविधियां चला रहा एक संगठन है लेकिन इसके समर्थक, हमदर्द और एजेंट भारतीय क्षेत्र में हैं।

ईडी के सामने पेश हुए झारखंड के मंत्री आलम

रांची। झारखंड के मंत्री और कांग्रेस के नेता आलमगीर आलम धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए मंगलवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए। राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलम अपराह्न करीब 11 बजे ईडी कार्यालय पहुंचे। आलम ने संघीय एजेंसी के कार्यालय में प्रवेश करने से पहले पत्रकारों से कहा, मैं कानून का पालन करता हूं... मैं पूछताछ का सामना करने के लिए यहां आया हूं। ईडी ने आलम के निजी सचिव संजीव कुमार लाल और घरेलू सहायक जहांगीर आलम को उनसे जुड़े एक फ्लैट से 32 करोड़ नकदी के साथ गिरफ्तार किया था।

30 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में मंगलवार को छह महिला नक्सलियों समेत 30 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इनमें से नौ नक्सलियों के सिर पर कुल 39 लाख रुपये का नकद इनाम है। नक्सलियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया है। नक्सलियों ने कहा है कि वह पुलिस की पुनर्वास नीति से प्रभावित हैं।

हिंदू-मुस्लिम किया तो सार्वजनिक जीवन जीने के योग्य नहीं रहूंगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक न्यूज चैनल के साक्षात्कार में कही मन की बात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

अमृत विचार : चुनावी माहौल में मतों के ध्रुवीकरण को लेकर चल रही आम चर्चा के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुसलमानों को लेकर मन की बात साझा की है। मंगलवार को एक न्यूज चैनल से साक्षात्कार में नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मैं बचपन से मुस्लिम परिवार के साथ रहा हूं बल्कि मेरे कई अच्छे मुस्लिम मित्र हैं। मैं जिस दिन हिन्दू-मुसलमान करूंगा उस दिन सार्वजनिक जीवन में रहने योग्य नहीं रहूंगा। ऐसा नहीं करूंगा, ये मेरा संकल्प है।

लोकसभा चुनाव में वाराणसी से उम्मीदवार के रूप में तीसरी बार पर्चा भरने के बाद प्रधानमंत्री ने मुसलमानों के प्रति अपनी धारणा को जगजाहिर किया। सवाल उठा कि, आप ये धारणा तोड़ने में सफल क्यों नहीं हो पाए कि आप मुसलमानों के खिलाफ नहीं हैं? मोदी बोले, यह मुद्दा मुसलमान का नहीं है, निजी तौर पर मुसलमान कितने भी मोदी के साथ होंगे, लेकिन एक निश्चित विचार का प्रभाव है, जो उनको आदेश करता है कि आप ये करो-वो करो। उसी के आधार पर वह फैसला करता है।

- बोले-गोधरा दंगों के बाद उनकी छवि जानबूझकर खराब की गई

मोदी ने बताया कि, मेरे घर के अगल-बगल सारे मुस्लिम परिवार हैं। हमारे घर में ईद भी मनती थी। ईद के दिन घर पर खाना नहीं बनता था। मुस्लिम परिवारों से मेरे यहां खाना आ जाता था। मुहर्रम में हमारा ताजिये के नीचे से निकलना अनिवार्य होता था, यह हमें सिखाया गया था। प्रधानमंत्री के मुताबिक 2002 में गोधरा कांड के बाद सुनियोजित तरीके से उनकी छवि खराब की गई। ज्यादा बच्चों वाले बयान पर बोले कि मैंने ना हिन्दू कहा, ना मुसलमान। हमारे यहां गरीब परिवारों में भी ये हाल है। मैंने कहा है कि उतने बच्चे हों जिसका लालन-पालन कर सको।

मोदी ने किया वाराणसी से तीसरी बार नामांकन

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को वाराणसी से तीसरी बार नामांकन किया। उन्होंने अपने प्रस्तावकों और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में पर्चा दाखिला किया। इससे पहले उन्होंने गंगा नदी और काल भैरव को नमन किया। प्रधानमंत्री के नामांकन में चार प्रस्तावक शामिल रहे। इसमें गणेश्वर शास्त्री द्रविड़, बैजनाथ पटेल, लालचंद कुशवाहा व संजय सोनकर रहे। गणेश्वर शास्त्री ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकाला था, जबकि बैजनाथ पटेल जनसंघ के समय के कार्यकर्ता हैं।

कई राज्यों के सीएम और केंद्रीय मंत्री हुए शामिल

मोदी के नामांकन कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले, हरदीप पुरी, पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, प्रफुल्ल पटेल, लोजपा प्रमुख चिराग पासवान, जीतन राम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा, रालोद के अध्यक्ष जयंत चौधरी, अनुप्रिया पटेल, संजय निषाद, ओमप्रकाश राजभर, पशुपति पारस, अनिल बलूनी आदि की मौजूदगी रही।

दिल्ली के 7 अस्पतालों और तिहाड़ जेल को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी

- ईमेल से भेजे धमकी भरे संदेश, जांच में कुछ नहीं मिला
- पहले भी 20 अस्पतालों, हवाई अड्डो को मिली थी धमकी

राष्ट्रीय राजधानी के सात अस्पतालों और तिहाड़ जेल को मंगलवार को ईमेल पर बम से उड़ाने की धमकी मिली। इससे दो दिन पहले दिल्ली के 20 अस्पतालों, हवाई अड्डे और उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) कार्यालय को भी इसी तरह की धमकी मिली थी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें चार अस्पतालों में बम होने की खबर मिली जबकि दिल्ली पुलिस के मुताबिक सात अस्पतालों और तिहाड़ जेल में बम होने की सूचना मिली थी। पुलिस के अनुसार, ईमेल यूरोप स्थित मेलिंग सेवा कंपनी बीबल डॉट कॉम से भेजे गए थे, जिसमें वही सामग्री थी जो रविवार को अस्पतालों को भेजी गई ईमेल में थी। धमकी में कहा गया कि मैंने आपकी इमारत में विस्फोटक उपकरण रखे हैं। उनमें अगले कुछ समय में धमाका होगा। यह कोई धमकी नहीं है, आपके पास बम को निष्क्रिय करने के लिए कुछ घंटे हैं, अन्यथा इमारत के भीतर निर्दोष लोगों का खून बहने की जिम्मेदारी आप पर होगी।

अधिकारी ने कहा कि ई-मेल एक अस्पताल को भेजा गया था, जिसकी प्रतियां अन्य को और तिहाड़ जेल को भेजी गई थीं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी के मुताबिक, कॉल आने का सिलसिला सुबह 10.45 बजे शुरू हुआ। अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलते ही सभी को तत्काल मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए गए।

भीमा कोरेगांव केस में गौतम नवलखा को मिली जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एल्गार परिषद-माओवाद संबंध मामले में सामाजिक कार्यकर्ता गौतम नवलखा को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति एम एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति एसवीएन. भट्टी ने नवलखा की जमानत पर लगी बंबई हाईकोर्ट की रोक बढ़ाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने नवलखा को नजरबंदी के दौरान सुरक्षा के लिए खर्च के तौर पर 20 लाख रुपये का भुगतान करने का निर्देश भी दिया। पीठ ने कहा कि हम रोक नहीं बढ़ाना चाहते क्योंकि हाईकोर्ट के आदेश में जमानत देने के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया है। सुनवाई पूरी होने में कई वर्ष लग जाएंगे। विवादों पर विस्तार से गौर किए बिना, हम रोक की अवधि नहीं बढ़ाएंगे। प्रतिवादी पक्ष यथाशीघ्र 20 लाख रुपये का भुगतान करे। शीर्ष अदालत ने कहा कि नवलखा चार साल से अधिक समय से जेल में हैं और मामले में अब तक आरोप तय नहीं किए गए हैं।

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा-सुनवाई पूरी होने में कई वर्ष लग जाएंगे

गलत ऑपरेशन पर 25 लाख रुपये का हर्जाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य उपभोक्ता आयोग ने एक महिला का गलत आपरेशन करने पर अयोध्या के सुनीता हेल्थ केयर सेंटर की चिकित्सक डॉ. सुनीता पर 25 लाख 25 हजार रुपये का हर्जाना लगाया है। इस पर 12 प्रतिशत अलग से ब्याज भी देना होगा।

अयोध्या के अमानीगंज पठान टोलिया निवासी हनुमान प्रसाद ने बताया कि पत्नी मालती देवी पेट में हमेशा दर्द रहता था। मई 2018 में आवास विकास कॉलोनी स्थित सुनीता हेल्थ केयर सेंटर में प्रोपराइटर डॉ. सुनीता ने दो लाख रुपये जमा कर मालती के बच्चेदानी का ऑपरेशन किया।

छह दिन तक घाव नहीं भरा तो पांच लाख रुपये और जमा कराकर आंत का दोबारा ऑपरेशन किया। इससे हालत बिगड़ने पर मेयो हास्पिटल लखनऊ ले गए। वहां के चिकित्सकों ने पहला ऑपरेशन गलत होने से मल-मूत्र घाव से निकलना बताया और उनकी सलाह पर पांच लाख रुपये जमा कर फिर से ऑपरेशन कराया। कुछ दिन बाद पत्नी को डिस्चार्ज कराया और डॉ. सुनीता से खर्च की रसीदें मांगी तो नहीं दी। इस पर उन्हें नोटिस भेजा तो नाराज होकर मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। तब राज्य उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया।

जिसकी सुनवाई पीठासीन सदस्य राजेंद्र सिंह व विकास सक्सेना ने की।

- राज्य उपभोक्ता आयोग ने सुनाया फैसला, 12 प्रतिशत ब्याज भी लगाया
- अयोध्या के सुनीता हेल्थ केयर सेंटर की चिकित्सक ने बरती लापरवाही

न्यायालय ने कहा कि पहला ऑपरेशन गलत होने से इंटेस्टाइन पंक्चर हुए।

इस वजह से घाव से मल-मूत्र आने लगा। इसमें डॉ. सुनीता और अस्पताल दोषी हैं। आदेश दिया कि पीड़ित को हर्जाना के तौर पर 15 लाख रुपये व 10 लाख रुपये मानसिक प्रताड़ना के ऑपरेशन से सुनवाई की तिथि तक 12 प्रतिशत अलग से ब्याज के साथ 30 दिन में अदा करें। इससे अधिक समय होने पर 15 प्रतिशत ब्याज के साथ देना होगा। इसके अलावा वाद व्यय 25 हजार लगाया। जो 30 दिन में न देने पर 12 प्रतिशत ब्याज के साथ देना होगा।

पुलिस की वसूली से त्रस्त सब्जी विक्रेता ने फंदे पर लटक कर दी जान

कार्यालय संवाददाता, सचेंडी/कानपुर।

अमृत विचार : सचेंडी थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह चौकी इंचार्ज और कांस्टेबल की वसूली से त्रस्त होकर एक सब्जी विक्रेता ने फेसबुक पर वीडियो पोस्ट कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में पुलिस के प्रति आक्रोश फूट पड़ा। बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा मौके पर पहुंचे। ट्रेनी आईपीएस की विधायक से कहासुनी और नोकझोंक हो गई। मृतक के बड़े भाई की तहरीर पर चौकी इंचार्ज और कांस्टेबल पर आत्महत्या के लिए उकसाने की एफआईआर दर्ज की गई है।

सचेंडी गांव निवासी पल्लेदार बालकृष्ण राजपूत का 23 वर्षीय पुत्र सुनील राजपूत चकरपुर मंडी में सब्जी बेचता था। बड़े भाई छोटे ने आरोप लगाया कि चकरपुर मंडी चौकी इंचार्ज सत्येंद्र कुमार यादव और कांस्टेबल अजय कुमार यादव सब्जी की दुकान लगाने के बदले वसूली करते थे। आए दिन दोनों की वसूली और प्रताड़ना से तंग आकर सुनील ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फांसी लगाने से पहले चौकी इंचार्ज और कांस्टेबल पर आरोप लगाते हुए दो वीडियो बनाए और इसे फेसबुक पर अपलोड करके फांसी लगा ली। वीडियो में उसने कहा कि मैं चौकी इंचार्ज सत्येंद्र व सिपाही अजय के खिलाफ गवाही दे रहा हूं। इनसे परेशान होकर फांसी लगा रहा हूं। वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। परिजन और ग्रामीण आरोपियों के निलंबन और गिरफ्तारी की मांग करते हुए शव न उठाने पर अड़ गए।

- पीड़ित युवक ने जान देने से पहले फेसबुक पर डाले वीडियो
- आरोपी चौकी इंचार्ज व कांस्टेबल के खिलाफ एफआईआर दर्ज

प्रवर्तन निदेशालय बनाएगी 'आप' को आरोपी

नई दिल्ली: ईडी ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा कि वह दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में आप को आरोपी बनाएगी। धनशोधन मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए ईडी ने यह बात कही। ईडी के वकील ने न्यायमूर्ति स्वर्णकांत शर्मा के समक्ष कहा कि मामले में दायर की जाने वाली अगली अभियोजन शिकायत (आरोपपत्र) में आप को सह-आरोपी बनाया जा रहा है। जांच एजेंसी के वकील ने कहा कि मामले में आरोप तय करने की प्रक्रिया में देरी करने के लिए आरोपी व्यक्तियों द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। सिसोदिया के वकील ने अपने मुवक्किल के लिए जमानत का अनुरोध करते हुए कहा कि ईडी और सीबीआई धनशोधन और भ्रष्टाचार मामले में लोगों को अभी भी गिरफ्तार कर रही है।

दिल्ली में आयकर विभाग की इमारत में लगी आग, एक अधिकारी की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के आईटीओ क्षेत्र स्थित आयकर विभाग की इमारत में मंगलवार को आग लग गई। इस घटना में कार्यालय अधीक्षक सत्येंद्र कुमार (46) की मौत हो गई। दो महिलाओं समेत सात लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। एक व्यक्ति को मामूली चोट आई जिसे पास के अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है। मध्य दिल्ली में आयकर विभाग की जिस इमारत में आग लगी वह पुराने पुलिस मुख्यालय के ठीक सामने स्थित है। इस इमारत में अभी भी सुरक्षा बलों की कुछ इकाइयां हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने कहा कि हमें दोपहर 3.07 बजे आयकर विभाग की इमारत में आग लगने की सूचना मिली। हमने कुल 21 दमकल गाड़ियां भेजी हैं। पुलिस को भी जानकारी दी गई है। सोशल मीडिया पर सामने आए कुछ वीडियो में, इमारत के भीतर लोग आग से बचने के लिए खिड़की के किनारों पर शरण लिए हुए दिखे।

बिल्डिंग में आग बुझाने के लिए पहुंचे अग्निशमन कर्मचारी।

समृद्धि | लखनऊ में 2014 से घटता गया रकबा, मांग और दाम बढ़ने से फिर लहलहाई फसल

रामदाना की बढ़ी पैदावार से किसान हुए मालामाल

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी के गोसाईगंज क्षेत्र के किसानों ने फिर से रामदाना की खेती पर भरोसा जताया है। 2014 के बाद से इसका रकबा घटकर न के बराबर पहुंच गया था लेकिन दो वर्षों से किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) नव ज्योति किसान प्रोड्यूसर के माध्यम से एक हजार से ज्यादा किसान रामदाना की खेती करने लगे हैं। इसमें गेहूं के बराबर लागत और अधिक मुनाफा देख अन्य ब्लॉकों के किसान भी आकर्षित हुए हैं। गोसाईगंज क्षेत्र रामदाना की बेल्ट कही जाती है। यहां एफपीओ ने वर्ष 2022 में 500 एकड़ से खेती की शुरुआत की थी और 2023 में रकबा बढ़कर एक हजार एकड़ हो गया। इस वर्ष 1500 एकड़ में पैदावार का लक्ष्य रखा गया है। रामदाना खरीफ की फसल है, जो लखनऊ से लगे बाराबंकी व रायबरेली के कुछ क्षेत्र में होती है। राजस्थान में सबसे ज्यादा पैदावार होती है। लखनऊ के गोसाईगंज क्षेत्र के किसान अक्टूबर से दिसंबर तक इसकी खेती करते हैं। इसकी वजह राजस्थान की अन्नपूर्णा प्रजाति है।

- गोसाईगंज क्षेत्र में एक हजार से ज्यादा किसान एफपीओ के माध्यम से करने लगे खेती

15 हजार की लागत में 84 हजार से ज्यादा की हो रही कमाई

एक एकड़ में रामदाना की खेती में 15 हजार रुपये खर्च आता है। गोसाईगंज में जो उत्पादन हो रहा वह एक एकड़ में 12 क्विंटल तक है। वर्तमान में रामदाना का भाव लगभग 72 रुपये किलो है। लागत निकालकर एक एकड़ में इसकी खेती से 84 हजार रुपये से ज्यादा कमाई हो रही है।

बढ़ा रकबा, कोलकाता में बिक्री

नव ज्योति किसान प्रोड्यूसर के अध्यक्ष शिव कुमार वर्मा ने बताया कि रामदाना से गजक, पट्टी, हलवा, लड्डू आदि खाद्य पदार्थ बनते हैं। इधर दो वर्ष से रामदाना का बिस्कुट और कन्फेक्शनरी में इस्तेमाल होने से मांग के साथ दाम बढ़े हैं। इसे देखते हुए किसान फिर से खेती करने लगे हैं। इनके द्वारा तैयार रामदाना कोलकाता की फैक्ट्रियों से ज्यादातर बेचते हैं। कुछ किसान निर्यात भी करते हैं।

> जिले में रामदाना की खेती पूर्व में बड़े पैमाने पर होती थी, जो धीरे-धीरे घटती गई। जो अब एफपीओ के माध्यम से इसे बढ़ा रहे हैं। इसके अच्छे परिणाम आए हैं। जल्द अन्य क्षेत्रों में भी अधिक पैदावार होगी। - **तेग बहादुर सिंह**, जिला कृषि अधिकारी, लखनऊ

30 लाख की अफीम के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

लखनऊ। एसटीएफ ने मंगलवार को चारबाग रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 2-3 के पूर्वी छोर पर 30 लाख रुपये कीमत की अफीम के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में एनसीबी और जीआरपी भी शामिल रही। महिला तस्कर झारखंड की रहने वाली है। वह अफीम लेकर बरेली जा रही थी।

एसटीएफ के डीएसपी विमल कुमार सिंह ने बताया कि अफीम की तस्करी को लेकर काफी समय से सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं। इस दौरान जानकारी मिली कि प्रमिला नामक महिला दो किलो अफीम लेकर झारखंड से बरेली जा रही है।

एक नजर

चौथे चरण में हुआ कुल 58.22 प्रतिशत मतदान

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में चौथे चरण की 13 सीटों पर कुल 58.22 प्रतिशत मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन कार्यालय ने मंगलवार को मतदान की ताजा रिपोर्ट जारी की। जारी रिपोर्ट के अनुसार खीरी में सबसे ज्यादा 64.68 प्रतिशत व कानपुर में सबसे कम 53.05 प्रतिशत मतदान हुआ। अन्य सीटों में शाहजहांपुर (अजा) सीट पर 53.36 प्रतिशत, धौरहरा में 64.54 प्रतिशत, सीतापुर में 62.54 प्रतिशत, हरदोई (अजा) में 57.52 प्रतिशत, मिश्रिख (अजा) में 55.89 प्रतिशत, उन्नाव में 55.46 प्रतिशत, फर्रुखाबाद में 59.08 प्रतिशत, इटावा (अजा) में 56.36 प्रतिशत, कन्नौज में 61.08 प्रतिशत, अकबरपुर में 57.78 प्रतिशत व बहराइच (अजा) में 57.42 प्रतिशत मतदान हुआ।

सपा व कांग्रेस जिहाद के नाम पर वोट मांग रहे : केशव मौर्य

अमृत विचार, लखनऊ : उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को बाराबंकी, बस्ती और अम्बेडकरनगर मे आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। भाजपा कार्यालय से साझा जानकारी के अनुसार मौर्य ने कहा कि सपा व कांग्रेस जिहाद के नाम पर वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को खतरा बताने वाले अखिलेश यादव व राहुल गांधी के राजनैतिक अस्तित्व का खतरा है। उन्होंने कहा कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद जो पाकिस्तान भीख मांग रहा है वह चाहता है कि भारत में कांग्रेस की सरकार बने, जिससे पाकिस्तान के हालात सुधर सकें।

लगभग डेढ़ करोड़ कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

अमृत विचार, लखनऊ : आदर्श आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई में एक करोड़ 69 लाख 38 हजार रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त की गई, जबकि अब तक कुल 419 करोड़ 35 लाख 49 हजार रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त की जा चुकी है। सहारनपुर की गंगोह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 13.20 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 66 ग्राम ड्रग पकड़ी गई।

मुझे खरीदने और तोड़ने की कोशिश हुई : उमर

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्तार अंसारी की मौत के बाद पहली इंडी गठबंधन की ओर से गाजीपुर में आयोजित सभा में उसका पुत्र उमर अंसारी पहुंचा। अफजाल अंसारी के नामांकन के बाद सपा कार्यालय पर सभा में उमर अंसारी ने आरोप लगाया कि मेरे परिवार को तोड़ने के साथ ही मुझे खरीदने की कोशिश की गई। मुकदमों से डराया जा रहा है। यह कोशिश करने वालों का पता होना चाहिए कि हम किस परिवार से हैं।

5वें चरण में कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

लखनऊ समेत 14 सीटों पर 144 प्रत्याशी मैदान में, निर्वाचन आयोग ने शुरू की मतदान की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में चार चरणों में मतदान के बाद अब भारत निर्वाचन आयोग ने 5वें चरण के लिए मतदान की तैयारी शुरू कर दी है। लखनऊ, अमेठी व रायबरेली समेत कुल 14 लोकसभा व लखनऊ पूर्व सीट पर 20 मई को मतदान होगा। भाजपा व विपक्षी दल अपने प्रत्याशियों को जिताने की जुगत में लग गए हैं। इस चरण की लोकसभा सीटों पर 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जबकि लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर चार प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं। 5वें चरण में कई दिग्गज प्रत्याशियों की प्रतिष्ठा दांव पर है।

निर्वाचन आयोग ने सभी सीटों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए मतदाताओं को सूचना पर्ची उपलब्ध कराने के लिए गर्मी से बचाव के लिए पुख्ता इंतजाम करने को कहा गया है। आयोग के निर्देश के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को

20 मई को होगा मतदान

आयोग के निर्देश सुनिश्चित करने को कहा है। 2019 के चुनाव में भाजपा ने 14 में से 13 सीटों पर जीत दर्ज की थी। भाजपा ने पिछले चुनाव में रायबरेली सीट जीतने की भरसक कोशिश थी, पर कांग्रेस से सोनिया गांधी ने इस सीट पर विजय हासिल की थी, जबकि अमेठी सीट पर राहुल गांधी को हार का सामना करना पड़ा था।

इस सीट पर केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने जीत हासिल की थी। इसी तरह, लखनऊ से केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह व मोहनलालगंज सीट से कौशल किशोर ने विजय हासिल की थी।

इस चरण की महत्वपूर्ण समझी जाने वाली सीटों में इस बार मोहनलालगंज (अजा) सीट पर कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें भाजपा से केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, सपा से पूर्व मंत्री आरके चौधरी, बसपा से राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान प्रत्याशी हैं, जबकि लखनऊ सीट पर कुल 10 प्रत्याशियों में से भाजपा से केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, सपा से पूर्व मंत्री रविदास मेहरोत्रा व बसपा से मोहम्मद सरवर मलिक चुनाव मैदान में हैं। रायबरेली सीट पर कुल आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इसमें भाजपा से दिनेश प्रताप सिंह, कांग्रेस से राहुल गांधी व बसपा से ठाकुर प्रसाद यादव प्रत्याशी हैं। अमेठी के कुल 13 प्रत्याशियों में भाजपा से केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी, कांग्रेस से किशोरी लाल शर्मा व बसपा से नन्हे सिंह चौहान प्रत्याशी हैं। चुनाव में इन दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।

कहां से कौन मैदान में

- **जालौन (अजा) -प्रत्याशी छह**
  सपा-नारायण दास अहिरवार
  भाजपा-भानु प्रताप सिंह वर्मा
  बसपा-सुरेश चन्द्र गौतम
- **झांसी-प्रत्याशी-10**
  भाजपा-अनुराग शर्मा
  कांग्रेस-प्रदीप जैन 'आदित्य'
  बसपा-रवि प्रकाश,
  अपना दल (कमेरावादी)-चंदन सिंह
- **हमीरपुर-प्रत्याशी-11**
  सपा-अजेन्द्र सिंह लोधी
  बसपा-निर्दोष कुमार दीक्षित
  भाजपा-कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल
- **बांदा-प्रत्याशी-12**
  सपा-कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल
  बसपा-मयंक द्विवेदी
  भाजपा-आरके सिंह पटेल
  अपना दल (कमेरावादी)-प्रमोद आजाद
- **फतेहपुर-प्रत्याशी-15**
  सपा-नरेश चन्द्र उत्तम पटेल
  भाजपा-निरंजन ज्योति
  बसपा-मनीष सिंह सचान
- **कौशाम्बी (अजा) -प्रत्याशी-10**
  सपा-पुष्पेन्द्र सरोज
  भाजपा-विनोद कुमार सोनकर
  बसपा-शुभ नारायण
  अपना दल (कमेरावादी)-नरेन्द्र कुमार
- **बाराबंकी (अजा) -प्रत्याशी-13**
  कांग्रेस-तनुज पुनिया
  भाजपा-राजरानी रावत
  बसपा-शिव कुमार दोहरे,
- **फैजाबाद-प्रत्याशी-13**
  सपा-अवधेश प्रसाद
  भाजपा-लल्लू सिंह
  बसपा-सच्चिदानन्द पांडेय
- **कैसरगंज-प्रत्याशी-चार**
  भाजपा-करण भूषण सिंह
  बसपा-नरेंद्र पांडेय
  सपा-भगत राम
- **गोंडा-प्रत्याशी-आठ**
  भाजपा-कीर्तिवर्धन सिंह
  सपा-श्रेया वर्मा
  बसपा-सौरभ
- **लखनऊ पूर्व विधान सभा-प्रत्याशी-4**
  बसपा-आलोक कुशवाहा
  कांग्रेस-मुकेश सिंह चौहान
  भाजपा-ओपी श्रीवास्तव

मंगलवार को निर्वाचन कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा व अन्य।

चुनाव में मतदाताओं की उत्साह के साथ हो भागीदारी : रिणवा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रत्येक मतदाता को मतदान करने के बाद हो गर्व की अनुभूति
- 'बुलावा टोली' के जरिए मतदाताओं से किया जाए सम्पर्क

अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं का उत्साह के साथ भागीदारी जरूरी है। प्रत्येक मतदाता को मतदान करने के बाद गर्व की अनुभूति होनी चाहिए। निर्वाचन अधिकारी 'बुलावा टोली' के जरिये मतदाताओं से सम्पर्क बनाकर मतदाताओं को प्रेरित करने का कार्य करें। रिणवा मंगलवार को निर्वाचन कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने पांचवें व छठे चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस दौरान मतदाता जागरूकता संबंधी आयोजित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों व गतिविधियों में और गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता के पास मतदाता पर्ची न होने पर भी मतदाता सूची में उसका नाम देखते हुए मतदान कराया जाए।

निर्वाचन क्षेत्रों में स्वीप गतिविधियों के लिए जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन किया जाए। उन्होंने प्रत्येक मतदान केन्द्र पर वोटर असिस्टेंस बूथ बनाने और इस पर बीएलओ की उपस्थिति व मतदाता सूची की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने कहा कि वोटर असिस्टेंस बूथ की पहचान के लिए संकेतक भी लगाए जाएं। मतदाता पर्ची का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराया जाए।

विपक्षियों का इंडी गठबंधन भ्रष्टाचार बचाओ अभियान : नड्डा

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार : भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्षियों का इंडी गठबंधन भ्रष्टाचार बचाओ अभियान है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर संकेत करते हुए कहा कि जो अमेठी का नहीं हुआ, वह रायबरेली का क्या होगा। नड्डा मंगलवार को अमेठी रामलीला मैदान में पार्टी प्रत्याशी स्मृति इरानी के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इनके शासनकाल में चीनी घोटाला, लैपटॉप, अनाज, हेलीकॉप्टर व चारा घोटाले हुए हैं। राहुल

गांधी संविधान लेकर घूमते हैं पर संविधान के विरुद्ध पिछड़ी जातियों का आरक्षण काटकर धर्म के आधार पर मुसलमानों को दे दिया।

उन्होंने कहा कि 10 वर्षों में भारत विकसित राष्ट्र बनने का सपना लेकर चल रहा है। भारत 5वीं अर्थव्यवस्था बन गया है। अगले पांच वर्षों में तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा। इस दौरान तीन करोड़ नए मकानों का निर्माण होगा। पांच वर्षों में बिजली बिल मुफ्त होगा। तीन करोड़ लखपति दीदी बनेंगी। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि 70 वर्ष पार कर चुके सभी महिला-पुरुषों का पांच लाख का निशुल्क इलाज कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अमेठी में कृषि विज्ञान केंद्र समेत अनेक विकास कार्य हुए हैं। अमेठी को देश को बड़े नगरों की लाइन में लाकर खड़ा किया गया है। कांग्रेस को राष्ट्र विरोधी, राम विरोधी व सनातन विरोधी बताते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कोर्ट में राम को काल्पनिक कहा था। राहुल, सोनिया गांधी, लालू व अरविंद केजरीवाल सब 'पैरोल' पर हैं कुछ भ्रष्टाचारी जेल में हैं।

7वें चरण में 13 सीटों के लिए कुल 317 नामांकन

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में 7वें चरण की 13 सीटों पर चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम 134 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इन सीटों पर अब तक 317 नामांकन हो चुके हैं। सोनभद्र की दुद्धी (अजजा) विधानसभा सीट के लिए चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इस सीट पर कुल आठ प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। प्रत्याशी 17 मई को नाम वापसी कर सकेंगे। 1 जून को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मंगलवार को महराजगंज में नौ, गोरखपुर में 16, कुशीनगर में पांच, देवरिया में दो, बांसगांव (अजा) में पांच, घोसी में सात, सलेमपुर में छह, बलिया में नौ, गाजीपुर में सात, चंदौली में छह, वाराणसी में 27, मिर्जापुर में 19 व राबर्ट्सगंज (अजा) सीट पर 16 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि महराजगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कांग्रेस से वीरेंद्र चौधरी, राबर्ट्सगंज (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए समाजवादी पार्टी से दो प्रत्याशियों मुनिया व जीतेन्द्र कुमार और अपना दल (सोनेलाल) से पिंकी सिंह ने नामांकन किया।

किसानों का कर्ज होगा माफ : राहुल

संवाददाता, उरई/झांसी

अमृत विचार : कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को झांसी में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ चुनावी जनसभा कर किसानों और नौजवानों का दर्द बयां कर वोट मांगे। कहा, केंद्र में गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। उन्होंने झूठे वादे करने वाली भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। इससे पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जालौन में सभा कर कहा कि भाजपा ने बुंदेलखंड को धोखा दिया है, जिसका इस चुनाव में जवाब देना होगा।

झांसी में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप जैन के पक्ष में माहौल बनाने पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार आ रही है। गठबंधन की सरकार देश में क्रांतिकारी काम करेगी। किसानों का कर्ज माफ करेंगे। नौजवानों को नौकरी देंगे। नरेन्द्र मोदी ने देश के

झांसी में आयोजित जनसभा में गदा लहराते सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी।

- झांसी में राहुल गांधी ने अखिलेश यादव के साथ की सभा

22 उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया है, लेकिन किसानों का कर्ज नहीं माफ किया।

उन्होंने इंडिया गठबंधन के सभी प्रत्याशियों को ऐतिहासिक मतों से जिताने की अपील करते हुए कहा कि गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों और नौजवानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जालौन में इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी नारायण दास अहिरवार के समर्थन में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि चार चरणों के चुनाव में भाजपा धराशायी हो गई है।

रायबरेली के पुलिस अधीक्षक के खिलाफ एसआईटी गठित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आईजी रेंज व डीआईजी सुरक्षा टीम में शामिल
- 03 जुलाई को लिया जाएगा एसपी अभिषेक का बयान

अमृत विचार: हाईकोर्ट के आदेश पर रायबरेली के पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के खिलाफ डीजीपी ने विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित कर दी है। आईजी रेंज तरुण गाबा के नेतृत्व में बनाई गई कमेटी में डीआईजी सुरक्षा वीके सिंह भी शामिल हैं। जांच शुरू कर दी गई है और 03 जुलाई को एसपी अभिषेक अग्रवाल का बयान लिया जाएगा। रायबरेली के खीरो थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला की याचिका पर हाईकोर्ट ने यह आदेश दिया था।

महिला याचिकाकर्ता गोमती मिश्रा (70) ने आरोप लगाया था कि उनके बेटे अलख मिश्रा (29) को पुलिस ने 31 मार्च की रात चोरी करने और हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। जहां से गिरफ्तारी की गई वहां एक पेट्रोलपंप है। पेट्रोलपंप पर लगे सीसीटीवी में गिरफ्तारी का पूरा घटनाक्रम रिकॉर्ड हो गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके बेटे अलख के पास एमबीए डिग्री है। अलख का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। चोरी के झूंठे मामले में फंसाया गया है। कारणों का हवाला देते हुए उसने कहा कि बेटे अलख मिश्रा ने रायबरेली के एसपी अभिषेक अग्रवाल को निजी वाहन देने से इनकार कर दिया था। इसी से नाराज होकर एसपी ने अन्य आरोपों में बेटे को गिरफ्तार कराया। याचिका में रायबरेली जनपद के खीरो और सरेनी थाने के पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच की भी मांग की थी।

एडीजी, लखनऊ जोन अमरेंद्र कुमार सेंगर ने बताया कि मुख्यालय से एसआईटी का गठन कर दिया गया है। आईजी रेंज तरुण गाबा के नेतृत्व में जांच शुरू की गई है। जो भी रिपोर्ट आएगी, उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया जाएगा।

आईजीआरएस पर 2022 से 10 विभागों की शिकायतें लंबित

अमृत विचार, लखनऊ : एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पर आईं शिकायतों (संदर्भ) की अफसरों ने अनदेखी की। शासन ने प्रदेशभर में दर्ज शिकायतों की समीक्षा की तो पोर्टल पर वर्ष 2022 से अप्रैल 2024 तक 10 विभागों की शिकायतें लंबित और डिफाल्ट श्रेणी में मिलीं। 15 दिन में इनका निस्तारण न होने पर प्रतिकूल प्रविष्टि देने की चेतावनी दी गई है।

शासन की समीक्षा में उच्च शिक्षा विभाग की सबसे ज्यादा 4,196 शिकायतें लंबित और डिफाल्ट मिलीं। इसी तरह अवस्थापना एवं ओद्योगिक विकास की 325, ऊर्जा 301, बेसिक शिक्षा 210, न्याय विभाग 170, खाद्य सुरक्षा एवं औषधीय प्रशासन 414, नगर विकास 118, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन 113, समाज कल्याण 108, पशुपालन 104 व पंचायती राज विभाग की 10 से अधिक शिकायतें रहीं। सभी शिकायतों को 15 दिन के अंदर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। लंबित मामले मिलने पर संबंधित अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने की चेतावनी दी गई है।

अयोध्यावासियों को बीएसएनएल की 4जी सेवा इसी माह से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: राम नगरी अयोध्या में इसी महीने के आखिर तक बीएसएनएल के उपभोक्ताओं को 4जी की सेवा मिलने लगेगी। राम मंदिर बन जाने से पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है तो बीएसएनएल ने अपने टावरों को अपडेट किया। 41 नए बीटीएस (बेस ट्रांसीवर स्टेशन) लगा दिए।

बीएसएनएल मुख्यतः धार्मिक स्थलों को प्राथमिकता दे रहा है जिससे कि आने वाले पर्यटकों को असुविधा का सामना न करना पड़े। अयोध्या में लगातार पर्यटकों की आवाजाही रहती है। वहां बीएसएनएल उपभोक्ताओं को 4जी सेवा नहीं मिल पा रही है। अब 4जी सेवा शुरू होने से उनका इंटरनेट की स्पीड में इजाफा होगा। इसके आलावा वाराणसी और प्रयागराज में लगभग 300 बीटीएस लगाए गए हैं और जून की आखिर तक इन शहरों की 150 जगहों पर बीएसएनएल की 4जी सेवा शुरू हो जाएगा।

4G BSNL Connecting India

- महीने के आखिरी हफ्ते से मिलने लगेगी बीएसएनएल की 4जी सेवा
- वाराणसी और प्रयागराज में जून तक शुरू हो जाएगी 4जी सेवा

अयोध्या में 4जी की सुविधा इस महीने की आखिर तक शुरू हो जाएगी। और इसके बाद वाराणसी और प्रयागराज में जून तक कुछ जगहों पर 4जी की सुविधा मिलने लगेगी। इस साल की आखिर तक प्रदेश के 80 प्रतिशत उपभोक्ताओं को 4जी की सुविधा मिलने लगेगी। कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। उपभोक्ताओं को निशुल्क सिम बदलने की सुविधा दी जा रही हैं।

-अभिनव कुमार वर्मा, उप महाप्रबंधक मोबाइल सेवा (परियोजना)

संविधान और आरक्षण के मुद्दे पर जनता को भ्रमित कर रहा है विपक्ष : जयंत चौधरी

अमृत विचार, लखनऊ : रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा कि विपक्ष के पास मुद्दों का अभाव है, इसलिए वह संविधान और आरक्षण के मुद्दे उठाकर जनता को भ्रमित करने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में न तो संविधान को खतरा है और न ही आरक्षण को कोई खतरा है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष, लखनऊ में रालोद के प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि उप्र. के चार चरणों के चुनाव से स्पष्ट हो गया है कि सभी सीटों पर एनडीए का पलड़ा भारी है। रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने मंगलवार को बताया कि जयंत चौधरी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नामांकन में शामिल होने के वास्ते लखनऊ पहुंचे थे। यहां उन्होंने, प्रदेश पदाधिकारियों को सभी जिलों में एनडीए से समन्वय बना कर काम करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने एनडीए के प्रत्याशियों को विजयी बनाने में रालोद कार्यकर्ताओं की मजबूत भूमिका निभाने के लिए संगठन को निर्देश दिए हैं।

डॉ.एके सचान के खिलाफ केजीएमयू कसेगा शिकंजा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ईडी की सिफारिश को राज्य सरकार ने लिया संज्ञान जारी किया आदेश

अमृत विचार : केजीएमयू में फार्माकोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.ए के सचान के खिलाफ शिकंजा कसेगा। ईडी द्वारा लगाए गए आरोपों पर कार्रवाई केजीएमयू प्रशासन करेगा। इसके लिए केजीएमयू प्रशासन द्वारा आगामी कार्यपरिषद में प्रकरण रखा जायेगा। राज्य सरकार ने कार्रवाई करने के निर्देश 11 मई शनिवार को अमृत विचार में खबर प्रकाशित होने के बाद केजीएमयू प्रशासन को दिए हैं।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के अनुसचिव ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ल ने उपनिदेशक, प्रवर्तन निदेशालय लखनऊ के 1 मई 2024 के पत्र का संज्ञान लेते हुए केजीएमयू कुलपति को पत्र जारी किया है। पत्र में उन्होंने फार्माकोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ.एके सचान के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की सिफारिश की है। ईडी द्वारा की जांच व कार्रवाई की संस्तुति और संबन्धी पत्र भी केजीएमयू को प्रेषित किए गए हैं। मालूम हो कि विभागाध्यक्ष डॉ.एके सचान के खिलाफ, प्राइवेट प्रैक्टिस, निजी अस्पताल संचालन और आय से अधिक संपत्ति आदि आरोप लग चुके हैं। ईडी ने स्वयं से संज्ञान लेकर आय से अधिक संपत्ति की जांच की थी। जांच में डॉ. सचान के पास आय से अधिक अकूत संपत्ति मिली थी, बीते दिनों जांच रिपोर्ट को भेजते हुए ईडी ने राज्य सरकार से सीबीआई जांच करने की सिफारिश भी की थी।

ऑनलाइन गैंबलिंग गेम तैयार कर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : फर्जी काल सेंटर खोलकर विदेशी हैकरों व साइबर फ्राड करने वालों के द्वारा संचालित किए जा रहे फर्ज़ी टेलीग्राम आईडी प्राप्त कर ऑनलाइन गैंबलिंग गेम तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले एक गिरोह के सरगना को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ ने सरगना को ओम प्लाजा अपार्टमेंट से पकड़ा। इसके खिलाफ साइबर फ्राड का एक मामला बंगलूरू में भी दर्ज है। एसटीएफ डीएसपी धर्मेश कुमार शाही ने बताया कि एसटीएफ मुख्यालय को कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि फर्जी काल सेंटर खोलकर एक गिरोह द्वारा वेबसाइट संचालित की जा रही है। जिसके माध्यम से फर्जी टेलीग्राम आईडी प्राप्त कर ऑनलाइन गैंबलिंग गेम तैयार कर लोगों के साथ धोखाधड़ी की जा रही है। सोमवार की शाम सूचना मिली कि फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाला सरगना मो. दानिश ओम प्लाज़ा अपार्टमेंट के कार्यालय संख्या 6 में मौजूद है। जिसके बाद उसे पकड़ा गया।

एसपी ने कराई किरकिरी, बचाव में जुटे अधिकारी

विनय सिंह, लखनऊ

सीतापुर हत्याकांड

- अफसरों ने बुधवार तक खुलासे का किया दावा
- मनोरोगी और नशेड़ी वाली थ्योरी से बैकफुट पर पुलिस

अमृत विचार : सीतापुर हत्याकांड में अपनी गलतियों के कारण चर्चा में आए एसपी सीतापुर के कारण जहां एक ओर विभाग की किरकिरी हो रही है, वहीं अब उच्चाधिकारी एसपी का बचाव भी कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि थाने में दी गई तहरीर में मनोरोगी और नशेड़ी होने की बात लिखी थी, इसलिए बोल दिया था। जघन्य हत्याकांड के कारण एसपी दबाव में रहे होंगे।

मालूम हो कि सीतापुर के रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र में एक ही परिवार के छह सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। इस पर सीतापुर पुलिस ने बिना ठोस छानबीन के हत्याकांड में मृतक अनुराग को ही हत्याकांड का आरोपी बताया था। इसके अलावा नशेड़ी और मनोरोगी भी बता दिया था। हालांकि जब जांच आगे बढ़ी तो सीतापुर पुलिस के दावों को पोल खुल गई। एसपी के बयान को लेकर पुलिस मुख्यालय के शीर्ष अधिकारी भी हैरत में थे। बाद में यह बयान सोशल मीडिया एवं मीडिया आदि प्लेटफार्मों पर वायरल होने के बाद विभाग की किरकिरी होने लगी। हालांकि शीर्ष अधिकारी ने देरी न करते हुए तत्काल आईजी तरुण गाबा को भेजा और बाद में एडीजी अमरेंद्र कुमार सेंगर स्वयं पहुंचे। एसटीएफ ने भी जांच में सहयोग करना पड़ा। जांच की प्रगति को लेकर शीर्ष अफसर अभी भी कुछ नहीं बोल रहे हैं। हालांकि बुधवार को खुलासा करने की बात जरूर कह रहे हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र बोले, रिश्तेदार नहीं, लेकिन न्याय मिले

सीतापुर हत्याकांड में मृतका प्रियंका सिंह (35) की रिश्तेदारी उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह के परिवार से जोड़ते हुए कुछ खबरें पूरे दिन सोशल मीडिया में वायरल होती रही। इसको लेकर पुलिस के शीर्ष अफसरों ने भी अनभिज्ञता जाहिर की। अमृत विचार संवाददाता ने वीर बहादुर सिंह के पुत्र एवं उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक के सभापति जितेंद्र बहादुर सिंह से इस विषय पर बात की। उन्होंने बताया कि मृतका के परिवार से हमारे परिवार की कोई सीधी रिश्तेदारी नहीं है। लेकिन अगर किसी को न्याय मिलता है तो अच्छी बात है। मुझे घटना के बारे में मीडिया के माध्यम से ही जानकारी मिली है।

दरअसल पुलिस को दी गई तहरीर में मनोरोगी और नशेड़ी जैसी बात लिखी हुई थी। संभवत : इसीलिए एसपी ने बोल दिया होगा। जघन्य हत्याकांड के कारण जिले का शीर्ष अधिकारी बहुत दबाव में होता है। फिलहाल एसपी सही दिशा में जांच कर रहे हैं। लगातार जांच रिपोर्ट ली जा रही है। बुधवार शाम तक हम घटना के अनावरण की स्थित में आ जाएंगे।

-अमरेंद्र सिंह सेंगर, एडीजी, लखनऊ जोन

किसान सीखेंगे प्राकृतिक खेती का तरीका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 17 से 25 तक बच्चों की छुट्टी के बाद लगेगी पाठशाला
- द मिलियन फार्मर्स स्कूल के तहत विद्यालयों में होगा आयोजन

अमृत विचार: प्रदेश में 17 से 25 मई तक द मिलियन फार्मर्स स्कूल (किसान पाठशाला) लगेगी जहां किसानों को खरीफ फसलों के साथ प्राकृतिक खेती की विधि बताई जाएगी। आपदा से निपटने तक के तरीके भी विशेषज्ञों द्वारा सिखाए जाएंगे।

जिलों की ग्राम पंचायतों पर 17 से 25 मई तक दो दिवसीय किसान पाठशाला का कृषि विभाग आयोजन करेगा। प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की छुट्टी होने के बाद दोपहर 2.30 से शाम 5.30 बजे तक पाठशाला लगेगी। इस डेढ़ घंटे की पाठशाला में खरीफ फसलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कृषि और उद्यान विभाग के विज्ञानी व पशुपालन, उद्यान, सिंचाई, मत्स्य, सहकारिता आदि विभाग के अधिकारी किसानों को धान की सीधी बोवाई, दलहन-तिलहन, मक्का व अन्य फसलों की कम लागत पर पैदावार की विधि बताएंगे। विभागों द्वारा योजनाएं, संसाधन और लाभ देने की जानकारी दी जाएगी। इसमें गोआधारित प्राकृतिक खेती मुख्य विषय रखा गया है। प्रगतिशील व पुरस्कृत किसान अपने अनुभव साझा करेंगे। पराली प्रबंधन, कृषि उत्पादक संगठन बनाना, डिजिटल क्रॉप सर्वे, आपदा प्रबंधन आदि विषयों पर जानकारी दी जाएगी।

शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि टयूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)
ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

शहर में आज

- आईटीएफ जूनियर टेनिस चैंपियनशिप के मुकाबले, गोमती नगर के विजयंत खंड स्टेडियम में, सुबह 8:30 बजे से
- हिल्टन कप के लिए महिला टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के मुकाबले, केडी सिंह बाबू स्टेडियम, सुबह 10:00 बजे से
- पुस्तक मेला, हजरतगंज व कृष्णा नगर मेट्रो स्टेशन, दोपहर 11:00 बजे से
- राज्य स्तरीय अंडर-17 सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता, गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, कुर्सी रोड, सुबह 11:00 बजे
- इंदिरानगर में सीएसआईआर-केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर कार्यशाला सुबह 11:00बजे

प्रतिदिन भेजना होगा प्रार्थनास्थल का फोटो, 40 मिनट की कक्षा अनिवार्य

सत्र 2024-25 का शैक्षिक कैलेंडर जारी, शिक्षा महानिदेशक ने कड़ाई से पालन करने के दिए आदेश

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार: शैक्षिक सत्र 2024-25 में बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों को शिक्षिकाओं एवं बच्चों सहित प्रार्थना स्थल का एक फोटोग्राफ प्रतिदिन लेना होगा और उसे संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी को भेजना होगा। फोटोग्राफ को अपने टैबलेट में सुरक्षित भी रखना होगा। इतना ही नहीं, लगाई जाने वाली कक्षा 40 मिनट से कम नहीं होगी।

बच्चों को ये सामान्य जानकारी देना अनिवार्य

शिक्षण कार्य करने से पहले शिक्षकों की ओर से बच्चों से अनौपचारिक बातचीत, जिसके अन्तर्गत स्वयं का परिचय, बच्चों का परिचय व उनके परिवार, गांव, तहसील, जनपद, राज्य एवं देश के बारे में बताना होगा। साथ ही विद्यालय की उपलब्धियां सामान्य प्रशासन के बारे में जानकारी देकर बच्चों को कक्षा शिक्षण के लिए सहज किया जायेगा। साथ ही निर्धारित विषय संबंधी पाठ्यक्रम रोचक ढंग से पढ़ाना होगा।

इस माह ये देनी होगी जानकारी

बच्चों को परिवेश के आस-पास में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों यथा- हवा, धूप, पानी, पेड़, पौधों तथा सामान्य कौतुहल का विषय जैसे हवा का चलना, आंधी का आना, पानी बरसना, ओले गिरना, सूरज का उदय, अस्त होना आदि घटनाओं के बारे में बच्चों को तथ्यात्मक जानकारी दी जायेगी। बच्चों को प्रत्येक विषय में गृह कार्य ग्रीष्मावकाश अवधि में दिया जायेगा। निर्धारित कैलेंडर के अनुसार, मीना मंच की गतिविधियों का आयोजन कराया जाएगा।

शिक्षा महानिदेशक ने शैक्षिक कैलेंडर जारी करते हुए सभी जनपदों से कड़ाई से पालन करने का आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया कि विद्यालय में शिक्षण कार्य शुरू होने से 15 मिनट पूर्व प्रातः कालीन प्रार्थना सम्पन्न करायी जाय। प्रार्थना के बाद राष्ट्रगान फिर 5 से 7 मिनट ध्यान, मेडिटेशन बच्चों से कराया जाय। फिर पढ़ाई शुरू करानी होगी। विषय को सकारात्मक वातावरण में पठन-पाठन कराया जाएगा।शैक्षिक पंचांग का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

यदि शैक्षिक पंचांग में निर्धारित समय-सारिणी का अनुपालन नहीं किया जा सका है, तो उसकी प्रतिपूर्ति के लिए अतिरिक्त कक्षा की व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने कहा है कि सभी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए रुचिपूर्ण तरह से पढ़ाया जाये और और शारीरिक विकास के लिए खेल गतिविधि हर हाल में कराई जाएं।

शैक्षिक सत्र 2024-25 में अप्रैल से लेकर मार्च 2025 तक एकेडमिक कैलेंडर जारी किया गया है। इसका सख्ती से पालन कराने के आदेश सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को दिया गया है। इसके साथ ही कैलेंडर की कॉपी भी सभी विद्यालयों में उपलब्ध करवा दी गई है।

-कंचन वर्मा, शिक्षा महानिदेशक

प्रधानमंत्री कल शहर में

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी में लोक सभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 16 मई को दौरा प्रस्तावित है। वह राजभवन में रात्रि विश्राम कर सकते हैं। सुरक्षा के लिहाज से प्रधानमंत्री की सेवा में तैनात होने वाले 17 कर्मचारियों की फ्री फॉर्म इंफेक्शन (एफएफआई) की जांच हुई है। अफसरों का दावा है कि इस तरह की जांच पहली बार कराई गई है। फिलहाल कोई भी कर्मचारी संक्रमित नहीं पाया गया है। वहीं फूड सेफ्टी की टीम ने भी राजभवन पहुंचकर मानकों को जांचा है। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि पीएम का प्रोटोकाल होता है। उसी के तहत जांच हुई। यह देखने के लिए कि कर्मचारियों को किसी तरह का संक्रमण न हो।

एक नजर

इस वर्ष का अपूर्वा सम्मान पद्मश्री गौरव खन्ना को

अमृत विचार, लखनऊ : वर्ष 2024 का अपूर्वा सम्मान पद्मश्री गौरव खन्ना को दिया जाएगा। अपूर्वा साहित्य व समाज सेवा के क्षेत्र में 29 साल से कार्यरत है। अपूर्वा सम्मान के निर्णायक मंडल की मंगलवार को हुई बैठक के बाद संस्था के सचिव संजय मल्होत्रा हमनवा ने इसकी घोषणा की। पद्मश्री गौरव खन्ना से पूर्व यह सम्मान पद्मविभूषण अमृता प्रीतम, पद्मश्री बेकल उत्साही, पद्मश्री विद्या बिंदु सिंह, अदम गोंडवी और प्रो. रवि भट्ट आदि को दिया जा चुका है।

लखनऊ के 41 केदों पर सीयूईटी आज, 38138 छात्राएं होंगे शामिल

अमृत विचार, लखनऊ : कॉमन यूनिवर्सिटी टेस्ट (सीयूईटी) की परीक्षा लखनऊ के 41 केंद्रों पर बुधवार से शुरू होगी। परीक्षा में 28138 छात्र- छात्राएं शामिल होंगे। सुबह 8:00 बजे से शुरू होने वाली परीक्षा तीन दिनों तक चलेगी। देश के सभी केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालय में स्नातक में प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। राजधानी में लखनऊ और आसपास के छात्रों की ऑफलाइन मोड में लगातार चार दिन परीक्षाएं चलेगी। 16 मई को 20564, 17 मई को 5200 और 18 में को 3082 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। इसके अलावा 21-22 और 23 मई को ऑनलाइन यानी कंप्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा होगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से पहले दिन केमिस्ट्री, बायोलॉजी, इंग्लिश और जनरल टेस्ट की परीक्षा आयोजित की जा रही हैं।

विकसित हो रहे शहरों में लखनऊ को दुनिया में 5वें नंबर पर लाने का होगा प्रयास : राजनाथ

अवध चौराहे पर जनसभा में रक्षा मंत्री ने योगी की प्रशंसा कर शहरवासियों को दिलाया विकास का विश्वास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊवासियों को विश्वास दिलाया है कि लखनऊ के बारे में अटल बिहारी वाजपेयी के सपने को साकार कर हमने धरातल पर उतारने की कोशिश की है और आगे भी करता भी रहूंगा। विकसित हो रहे शहरों में लखनऊ दुनिया में दसवें नंबर पर है और मेरी कोशिश होगी कि यह पांचवें नंबर पर आ जाए। रक्षा मंत्री ने कहा कि लखनऊ के विकास के लिए योगी आदित्यनाथ ने पूरा सहयोग दिया है।

लखनऊ के सांसद व भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में लखनऊ के अवध चौराहा पर मंगलवार को आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित किया। यहां राजनाथ सिंह ने कहा कि मैंने योगी आदित्यनाथ जो भी कहा, क्षण भर भी विलंब किए बिना उन्होंने तत्काल स्वीकृति प्रदान की। यही कारण है कि लखनऊ का विकास तेजी से हुआ है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि पाकिस्तान के सांसद फजलुर्रहमान ने कहा कि भारत इतनी तेजी से विश्व की महाशक्ति बन रहा है, लेकिन पाकिस्तान अपने को बर्बादियों से बचाने के लिए विश्व से भीख मांग रहा है। सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था भारत की है।

लोगों को अभिनंदन करते मुख्यमंत्री, रक्षा मंत्री, उपमुख्यमंत्री, महापौर व अन्य। अमृत विचार

अटल के सपनों को राजनाथ ने किया साकार : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कैंट स्थित अवध चौराहे पर जनसभा को संबोधित किया। रक्षामंत्री और लखनऊ के वर्तमान सांसद व लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी राजनाथ सिंह के समर्थन में रैली को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि सांसद के रूप में राजनाथ सिंह का कार्यकाल पूरी तरह लखनऊ के विकास के लिए समर्पित रहा है। विकास कार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज लखनऊ स्मार्ट सिटी के रूप में नये प्रतिमान स्थापित कर रहा है।

पारा 40 पार, उत्साह 400 पार

राजीव शुक्ला, लखनऊ

अमृत विचार : चिलचिलाती गर्मी में पारा करीब 40 के पार था लेकिन समर्थकों में 400 सीट पार के भविष्य का उत्साह साफ झलक रहा था। तपिश में टपकते पसीने से बेपरवाह उत्साही कार्यकर्ता ढोल-नगाडे.की थाप का शोर थमने नहीं दे रहे थे। नारों पर थिरकता युवाओं का हुजूम अवध चौराहे के इर्द-गिर्द तब तक डटा रहा, जब तक रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी आदित्यनाथ मंच पर नहीं आ गए। जोशीले युवकों की टोली की जुबान पर जय श्री राम, लखनऊ बोले अबकी बार पांच लाख पार और चार सौ पार का न थमने वाला उद्घोष।

मौका था सिंगार नगर अवध चौराहे पर मंगलवार को भाजपा की ओर से आयोजित की गई चुनावी सभा का। भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक शाम साढ़े चार बजे से ही सभा स्थल पर पहुंचने गए। प्रतिष्ठान संचालित करने वाले व्यापारी भी पीछे नहीं थे। थोड़ा सा शटर खिसकाया और दुकान के बाहर आ खड़े हुए। सड़क के दोनों ओर लोगों की मौजूदगी थी तो आसपास बने घरों के लोग भी अपनी छतों पर थे। मंच से जनसमुदाय का अभिवादन करने पर समर्थक भाजपा और भगवा झंडा लहराकर उनका साथ देते हैं।

जनसभा के दौरान मोदी का मोह कार्यकर्ताओं के सिर चढ़कर बोला। अमृत विचार

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, लोकसभा संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा मेयर सुषमा खर्कवाल, पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया, केपी सिंह, डॉ. राघवेंद्र शुक्ला, विधानसभा संयोजक मानसिंह, प्रभारी सुधीर हलवासिया, अशोक तिवारी, विधानसभा सहसंयोजक विनायक पांडेय आदि।

रक्षामंत्री व मुख्यमंत्री के बीच... पहले आप, पहले आप

जनता के उद्बोधन को लेकर मंच पर रक्षामंत्री ने मुख्यमंत्री की ओर देखा और कहा कि पहले आप ही जनसभा को संबोधित करें। लेकिन, प्रदेश के मुखिया ने भी तपाक से 'पहले आप' कहकर माइक की ओर इशारा कर दिया। वरिष्ठता और अपनत्व का बोध कराने वाला यह सिलसिला तब रुका जब रक्षामंत्री ने माइक संभाला। सांसद भी पीछे नहीं रहे। संबोधन के बाद मुस्कराते हुए उन्होंने कहा... अब पहले आप नहीं... अब आपकी ही बारी। इस पर मुस्कराते हुए मुख्यमंत्री ने मंच पर नारा लगा अपने उद्बोधन की शुरुआत की।

पहले संबोधन करने के लिए एक-दूसरे से अनुरोध करते मुख्यमंत्री और रक्षामंत्री।

जाम में फंसे रहे वाहन सवार पैदल निकलना भी रहा दूभर

अमृत विचार, लखनऊः अवध चौराहा के आसपास के प्रमुख रास्तों पर मंगलवार को करीब चार घंटे जाम की स्थिति बनी रही। वाहन चालक तो जाम में फंस ही रहे, पैदल राहगीरों का भी निकलना दूभर रहा। सबसे अधिक परेशानी कानपुर रूट पर आवाजाही करने वाली रोडवेज बसों व अन्य वाहनों की सवारियों को हुई।

शाम करीब चार बजे से भाजपा समर्थक अवध चौराहा की तरफ जुटने लगे। इससे कानपुर रोड पर आलमबाग बस अड्डा से लेकर अवध चौराहा पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गईं। इसके अलावा आलमबाग चौराहा से नहर चौराहा, कन्नौसी पुल तक, बकरी के पुल से नहर चौराहा, कानपुर से लखनऊ आलमबाग आने वाले रास्ते पर जाम की स्थिति बनी रही। गलियों में भी जाम की स्थिति रही। जाम के हालात रात करीब आठ बजे तक रहे। इस दौरान आलमबाग बस अड्डा से नहर चौराहा तक पूरे चार घंटे सबसे अधिक जाम की स्थिति रही।

रामपुर में फुटओवर ब्रिज हटाने के चलते कल बदला रहेगा 5 ट्रेनों का समय

लालकुआं-मुरादाबाद अनारक्षित स्पेशल ट्रेन निरस्त, एक अन्य का रूट बदला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर रेलवे के मुरादाबाद-बरेली खंड के रामपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 एवं 2 पर फुट ओवर ब्रिज के हटाए जाने के कार्य के कारण गुरुवार को 5 ट्रेनों के समय में परिवर्तन किया गया है।वहीं एक जोड़ी ट्रेन निरस्त की गई है जबकि एक अन्य का रूट बदला गया है। यह जानकारी पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज सिंह ने दी।

मेरठ सिटी से 16 मई को चलने वाली मेरठ सिटी-लखनऊ जं. राज्यरानी एक्सप्रेस (22454) मेरठ सिटी से 240 मिनट री-शेड्यूल कर चलाई जाएगी। जम्मूतवी से 15 मई को चलने वाली जम्मूतवी-गुवाहाटी लोहित एक्सप्रेस (15652) जम्मूतवी से 240 मिनट, लालगढ़ से 15 मई को चलने वाली लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस (15910) लालगढ़ से 240 मिनट, काठगोदाम से 16 मई को चलने वाली काठगोदाम-दिल्ली एक्सप्रेस (15036) काठगोदाम से 150 मिनट, रामनगर से 16 मई को चलने वाली रामनगर-मुरादाबाद एक्सप्रेस (25036) रामनगर से 150 मिनट देर से शेड्यूल की गई है। इसके अलावा लालकुआं से 16 मई को चलने वाली लालकुआं-मुरादाबाद अनारक्षित स्पेशल (05331) निरस्त रहेगी। मुरादाबाद से 16 मई, को चलने वाली मुरादाबाद-लालकुआ अनारक्षित स्पेशल (05332) निरस्त रहेगी। उधर नई दिल्ली से 16 मई को चलने वाली नई दिल्ली-काठगोदाम एक्सप्रेस (12040) निर्धारित मार्ग कटघर-रामपुर-लालकुआं के स्थान पर कटघर-काशीपुर-लालकुआं के रास्ते चलाई जाएगी।

आईआरसीटीसी श्रद्धालुओं को कराएगा शिरडी, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : आईआरसीटीसी लखनऊ पहली बार प्रत्येक गुरुवार को द्वितीय एवं तृतीय वातानुकूलित (इकोनॉमी) श्रेणी में आरक्षित बर्थ के साथ शिरडी, शनि सिगनापुर एवं त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग रेल यात्रा पैकेज संचालित करने जा रहा है। यह यात्रा चार रात्रि एवं पांच दिनों का है। इस पैकेज में पर्यटकों को द्वितीय अैर तृतीय वातानुकूलित (इकोनॉमी) श्रेणी मे स्थायी रेल आरक्षण के साथ यात्रा के दौरान तीन सितारा होटल, शिरडी में दो रात्रि ठहरने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस यात्रा में यात्रियों को पुष्पक एक्सप्रेस से जाने की सुविधा दी जाएगी। भ्रमण के लिए एसी वाहन की सुविधा मिलेगी। इस यात्रा के दौरान श्रद्धालु शिरडी, शनि सिगनापुर और त्र्यंबकेश्वर ज्योजिर्लिंग के दर्शन कर सकेंगे। इस यात्रा के लिए श्रद्धालु लखनऊ और कानपुर से ट्रेन पकड़ सकेंगे। द्वितीय श्रेणी में जाने वाले श्रद्धालु जो अकेले ही रुकना चाहते हैं, उनके लिए इसका शुल्क प्रति व्यक्ति 39905 रुपए निर्धारित किया गया है। दो लोगों के साथ ठहरने पर 23285 रुपए और तीन व्यक्ति के साथ एक साथ ठहरने पर 23285 रुपए प्रति व्यक्ति शुल्क निर्धारित किया गया है। इसी तरह से तृतीय श्रेणी में जाने वाले जो श्रद्धालु अकेले ठहरना चाहते हैं, उनके लिए प्रति व्यक्ति 37600 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। दो लोगों के एक साथ ठहरने पर 20980 रुपए प्रति व्यक्ति और तीन लोगों के एक साथ ठहरने पर 16815 रुपये प्रति व्यक्ति शुल्क निर्धारित किया गया है। बुकिंग पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर मिलेगी।

शाही इमाम को नोटिस

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ इमामबाड़े के प्रतिबंधित क्षेत्र में निर्माण के मामले में हाईकोर्ट सख्त

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने बड़े इमामबाड़े के उत्तर दिशा में अवैध निर्माण करने के आरोपों पर टीले वाली मस्जिद के शाही इमाम मौलाना फजलुल मन्नान रहमानी को नोटिस जारी किया है।

पीठ ने जिलाधिकारी को आदेश दिया है कि वह नोटिस तामील कराकर उसकी रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल करवाएं। साथ ही कोर्ट ने सरकार सहित एलडीए के अधिवक्ताओं को कहा है कि वे इस मामले में संबंधित लोगों से समुचित जानकारी प्राप्त करें। इस मामले में सुनवाई 17 मई को होगी। यह आदेश जस्टिस राजन राय और जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ऋषि त्रिवेदी आदि की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर पारित किया। याचियों की ओर से अधिवक्ता हरिशंकर जैन का तर्क था कि बड़े इमामबाड़े के उत्तर दिशा में नजूल खसरा नंबर 14 पर इमामबाड़े के ही शाही इमाम ने अवैध निर्माण करवाया है।

आज शाम अमीनाबाद जाने से बचें

▸▸ चुनावी जनसभा के चलते शाम चार से रात 10 बजे तक डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अमीनाबाद मुख्य बाजार में चुनावी जनसभा के चलते बुधवार को वाहन चालक इस ओर जाने से बचें। डीसीपी ट्रैफिक सलमान ताज पाटिल ने बताया कि शाम चार से रात 10 बजे के बीच डायवर्जन व्यवस्था लागू की गई है। इस दौरान ट्रैफिक से संबंधित समस्या आने पर ट्रैफिक कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकते हैं।

ट्रैफिक व्यवस्था में यह रहेगा बदलाव

- कैसरबाग अशोकलाट चौराहा से अमीनाबाद बाजार की तरफ नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग बर्लिंग्टन चौराहा होते हुए तय किय गया है।
- नत्था तिराहा व गुप्ता तिराहा से अमीनाबाद बाजार की तरफ नहीं जा सकेंगे। बर्लिंग्टन चौराहा होते हुए निकलें।
- गणेशगंज तिराहा से अमीनाबाद बाजार की तरफ नहीं जा सकेंगे। कैसरबाग बस अड्डा चौराहा होते हुए आवाजाही करें।
- गुईन रोड तिराहा से अमीनाबाद बाजार की तरफ नहीं जा सकेंगे। कैसरबाग बस अड्डा चौराहा होते हुए आवागमन करें।
- श्रीराम तिराहा से अमीनाबाद बाजार की तरफ नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग कैसरबाग बस अड्डा चौराहा या अशोकलाट चौराहा होते हुए बर्लिंग्टन चौराहा निर्धारित किया गया है।

स्वाद की दुनिया | नेपाल तक बिखरा था स्वाद का जादू, मौसम की मार से हो गया गायब

जुबान पर फिर से घुलेगी शरबती खरबूजे की मिठास

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी से नेपाल तक स्वाद का जादू बिखेरने वाले शरबती खरबूजे की मिठास फिर से जुबान पर घुलने वाली है।

कृषि वैज्ञानिक डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह लखनऊ के बीकेटी क्षेत्र की पहचान में शुमार रहे शरबती खरबूजे की उपज खत्म होने की वजह पता कर रहे हैं। अब तक के उनके शोध में सामने आया कि अधिक मिठास की वजह से फसल तैयार होते ही फलों में कीड़े लगने लगते थे। 90 के दशक तक पर्यावरण मुफीद होने की वजह से इस समस्या के बावजूद पैदावार ठीकठाक हो रही थी। बीकेटी से इन खरबूजों की सप्लाई तराई से लेकर नेपाल तक हो रही थी। लेकिन सन 2000 के बाद ग्लोबल वार्मिंग का असर किसानों को फायदा देने वाली फसल पर पड़ने लगा। बढ़ते तापमान की वजह से कीड़े लगने की समस्या बढ़ती गई और किसानों ने इस फसल से मुंह मोड़ लिया।

औषधीय गुणों से भरपूर

90 से 100 दिन में तैयार होने वाली फसल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। इसमें फैटी एसिड, कैरोटीन अमीनो एसिड्स, मिथाइल एसिटेट इथाइल एसिटेट, इथेनॉल, इथाइल ब्यूटेन, बेंजाइल एसीटेट, फिनायल मिथाइल एसिटेट, बेंजाइल एल्कोहल जैसे औषधीय तत्व पाए जाते हैं।

तनाव और ब्लड प्रेशर दूर करना हो तो करें सेवन

इस खरबूजे के सेवन से तनाव (हाइपरटेंशन) की समस्या बिल्कुल नहीं रहती। फल को लोशन बनाकर प्रयोग करने से पुराने एवं गंभीर एग्जिमा (त्वचा संबंधी रोग) को ठीक करने का कार्य करता है। एंटीऑक्सीडेंट गुण रखने वाले फल में एनाल्जेसिक, एंटीइन्फ्लेमेटरी गुण अधिक पाये जाते है, जो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखता है।

बीज का पाउडर थायराइड और शुगर के लिए लाभकारी

यदि आपके थायराइड और शुगर है, तो खरबूजे के बीज को पाउडर बनाकर सेवन करने से लाभ मिलेगा। इसका सेवन बुखार, पीलिया, शुगर, खासी, एनीमिया तथा पेट संबंधी विकार को दूर करता है। पेट संबंधी विकार को दूर कर ज्वर, कृमि और पुरानी खांसी के लिए लाभकारी है।

जर्म प्लाज्म से फिर की जाएगी खेती

विलुप्त होती फसलों के जर्म प्लाज्म कृषि अनुसंधान केंद्रों में सुरक्षित रखे जाते हैं। इसकी मदद ने नई फसल के बीज तैयार किए जाएंगे। पहले 30-35 डिग्री के तापमान में फसल तैयार होती थी। शरबती खरबूजे की सीजन मार्च से मई होता था। 90 के दशक तक इन महीनों में तापमान 30-35 डिग्री के बीच रहता था। लेकिन अब इन महीनों में पारा 42 के पार चला जाता है। मार्च से पहले बुआई करके अप्रैल के आखिर तक इसकी पैदावार ली सकती है। -डॉ. सत्येंद्र सिंह, कृषि वैज्ञानिक

आईआईटी से यूपी के बाल वैज्ञानिकों को मिलेगा प्रशिक्षण

प्रधानमंत्री इंस्पायर अवार्ड योजना में चयनित बच्चों को राष्ट्रीय स्तर की वैज्ञानिक मॉडल प्रदर्शनी में भेजने से पहले की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रधानमंत्री इंस्पायर अवार्ड मानक योजना 2022-23 में राज्य स्तर पर चयनित यूपी के बाल वैज्ञानिकों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने से पहले आईआईटी के वैज्ञानिक प्रशिक्षण देंगे। ताकि वह राष्ट्रीय स्तर पर अपना बेहतर प्रदर्शन कर सके।

पहली बार होने जा रहे इस तरह के प्रशिक्षण से छात्रों का लाभ मिलेगा। आईआईटी नई दिल्ली में 28 व 29 मई को होने जा रहे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में यूपी से चयनित बच्चों को मौका मिलेगा। जिसमें लखनऊ की छात्रा वैष्णवी का नाम भी शामिल है। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने चयनित 6 बाल वैज्ञानिकों की कार्यशाला में प्रतिभाग करवाने के लिए संबंधित जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश जारी कर दिया है।

11वीं राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी में मिलेगा मौका : आईआईटी में दिए जाने वाले इस वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य आगामी 11वीं राष्ट्रीय स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में चयनित बाल वैज्ञानिकों द्वारा अपने-अपने नवाचारी मॉडल्स के प्रभावी प्रस्तुतिकरण के सम्बंध में मार्गदर्शन मिल सकेगा। जिसमें प्रतिभाग करने वाले चयनित छात्र-छात्रा व उनके साथ एक सहयोगी के आने-जाने का खर्च राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान (एनआईएफ) की ओर से किया जायेगा। इस बारे में जेडी माध्यमिक डॉ. प्रदीप कुमार ने भी डीआईओएस को चयनित छात्रा को ससमय प्रतिभाग करवाने के लिए निर्देशित किया है।

राजधानी की वैष्णवी के वैज्ञानिक मॉडल का हुआ चयन

बीते वर्ष 8 दिसंबर को आयोजित हुई राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शन में लखनऊ मंडल के 6 जनपदों से रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल स्कूल, इन्दिरा नगर की कक्षा 9 की छात्रा वैष्णवी तिवारी का चयन हुआ था। वैष्णवी के चयनित मॉडल का शीर्षक डेफ एंड डम्ब प्रोजेक्ट है, जिसमें मूक व बधिर रूप के दिव्यांगों को एक ग्लब्स के माध्यम से उनकी बातों को प्रोग्रामिंग कर लिखित भाषा के रूप में प्रदर्शित करने की डिवाइस बनाई गई है,जिसका कुल खर्च मात्र 500 रुपये आया है।

इन बच्चों को मिलेगा प्रशिक्षण

आईआईटी में जिन बच्चों को प्रशिक्षण मिलेगा उसमें लखनऊ से छात्रा वैष्णवी, आगरा से दियांशु जैन, बुलंदशहर से वंदना शर्मा, गौतमबुद्ध नगर से अनय द्विवेदी, गाजियाबाद से आदित्य राज चोपड़ा और मिर्जापुर से अभिरूप वर्मा का नाम शामिल है।

राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी के लिए चयनितों को उनके द्वारा तैयार किये गए मॉडल्स के महत्व व आगामी संभावनाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आईआईटी नई दिल्ली के वरिष्ठ वैज्ञानिकों द्वारा तैयारी करवाई जाती है जिससे बाल वैज्ञानिकों को उनके नवाचारी प्रोजेक्ट के महत्व के बारे में भी बताय जायेगा।

– डॉ. दिनेश कुमार, मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी

परास्नातक परीक्षाओं की तिथियां घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक की विषयवार परीक्षा तिथियों को निर्धारित किया है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि एमए डिफेंस स्टडीज के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 5 से 15 जून तक चलेगी। वहीं इसी विषय से जुड़ी चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा 3, 6, 8 और 12 जून को होगी। एमए होम साइंस के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 6, 8, 11, 13 और 15 को आयोजित की जाएगी। 12 और 14 जून को होमसाइंस के चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा संपन्न होगी। उधर एमए जर्नलिज्म की परीक्षाओं के आयोजन 5, 6, 7, 11, 13 और 15 को होंगे। बीए ऑनर्स के चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा 5 जून से शुरू होगी। एमए हिन्दी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा का आयोजन 5 से 20 जून तक होगा।

एक नजर

प्रयोगात्मक परीक्षाएं 21 से

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 21 मई से शुरू होंगी। भौतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. एनके पाण्डे ने बताया कि 21 मई को बीएससी के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा होगी, जो 25 तक चलेगी। इसी तरह 18 से 21 जून तक बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन होगा। छठे सेमेस्टर की परीक्षा 4 से 7 जून तक चलेगी।

मध्यकमान अस्पताल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस

अमृत विचार, लखनऊ : कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कमान हॉस्पिटल, मध्य कमान की ओर से अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। जिसमें 'हमारी नर्सें हमारा भविष्य – देखभाल की आर्थिक शक्ति' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वैज्ञानिक सत्र और एक इंटरकॉलेजिएट क्विज आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि मेजर जनरल एए करमाकर ने स्वास्थ्य सेवा में नर्सिंग के महत्व को रेखांकित करते हुए इसके महत्वपूर्ण योगदान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि, अब परिप्रेक्ष्य और नीति में बदलाव की वकालत करने का उपयुक्त समय है, कि स्वास्थ्य के लिए नर्सिंग में निवेश पर रिटर्न अमूल्य है। कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी के डीन डॉ. अशोक कुमार बिश्नोई भी उपस्थित रहे।

दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाएंगे नए पाठ्यक्रम

पुनर्वास विवि में जुलाई से शुरू होंगे चार नए पाठ्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय चार ऐसे नए पाठ्यक्रम की शुरुआत करने जा रहा है जो दिव्यांग छात्र-छात्राओं का जीवन सवांरने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा। इसमें एमएससी ऑडियोलॉजी, स्पीच लैग्वेज पैथोलॉजी, पीजी डिप्लोमा में पीजी एवीटी (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन ऑडिटरी वर्बल थेरेपी) और डिप्लोमा इन हियरिंग एड इयरमोल्ड कोर्स शामिल किये गए हैं। यह कोर्स जुलाई से शुरू हो जाएंगे।

पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने बताया कि कुछ बच्चों में दिव्यांगता का स्तर ऐसा होता है कि वे साइन लैंग्वेज की मदद से अभिव्यक्ति में सक्षम नही होते हैं। सेरेब्रल पाल्सी (सीपी), ऑटिज्म जैसी बीमारियों से ग्रसित बच्चे मानसिक और शारीरिक तौर पर ऐसी अवस्था में पहुंच जाते हैं कि वो इशारों से भी पढ़ने और समझने में सक्षम नही होते। ऐसे बच्चों को पढ़ाई से जोड़कर उनके जीवन स्तर में सुधार लाने में यह नए पाठ्यक्रम कारगर होंगे। उन्होंने बताया कि उत्तर भारत में पहली बार इस विश्वविद्यालय में नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत हो रही है। यह स्लेबस भारतीय पुनर्वास परिषद दिल्ली से संबद्ध हैं।

कुलपति का कहना है कि हर पाठ्यक्रमों में 15 सीटों का निर्धारण हुआ है। इसमें आधी सीटें दिव्यांग छात्रों के लिए पहले से ही आरक्षित कर दी गई हैं। शेष सीटें सामान्य के लिए रहेंगी।

कोर्स पूरा कर दिव्यांगों के जीवन में लाएंगे उजाला

डिपार्टमेंट ऑफ ऑडियोलॉजी एंड स्पीच लैग्वेज पैथोलॉजी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुशांत गुप्ता का कहना है कि एमएससी ऑडियोलॉजी कोर्स पूरा करके निकलने वाले विशेषज्ञ उन दिव्यांगों को प्रशिक्षित करेंगे, जो ठीक से सुन नहीं सकते। एमएससी स्पीच लैग्वेज पैथोलॉजी शिक्षक उन बच्चों पढ़ाएंगे जो लकवाग्रस्त होकर बोलने में अक्षम हो चुके हों। ये पाठ्यक्रम दो वर्षीय होंगे।

प्रशिक्षक सिखाएंगे ज्ञान का ककहरा

डॉ. सुशांत गुप्ता ने बताया कि पीजी डिप्लोमा में पीजी एवीटी (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन ऑडिटरी वर्बल थेरेपी) के सहारे प्रशिक्षक उन दिव्यांग छात्रों को प्रशिक्षण देंगे, जो कुछ सुन तो सकते हैं लेकिन बोल नहीं सकते, दोनों ही परिस्थितियों को सामान्य किये जाने के लिए प्रशिक्षक एक वर्षीय डिप्लोमा में तैयार किये जाएंगे। डिप्लोमा इन हियरिंग एड इयरमोल्ड से जुड़े पाठ्यक्रम के प्रशिक्षक उन दिव्यांगों को प्रशिक्षण देंगे, जो कान की मशीन से थोड़ा बहुत ही सुन सकते हैं। इनकी सुनने की क्षमता को प्रभावी बनाने के साथ मशीन तैयार करने का भी प्रशिक्षण देंगे। ये कोर्स एक वर्षीय हैं।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सूचित हो कि मेरा नाम **विनोद कुमार पाण्डेय पुत्र राम शंकर पाण्डेय निवासी ग्राम पो ककवन कानपुर** है। लेकिन बैंक खाते विनोद कुमार पुत्र राम शंकर दर्ज है। लेकिन मेरा सही नाम विनोद कुमार पाण्डेय ही है। अतः इसी नाम से मुझे जाना जाय।

सूचना

सूचित करना है कि मेरी पालिसी संख्या 214727295 में मेरा नाम चंद्र शेखर सिंह दर्ज है, जबकि बैंक पासबुक, आधारकार्ड में मेरा नाम शेखर सिंह है। अतः चंद्र शेखर सिंह व शेखर सिंह दोनों नाम मेरे हैं और अब से मुझे **शेखर सिंह पुत्र पवन कुमार सिंह, निवासी–पश्चिम पुरवा मुजेड़ बेलसर, तहसील– तरबगंज जिला गोंडा** के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

सूचना

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र बमबहादुर को गलत चाल– चलन के कारण अपनी चल–अचल संपत्ति एवं संबंधों से बेदखल करता हूं। इनके किसी कृत्य से मेरा कोई वास्ता नहीं होगा। – प्रेमलाल यादव पुत्र मनीराम यादव, निवासी– ग्राम– जैतापुर, तहसील – तुलसीपुर, जिला– बलरामपुर

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम राजेश अग्रवाल था। वर्तमान में मैंने अपना नाम राजेश कुमार अग्रवाल रख लिया है भविष्य में मुझे राजेश कुमार अग्रवाल के नाम से जाना पहचाना जाये।– **राजेश कुमार अग्रवाल पुत्र बृजमोहन लाल अग्रवाल पता भटनागर कालोनी वार्ड द्वारिकापुरी लखीमपुर खीरी**

सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम ZAHIDA BEGAM W/O MOHD YAHYA D/O MOHAMAD IDOO था। जो कि आज दिनांक 30.04.2024 को मैंने अपना नाम बदलकर ZAHIDA KHATOON W/O MOHD YAHYA D/O MOHAMAD IDOO **निवासी– मोहल्ला– काजीपुरा उत्तरी, थाना को0 नगर जनपद बहराइच** रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम जाना व पहचाना जाये।

सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे दो पुत्र राहुल कुमार मिश्र व रोहित कुमार मिश्र हैं और बालिग है मेरे बड़े पुत्र राहुल कुमार मिश्र का चाल चलन ठीक नहीं है और परिवार के सदस्यों व मुझे प्रताड़ित करता है। मैं अपने बड़े पुत्र से त्रस्त होकर उसे अपने संपत्ति से बेदखल करता हूं, उसके किसी कार्य से हमारा कोई वास्ता नहीं है। **–विंदेश्वरी प्रसाद मिश्र पुत्र राजमन, हरनाटायर, मनकापुर गोंडा**

NOTICE

I, Jamuna Prasad S/o Late Ram Krishna R/o- 12/702, Indira Nagar Lucknow do and hereby declare that original Allotment letter for Plot No- E-1334/II-529 situated within Omaxe City (Aurangabad Khalsa) issued on 20.03.2009 has been lost. Original Allotment letter was issued by Omaxe Ltd. for First purchaser (Allotte) Mrs. Punam Gupta W/o Sanjeev Kumar. An FIR has been lodged in respect of loss original Allotment letter vide F.I.R. No- 20240000367624 dated 08.05.2024 by Jamuna Prasad who purchased the Plot on Re-sale.

NOTICE

I, Jamuna Prasad S/o Late Ram Krishna R/o- 12/702, Indira Nagar, Lucknow, do and hereby declare that original Allotment letter for Plot No- E-1333/II-528 situated within Omaxe City (Aurangabad Khalsa) issued on 20.03.2009 has been lost. Original Allotment letter was issued by Omaxe Ltd. for First purchaser (Allotte) Sanjeev Kumar S/o Late L.L. Gupta. An FIR has been lodged in respect of loss original Allotment letter vide F.I.R. No- 20240000367638 dated 08.05.2024 by Jamuna Prasad who purchased the Plot on Re-sale.

लोकतंत्र में एक मत भी महत्वपूर्ण : मनोजकांत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बीबीएयू में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

अमृत विचार : बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में द्वि - दिवसीय स्वच्छता एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्र धर्म प्रकाशन के प्रमुख मनोजकांत उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि लोकतंत्र में एक मत की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। क्योंकि ये आने वाले पांच वर्षों का भविष्य निर्धारित करता है। विवि के ऑफ एजूकेशन के संकायाध्यक्ष प्रो. राजशरण शाही ने कहा कि देश के पुनर्निर्माण में सबसे ज्यादा दायित्व भारत के नौजवानों का है।

समाजसेवी डॉ. एके हाशमी ने चर्चा के दौरान कहा कि शहीदों की कुर्बानियों को याद रखना बहुत जरूरी है। इसीलिए अपने देश की प्राचीन विरासत को बचाये रखने के लिए हमें सोच समझकर मतदान करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. तरूणा, डॉ. प्रणब आनंद, डॉ. मीना विश्वेश्वर अन्य शिक्षक एवं एनएसएस व विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे।

आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रबन्ध समिति श्री पुत्तू लाल त्रिवेदी माध्यमिक विद्यालय नेवदिया, सीतापुर ने अपनी बैठक दिनांकित 27.01.2022 में सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित करके विद्यालय के प्रबन्धक विपिन कुमार शुक्ला एवं ग्राम वासी प्रमोद कुमार मिश्र व अन्य के मध्य निष्पादित इकरारनामा दिनांकित 26.12.2021 को निरस्त कर दिया है। उक्त इकरारनामा निष्पादित करने से पूर्व में समिति ने प्रबन्धक महोदय को इस कार्य हेतु अधिकृत नहीं किया था। इसी प्रकार इकरारनामा पर हस्ताक्षर करने वाले मध्यस्थ ग्राम प्रधान बसन्तू ने अपने पंचों की बिना सहमति व उनकी बिना उपस्थिति के स्वयं अपना हस्ताक्षर बना दिया है। व्यक्तिगत स्तर पर निष्पादित उपरोक्त इकरारनामा दिनांकित 26.12.2021 विद्यालय के हितों के पूर्णतया प्रतिकूल है तथा प्रबन्ध समिति इसे अमान्य व अविधिक मानकर इसे पूर्णतया अस्वीकार करती है। आज दि. 13–05–24 से विपक्षियों द्वारा अवैध निर्माण करने पर यह गज़ट करना आवश्यक है। सूचनार्थ प्रकाशित।

अध्यक्ष
लाल जी जायसवाल
श्री पुत्तू लाल त्रिवेदी माध्यमिक विद्यालय
नेवदिया, सीतापुर

छात्रा को 80 हजार अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप मिली

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल कानपुर रोड कैम्पस की छात्रा अंशिका सिंह को उच्चशिक्षा के लिए अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ एरिजोना द्वारा 80 हजार अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप मिली है। अंशिका को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्च शिक्षा अवधि के दौरान दी जायेगी। छात्रा ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों व शांतिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि सीएमएस एसएटी (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (एपी) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।

एकेटीयू में कार्यशाला का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन नोएडा जोन से जुड़े संस्थानों के निदेशक शामिल हुए। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय पांडेय ने कहा कि यूजीसी की गाइडलाइन के तहत राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) पूरे देश के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को रेटिंग देती है। इसी को लेकर संस्थान से संबद्ध सभी कॉलेजों के निदेशकों और शिक्षकों को प्रशिक्षकों के माध्यम से ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मंगलवार को आयोजित कार्यशाला में हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय (एचबीटीयू) कानपुर की प्रो. वंदना कौशिक दीक्षित ने नैक से जुड़ी विशिष्टता पर प्रकाश डाला। इस दौरान अन्य जानकारियां भी साझा की गईं।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म

- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

आवश्यकता है

अमृत विचार, लखनऊ को इलेक्ट्रीशियन की

PLC वेस प्रिंटिंग मशीन की जानकारी हो

अनुभव :- न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का

वेतन :- योग्यता अनुसार

इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-

9518031113, 96516 43339

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

ऑफिस : 25/16ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ – 226001 (उ.प्र.)

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!

कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें

वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?

उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?

उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?

उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?

उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?

उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?

उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?

उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?

उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?

उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?

उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है

डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –

7080239313

7570060266

आलमबाग

पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी

परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया

पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस

परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

एक नजर

आठ रो-हाउस व दो व्यावसायिक निर्माण सील

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने मंगलवार को इंदिरा नगर व गुडम्बा में आठ रो-हाउस व दो व्यावसायिक निर्माण सील कर दिए। जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन पांच राजकुमार ने बताया कि सलीम सिद्दीकी व अन्य द्वारा कल्याणपुर के आदिल नगर में राम धर्म कांटा के पास लगभग 1,000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर भूतल व प्रथम तल पर निर्माण कराया जा रहा था। संजीव कुमार व अन्य द्वारा इंदिरा नगर के ग्राम जरहरा में बजरंग चौराहे से पहले लगभग 10,000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर आठ रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। दुर्गेश कुमार मौर्या द्वारा बजरंग चौराहे पर लगभग 1,000 वर्गफिट के भवन के द्वितीय तल पर व्यावसायिक उपयोग के लिए हॉल का निर्माण करवाया गया था।

पेंशन पाने के लिए तहसील में नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर

अमृत विचार, लखनऊ : सरकारी विभागों में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों और उनके आश्रितों को पेंशन के लिए दर-दर की ठोकरे नहीं खानी पड़ेगी। राज्य सरकार ने परिवारिक पेंशन में आने वाली दिक्कतों को खत्म कर सीधे पेंशन देने और छठे व 7वें वेतन आयोग का लाभ देने के भी निर्देश दिये हैं। । कोषागार निदेशालय निदेशक नील रतन कुमार ने स्पष्ट किया है, भाग-3 में कर्मचारी के साथ पत्नी की संयुक्त फोटो और परिवारिक पेंशनर के नाम व हस्ताक्षर आदि का विवरण पूर्व से ही अंकित है। इसलिए पुन : वेरीफिकेशन कराने को की जरूरत वास्तव में नहीं है। इसलिए स्थिर नियम का अनुपालन सुनिश्चित कर सुविधाजनक स्थिति में परिवारिक पेंशन उपलब्ध कराई जाये।

बसपा लोकसभा प्रत्याशी कल करेंगे रोड शो

अमृत विचार, लखनऊ : बसपा प्रत्याशी सरवर मलिक 16 मई को समर्थकों के साथ रोड शो करेंगे। मंगलवार को उन्होंने पत्नी शाहीन बानो और कार्यकर्ताओं के साथ कैंट विधानसभा क्षेत्र के मवईया, गड़ीकनौरा, गौस नगर, हैदरगंज इलाके में जनसंपर्क किया।

सभी वार्डों में नगर निगम बनाएगा मॉडल बूथ, 16 मतदान केंद्रों पर पिंक बूथ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी में 20 मई को लोकसभा चुनाव के लिए नगर निगम 16 मतदान केंद्रों पर पिंक बूथ बनाएगा। इन बूथों पर केवल महिला कर्मचारी तैनात की जाएंगी। प्रवेश द्वार के बाहर सेल्फी प्वाइंट भी बनाये जाएंगे।

अपर नगर आयुक्त ललित कुमार ने बताया कि नगर निगम सभी 110 वार्डों में एक-एक मॉडल बूथ बनाएगा। 87 मॉडल बूथों के लिए मतदान केंद्र चिन्हित कर लिए गए हैं। इसके अलावा पर्दानशीं और दिव्यांग बूथ भी बनाये जा रहे हैं। शून्य कार्बन उत्सर्जन करने वाला एक ''ग्रीन बूथ'' भी बनाया जाएगा। इसके लिए नगर निगम केंद्र तलाश रहा है। इस केंद्र पर केवल सोलर एनर्जी का इस्तेमाल किया जाएगा। यहां पंखे, लाइट, कूलर आदि सभी सोलर एनर्जी से चलेंगे।

आठ जोन में 662 मतदान केंद्रों में हैं 2527 बूथ : नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि नगर निगम के आठ जोन में कुल 662 मतदान केंद्र हैं। इनमें कुल 2527 बूथ हैं।

जिला प्रशासन ने नगर निगम को 87 मॉडल बूथ बनाने के लिए सूची भेजी है, लेकिन नगर निगम सभी 110 वार्डों में एक-एक मॉडल बूथ बनाएगा। अन्य मतदान केंद्रों पर नगर निगम मूलभूत सुविधाओं के साथ छाया का इंतजाम करेगा। दिव्यांगों के लिए हर मतदान केंद्र पर व्हील चेयर रहेगी। इसके लिए नगर निगम ने रैम्प बना दिये हैं। 18 मई तक केंद्रों पर सभी कार्य पूरे कर लिये जाएंगे।

पर्दानशीं बूथों पर होगी महिला मतदाताओं की पहचान

लोकसभा चुनाव में पहली बार पर्दानशीं बूथ बनाए जा रहे हैं। नगर निगम ने केंद्र चिन्हित कर लिए हैं। इनमें अधिकांश मुस्लिम बहुल इलाकों में हैं। यहां महिला मतदाताओं की पहचान के लिए महिला कर्मचारी और पुलिसकर्मी लगायी जाएंगी। यहां पुरुषों के प्रवेश पर रोक रहेगी।

मॉडल बूथों पर बनेंगे वेटिंग और प्ले एरिया

नगर निगम मॉडल बूथों पर वेटिंग और प्ले एरिया बनाएगा। मतदाताओं के लिए टेंट में सोफे लगाए जाएंगे। साथ ही कूलर, पंखे और ठंडे पानी का इंतजाम किया जाएगा। महिलाओं के साथ आने वाले छोटे बच्चों के लिए प्ले एरिया में झूले लगाए जाएंगे। इसके अलाव मेडिकल हेल्प डेस्क भी बनाई जाएगी।

यहां बनेंगे पिंक बूथ

पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम, सेंट एन्जनीज स्कूल राजाजीपुरम, सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल राजाजीपुरम, नवयुग डिग्री कॉलेज राजेन्द्र नगर, दयानन्द विद्या मंदिर हाईस्कूल मोतीनगर, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस महिला डिग्री कॉलेज अलीगंज, फ्लोरेंस नाइटेंगल इंटर कॉलेज त्रिवेणीनगर, जयपुरिया स्कूल विनीत खंड गोमती नगर, सेंट पीटर्स हायर सेकेंडरी स्कूल विश्वास खंड गोमती नगर, सिंधी गर्ल्स इंटर कॉलेज राम नगर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रामनगर, सेंट क्राइस्ट पब्लिक इंटर कॉलेज गीतापल्ली, जनता गर्ल्स इंटर कालेज छोटा बरहा, सेंट्रल एकेडमी सेक्टर 9 इन्दिरा नगर, आरएलबी सेक्टर 14 इन्दिरा नगर, मेरी गार्डनर स्कूल सेक्टर जी एलडीए कालोनी।

यहां बनेंगे पर्दानशींन बूथ

शिया कॉलेज सिटी ब्रांच तुलसीमार्ग, सुन्नी इंटर कॉलेज विक्टोरिया गंज, स्वतंत्र बाल निकेतन इंटर कालेज मधुवन नगर, इरम गर्ल्स डिग्री कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय मुजफ्फरखेड़ा, ग्राम पंचायत सदरौना, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सदरौना, एग्जान मान्टेसरी स्कूल कैम्पवेल रोड, ब्राइट कैरियर स्कूल मल्हपुर, हुसैनाबाद ट्रस्ट ऑफिस हुसैनाबाद, कैम्प कार्यालय नगर निगम जोन छह, यूनिटी पब्लिक इंटर कॉलेज तहसीनगंज

दिव्यांग बूथ

कैपिटल पब्लिक स्कूल जानकीपुरम गार्डन, सरस्वती शिशु मंदिर ए ब्लाक इन्दिरा नगर

मोबाइल पर बजेगी मतदान की अपील वाली कॉलर ट्यून

अमृत विचार, लखनऊ : 20 मई को राजधानी में लोकसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए नगर निगम अनूठी पहल करने जा रहा है। मतदाताओं को कॉलर ट्यून के जरिये अधिक से अधिक मतदान की अपील करेगा। इसके अलावा बल्क मैसेज भी भेजे जाएंगे। इसके लिए नगर निगम प्रमुख टेलीकॉम कंपनियों से बात कर रही है। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि निर्णय होने के बाद मतदान से दो दिन पहले मतदाताओं के फोन पर मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कॉलर ट्यून बजनी शुरू हो जाएगी। नगर निगम बीते 15 दिनों से शहर में मतदाता जागरूकता अभियान की मुहिम चला रहा है। मोहल्लों व स्कूलों में चुनाव पाठशाला का आयोजन किया जा रहा है। लोगों को जागरूक करने के साथ मतदान के लिए शपथ दिलाई जा रही है।

स्कूलों को बम से उड़ाने के मामले में मेल भेजने वालों पर रिपोर्ट दर्ज

सोमवार को ई-मेल कर राजधानी के आठ स्कूलों को दी गई थी बम से उड़ाने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सोमवार को राजधानी के आठ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। यह धमकी स्कूलों के मेल पर आई थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने सभी स्कूलों की तलाशी ली। देर रात को गोमतीनगर थाने में तैनात दरोगा धर्मेंद्र कुमार ने प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें दो ई-मेल आईडी का उल्लेख किया गया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर साइबर क्राइम टीम के सहयोग से जांच कर रही है।

प्रभारी निरीक्षक गोमतीनगर दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि कौशाम्बी के रहने वाले एसआई धर्मेंद्र कुमार गोमतीनगर थाने के विरामखंड बीट प्रभारी हैं। धर्मेंद्र की तहरीर पर देर रात को एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के मुताबिक विबग्योर स्कूल के प्रबंधक प्रदुमन रस्तोगी के मोबाइल से सूचना दी गई कि स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। यह धमकी ई-मेल के जरिये दी गई है। सूचना पर पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड, एलआईयू की टीम जांच करने पहुंची। सर्च अभियान के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

▸▸ गोमतीनगर थाने में तैनात दरोगा ने दर्ज कराई प्राथमिकी साइबर क्राइम टीम कर रही जांच में सहयोग

चर्चा का विषय बनी धमकी वाली ई-मेल

पिछले कुछ दिन में स्कूलों में ई- मेल भेजकर बम से उड़ाने की धमकी देने के कई मामले सामने आए हैं। इस मामले में मंगलवार को चौक -चौराहों पर लोगों में चर्चा होती रही। कई लोग इसे फर्जी बताते रहे जबकि कुछ इसे सियासी शिगूफा करार दे रहे थे। यह भी चर्चा रही कि पुलिस ने मामले को काफी गंभीरता से लिया है।

रविवार शाम को एक और आया था ई-मेल

पुलिस के मुताबिक विबग्यो स्कूल के ई-मेल आईडी की जांच की गई। जांच में सामने आया कि धमकी वाला मेल रविवार 12 मई को ही शाम 6 .46 बजे ही आ गई थी। स्कूल के मेल आईडी support.vh10503(<bha>@</bha>vgos.org पर ashuashuashuashu900 gmail .com से मेल करके लव जिहाद की बात की गयी है। वहीं सोमवार सुबह 7 .58 बजे स्कूल के मेल आईडी पर instrumenttt/a/inbox .ru पर मेल करके स्कूल में विस्फोटक होने की बात कही गई। मेल भेजने वाले ने अपने आप को अब्देलहामिद अबाउद से प्रेरित होकर पेरिस व गुजरात की घटनाओं का जिक्र करते हुए धमकी दी।

इन स्कूलों को मिली थी धमकी

मेल भेजकर बम से स्कूल उड़ाने की धमकी गोमतीनगर के विरामखंड स्थित विबग्योर स्कूल, पीजीआई के एलपीएस, एलपीएस आलमबाग, विभूतिखंड के वास्तु खंड स्थित सेंट मैरी इंटर कॉलेज, विराज खंड स्थित जागरण पब्लिक स्कूल, सैनिक स्कूल सरोजनीनगर, पायनियर स्कूल जानकीपुरम और सुशांत गोल्फ सिटी इलाके के जीडी गोयनका स्कूल को दी गई थी।

प्रधान करेंगे बर्ड फ्लू की रोकथाम

अमृत विचार, लखनऊ : जिले में बर्ड फ्लू की रोकथाम ग्रामीण इलाकों में पंचायती राज विभाग भी करेगा। सभी प्रधानों को एडवाइजरी जारी कर पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं। झारखंड के रांची स्थित राजकीय कुक्कट फार्म में बर्ड फ्लू का मामला सामने आने के बाद मंगलवार को जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने ग्रामीण इलाकों में प्रधानों को सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। साथ ही वायरस की रोकथाम के लिए पशुपालन विभाग की एडवाइजरी जारी की है। इसे ग्रामीणों को बताकर सावधानी बरती जाएगी।

वहीं, प्रधान गांव में संचालित पोल्ट्री फार्म की संख्या, स्थान व पक्षियों की संख्या आदि उपलब्ध करायेंगे। पोल्ट्री फार्म व गांव में पक्षी बीमार होने या मरने की जानकारी पशुपालन विभाग को देंगे। साथ ही अन्य पक्षियों को अलग रखेंगे। इसी तरह पशु-पक्षी बाजार, सीमा क्षेत्र, जलाशय, पार्क, अभ्यारण्य आदि की निगरानी करेंगे। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार वर्मा में बताया कि जिले में स्थिति सामान्य है। पशु चिकित्सकों द्वारा सर्विलांस किया जा रहा है।

सार-संक्षेप

इन्दिरा नगर व गोमती नगर में जनयात्रा निकालते भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव।

भाजपा प्रत्याशी ने इन्दिरा नगर व गोमती नगर में निकाली जनयात्रा

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्वी विधानसभा से उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव ने मंगलवार को इन्दिरा नगर व गोमती नगर में जनयात्रा निकालकर वोट मांगे। उन्होंने विकास नगर, गोमती नगर और इन्दिरा नगर में बैठक और जनसंपर्क किया। ओपी श्रीवास्तव ने इंदिरा नगर स्थित भाजपा के दिवंगत नेता अमित पुरी के आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी और उनके भाई पंकज पुरी से शिष्टाचार भेंट की। पंकज पुरी ने ओपी श्रीवास्तव को विधायक पद पर जीत की अग्रिम बधाई देते हुए पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

डेमोक्रेसी डेवलपमेंट ट्रस्ट के समारोह में मौजूद नीरज सिंह। अमृत विचार

राजनाथ ने सिर्फ जनहित देखा : नीरज सिंह

अमृत विचार, लखनऊ : डेमोक्रेसी डेवलपमेंट ट्रस्ट मिशन मोदी अगेन पीएम ने इस लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत लखनऊ लोकसभा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के पुत्र नीरज सिंह ने की। मिशन मोदी अगेन पीएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम गोपाल काका ने मतदाताओं को जागरूक किया। इस मौके पर नीरज सिंह ने कहा कि राजनाथ सिंह के पचास वर्षों के बेदाग राजनीतिक सफर में देश और जनता का हित नजर आता है। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयोजक अमित दीक्षित ने अपील की। कार्यक्रम मे अब्दुल हलीम प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, एसपी शुक्ला, रमेश सिंह चौहान प्रदेश महामंत्री, ममता जिंदल महानगर प्रभारी, अमरनाथ अग्रवाल, रीता सिन्हा प्रदेश अध्यक्ष मिशन मोदी, पुनीता भटनागर लखनऊ महानगर अध्यक्ष, एसपी सिंह महानगर संयोजक, हरि प्रसाद तिवारी प्रान्त महामंत्री, ज्योति किरन रतन और नीलम मिश्र आदि की मौजूदगी रही।

राजनाथ सिंह के समर्थन में वोट देने की अपील

अमृत विचार, लखनऊ : लोक सभा चुनाव 2024 लखनऊ संसदीय सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राजनाथ सिंह के समर्थन में लखनऊ भाजपा लोकसभा चुनाव संयोजक मुकेश शर्मा ने घर-घर जाकर प्रचार किया ।मंगलवार को उन्पूहोंने वीं विधानसभा में शंकारपुरवा तृतीय वार्ड बूथ संख्या 248 और 252 में शंकारपुरवा द्वितीय वार्ड बूथ संख्या 22 व 23 में घर-घर जाकर घर के मुखिया को विकास कार्यों का पत्रक दिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कृष्ण प्रताप सिंह, पार्षद उमेश सनवाल, कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

विकसित भारत की नींव को मजबूत करेगा आपका वोट

अमृत विचार, लखनऊ : काबीना मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि प्रधानमंत्री 2047 तक विकसित भारत बनाना चाहते हैं। लोकसभा चुनाव में आपका एक वोट विकसित भारत की नींव को मजबूत करने का काम करेगा। काबीना मंत्री ने हलवासिया कोर्ट लोकसभा चुनाव कार्यालय में भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ की बैठक में उक्त बात कही। महानगर अध्यक्ष आंनद द्विवेदी ने कहा कि एनजीओ सामाजिक कार्य करते हैं और लोगों की सहायता करते हैं। ऐसे में 20 मई को मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करें। इस दौरान लोकसभा चुनाव सह संयोजक पुष्कर शर्मा, एनजीओ प्रकोष्ठ संयोजक अरुण प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

मांस-मछली की अवैध दुकानों का सर्वे कर दें रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने चिनहट तिराहे स्थित मार्केट के आस पास कथित रूप से बिना वैध लाइसेंस और परमिट के मांस और मछली बेचने के आरोपों पर राज्य सरकार , नगर निगम और संबंधित विभागों को सर्वे कर रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 29 मई तय की है। यह आदेश जस्टिस राजन राय और जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ने राज किशोर की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। कोर्ट ने यह भी पूछा है कि क्या ये दुकानें सार्वजनिक भूमि पर बनायी गयी हैं। इस मामले में दाखिल याचिका में खुले में मांस-मछली बेचने से बीमारिया फैलने की आशंका जताई गई। याचिका में अपर मुख्य सचिव खाद्य और रसद तथा जिला पूर्ति अधिकारी को भी पक्षकार बनाने की गुहार लगाई गई है।

बिजनौर सरवननगर में घंटों बिजली गुल, उपभोक्ता परेशान

अमृत विचार, लखनऊ : शहर में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच नादरगंज के बिजनौर सरवननगर में जम्फर के जलने और पेटीफ्यूज के बार बार उड़ने से मंगलवार को घंटों बिजली गुल रही। इससे दस हजार की आबादी वाले इस क्षेत्र के उपभोक्ता खासा परेशान रहे। इस दौरान लोग पानी के लिए भी दूर-दराज के क्षेत्रों मे भटकने को मजबूर रहे। एसडीओ नादरगंज अखिलेश भास्कर ने कहा कि इलाके से उपकेंद्र की दूरी अधिक होने के कारण फॉल्ट को ठीक करने में समय लग जाता है।

आदर्श व्यापार मंडल से जुड़े सहारा ट्रेड सेंटर के व्यापारी। अमृत विचार

भाजपा सरकार ने व्यापारी हित के काम किए : ब्रजेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा सरकार ने व्यापारी हित में कई काम किए। डिप्टी सीएम गोमती लखनऊ स्थित अन्तर्राष्टीय बौद्ध शोध संस्थान में उप्र सीमेंट व्यापार संघ के स्थापना दिवस समारोह पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार सीमेंट कारोबारियों के साथ है। उनकी समस्याओं का समाधान हर हाल में कराया जाएगा।

भाजपा नेता नीरज सिंह ने प्रदेश और लखनऊ में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। समारोह की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद अशोक वाजपेयी ने की। अति विशिष्ट अतिथियों में राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य देवेश रस्तोगी, विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, पार्षदों में सौरभ तिवारी, शैलेन्द्र वर्मा, कमलेश सिंह, ओम प्रकाश अवस्थी, प्रशांत भाटिया, उमेश सिंह, सुनील गुप्ता, व्यापारी नेता अजय त्रिपाठी, विजय कुमार मिश्रा नेसहभागिता की। इस दौरान संरक्षक नरेश जैन, कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल जैन, कोषाध्यक्ष विजय अवस्थी, मनोज सिंह, प्रवीन खंडेलवाल एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याम मूर्ति गुप्ता ने संबोधित किया।

सीमेंट व्यापार संघ के स्थापना दिवस समारोह में मौजूद कारोबारी। अमृत विचार

आदर्श व्यापार मंडल से जुड़े ऑटोमोबाइल मार्केट के व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: समस्याओं के समाधान के लिए अयोध्या रोड स्थित ऑटोमोबाइल मार्केट सहारा ट्रेड सेंटर के व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल से जुड़ने का निर्णय लिया। कार्यक्रम आयोजित कर करीब 100 व्यापारियों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की।

संगठन प्रमुख संजय गुप्ता ने व्यापारियों को सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर व्यापारियों से आगामी 20 मई को अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की। नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण अगले हफ्ते होगा। सम्मेलन का आयोजन कर व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। इस मौके पर संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, संगठन के नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, ट्रांस गोमती उपाध्यक्ष प्रवीण मिश्रा मौजूद रहे।

इन पदाधिकारियों ने ली शपथ

संगठन की सदस्यता लेने वालों में राजू जायसवाल, मुकेश सिंह, संदीप द्विवेदी, नीरज जायसवाल, ज्योति आदित्य सिंह ,गौरव सिंह, अरुण गुप्ता, सत्य प्रकाश सिंह ,मोहम्मद जफर ,जितेंद्र जायसवाल ,रवि गुप्ता, सूरज बिरवानी, मोहम्मद रजब खान, संदीप श्रीवास्तव, राकेश कुमार, अजय कुमार, मोहम्मद दाऊद सिद्दीकी, महेश जैसवाल, रवि सोनकर, अनुराग अवस्थी, वीरेंद्र राजपूत ,फरहान खान, अक्षय जैन, दिलीप कुमार, रितेश श्रीवास्तव, कपिल श्रीवास्तव, मोहम्मद सैफी, विश्व विजय सिंह शामिल हैं।

गुरुद्वारा मानसरोवर में मना संगरांद पर्व

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: गुरुद्वारा मानसरोवर में मंगलवार की शाम को जेठ महीने की संगरांद का पर्व श्रद्धा व सद्भावना के साथ मनाया गया। दीवान की शुरुआत शाम पौने सात बजे हुई। ज्ञानी बलदेव सिंह ने रहिरास साहिब का पाठ किया और हजूरी रागी गुरुमुख सिंह ने अपने साथियों के साथ आरती और शबद कीर्तन किया।

ज्ञानी बलदेव सिंह ने जेठ के पावन महीने के सन्दर्भ में अपनी बात रखते हुए कहा कि अपने परमपिता परमेश्वर का गुणगान करते हुए उनके साथ जुड़ो जिसके आगे हर कोई नतमस्तक होता है।

इस मौके पर गुरुमुख सिंह और साथियों ने सुनाया - माह दिवस मूरत भले जिसको नदर करे। गुरुद्वारा आलमबाग के दिनेश सिंह ने अपने साथियों कड़े साथ सुनाया - धरजिअड़े एक टेक तू लह विदानी आस। इस शबद कीर्तन को सुनकर लोग मुग्ध हो गये।

गुरुद्वारे के मुख्य सेवादार सरदार सम्पूर्ण सिंह बग्गा ने बताया कि साधसंगतों को जेठ महीने की बधाई दी। उन्होंने कहा कि गुरु का लंगर बगैर भेदभाव के वितरित किया जाता है। इस मौके पर इकबाल सिंह, सुरेंदर सिंह बग्गा, देवेंदर पाल सिंह, भूपेन्द्र सिंह, परमजीत सिंह चंदर और गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

गुरुद्वारा मानसरोवर में शबद- कीर्तन करता रागी जत्था। अमृत विचार

जानकीपुरम में बिजली की आवाजाही व लो वोल्टेज से उपभोक्ता हुए परेशान

अमृत विचार, लखनऊ: जानकीपुरम विस्तार के सरस्वतीपुरम और उसके आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को बिजली की आवाजाही और लो वोल्टज से लोग खासे परेशान रहे। इस दौरान करीब पंद्रह हजार की आबादी को पानी की समस्या से दिनभर जूझना पड़ा।

स्थानीय निवासियों के अनुसार क्षेत्र में बिजली की आवाजाही दिनभर बनी रहती है। सुबह से हो रहा लो वोल्टज समस्या को और बढ़ा रहा है। टुल्लू पंप के न चल पाने के कारण पानी की समस्या को दूर करने के लिए हम लोग दूर-दराज के इलाकों से पानी लाने को मजबूर है। उपकेंद्र पर कई बार फोन करने के साथ वहां के कई चक्कर भी लगाए गए,लेकिन बाद भी सप्लाई को करीब चार घंटे बाद ही सामान्य किया जा सका। जानकीपुरम के सरस्वतीपुरम में करीब 8:30 बजे की आवाजाही शुरू हुई।

एक नजर

घायल मजदूर की अस्पताल में मौत

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा इलाके में सोमवार को ताड़ के पेड़ से गिरकर सबसुख खेड़ा निवासी रमेश चंद्र (50) घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां मंगलवार तड़के उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक बंथरा के रहीम नगर पड़ियाना स्थित सबसुख खेड़ा निवासी रमेश चंद्र मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था। रमेश सोमवार दोपहर गांव के बाहर ताड़ के पेड़ पर ताड़ी उतारने चढ़ा था। पैर फिसलने से वह करीब 25 फीट नीचे आ गिरा। रमेश को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां मंगलवार तड़के उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। परिवार में पत्नी मालती, बेटी नैंसी और दो बेटे महेंद्र व हरेंद्र है।

टाइपिंग सीखने निकली युवती लापता

अमृत विचार, आलमबाग : कृष्णानगर इलाके में रहने वाली युवती घर से टाइपिंग सीखने निकली थी। संदिग्ध परिस्थितयों में वह लापता हो गई। पिता ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। सुभाषनगर निवासी मनोज जायसवाल के अनुसार उनकी पुत्री मेघा उर्फ गौरी सोमवार सुबह पकरीपुल स्थित डी के यादव कोचिंग पर टाइपिंग सीखने गई थी और वह देर शाम तक वापस घर नहीं आई। उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है। प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह के अनुसार गुमशुदगी दर्ज कर तलाश की जा रही है।

घायल की मदद करने उतरा चालक, बाइक हुई चोरी

अमृत विचार, लखनऊ : गुडम्बा क्षेत्र में घायल की मदद करना बाइक चालक को महंगा पड़ा। चोरों ने मौका पाते ही बाइक चुरा ली। आलमनगर सोनापुर निवासी पंकज गौतम के मुताबिक 9 मई को वह ड्यूटी से घर लौट रहा था। कुर्सी रोड स्थित गढ़ी चौकी के पास इण्डियन ऑयल पेट्रोल पम्प के पास एक व्यक्ति का एक्सीडेंट हो गया। वह बाइक खड़ी कर मदद करने लगे। इस बीच बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने थाने में प्रार्थना-पत्र दिया है। इंस्पेक्टर गुडम्बा नितीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया रिपोर्ट दर्ज की है। सीसीटीवी कैमरों से बाइक चोर की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

गुटखा फैक्ट्री में लगी आग, 12 मजदूर फंसे

सरोजनीनगर के नादरगंज इलाके स्थित गोमती पान मसाला फैक्ट्री की पहली मंजिल पर हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र नादरगंज स्थित गोमती पान मसाला फैक्ट्री में मंगलवार दोपहर आग लग गई। आग की लपटों और धुएं में फैक्ट्री में काम कर रहे 12 मजदूर फंस गए। चीख-पुकार सुनकर अन्य कर्मचारियों ने फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी। मौके पर पहुंचे सरोजनीनगर एफएसओ की टीम ने मजदूरों को सकुशल बाहर निकाला। इसके बाद आग पर तीन गाड़ियों की मदद से डेढ़ घंटे में काबू पाया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी मंगेश कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचना दोपहर करीब 11.45 बजे मिली थी। तत्काल एफएसओ सरोजनीनगर सुमित कुमार सिंह टीम के साथ पहुंचे। तेज लपटों और धुएं के कारण अंदर जाना मुश्किल हो रहा था। टीम स्मोक एक्जास्टर लगाकर अंदर दाखिल हुई। इसके बाद एक-एक कर पहली मंजिल पर फंसे 12 मजदूरों को बाहर निकालना शुरू किया। वहीं, दूसरी टीम सीढ़ी लगाकर पहली मंजिल पर पहुंचकर आग बुझाने का काम शुरू किया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी मंगेश कुमार ने बताया कि टीम ने राहत कार्य करीब डेढ़ घंटे तक चलाया। जब अंदर फंसे मजदूर बाहर निकले तो आग बुझाने का तेजी से काम शुरू किया गया। तीन गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया। सीएफओ के मुताबिक अगर समय से आग पर काबू न पाया गया होता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

गुटखा फैक्ट्री में लगी आग के चलते उठता धुंआ व ऊपरी मंजिल पर फंसे मजदूर। अमृत विचार

- अग्निशमन कर्मियों ने मजदूरों को बाहर निकाला, डेढ़ घंटे में पाया काबू

बिना फायर एनओसी के चल रही थी फैक्ट्री

सरोजनीनगर के एफएसओ सुमित सिंह ने बताया कि फैक्ट्री में अग्निशमन के उपकरण थे। लेकिन कोई काम नहीं कर रहा था। न ही फैक्ट्री के पास फायर एनओसी थी। फैक्ट्री मालिक को नोटिस भेजी जाएगी। अगर एनओसी उपलब्ध नहीं करा सके तो फैक्ट्री मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

जेसीपी के आदेश पर सहकारी समितियों के दो सचिवों पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- फर्जी कागजात तैयार कर किसान की जमीन कई लोगों को बेचने का आरोप

अमृत विचार : जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार के आदेश पर गुडम्बा थाने में सहकारी समितियों के दो सचिवों के खिलाफ धोखाधड़ी कर किसान की जमीन बेचने का मामला दर्ज किया गया है। स्थानीय पुलिस के सुनवाई नहीं करने पर पीड़ित ने जेसीपी से गुहार लगाई थी। पीड़ित ने सचिवों पर फर्जी कागजात बनवा कर कई लोगों के नाम जमीन बेच कर लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगाया है।

गुडम्बा इंस्पेक्टर नीतिश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक, अलीगंज के बनारसी टोला निवासी हरीश कुमार वर्मा ने प्रार्थना-पत्र देकर बताया उसकी पैतृक भूमि आदिल नगर में रिंग रोड के किनारे है। पिता की मौत के बाद जमीन उसके नाम आ गई थी। उक्त भूमि को निर्माण सहकारी आवास समिति के सचिव प्रदीप अग्रवाल निवासी अलीगंज और बदरी केदार सहकारी के सचिव आरएस रावत निवासी बी 36 कुर्मान्चल नगर ने फर्जी कागजात तैयार कर धोखाधड़ी कर बेच दिया। खरीदने वाले माया देवी पत्नी स्व. लल्लन प्रसाद निवासी गन्ने का पूरवा, राजेश निवासी 115 गन्ने का पुरवा लोधी बाजार, शकीला निवासी अचरामऊ, बक्शी का तालाब, मो. आसिफ निवासी न्यू आदिल नगर कुर्सी रोड गुडम्बा, मो. जफर निवासी शादाब कॉलोनी, महानगर, किरीत नाथ निवासी - 64 ब्लाक एफ, सुजान सिंह आदि हैं। इंस्पेक्टर ने बताया जेसीपी के आदेश पर सहकारी समिति के सचिव प्रदीप अग्रवाल और आरएस रावत के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

हादसों में तीन की मौत, डीसीएम में फंसकर 500 मीटर घिसटा युवक

लखनऊ/ मोहनलालगंज

- डंपर में पीछे से कंटेनर ने मारी टक्कर, चालक का शव केबिन काट कर निकाला
- मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र में दो और तीसरा हादसा गुडम्बा क्षेत्र में हुआ

अमृत विचार: गुडम्बा क्षेत्र में डीसीएम में फंस कर स्कूटी समेत 500 मीटर घिसटे युवक की मौत हो गई। जबकि मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र में डंपर में कंटेनर द्वारा पीछे से टक्कर मारने से केबिन में फंसकर कंटेनर चालक की मौत हो गई। एक अन्य हादसे में डिवाइडर से बाइक टकराने से युवक की मौत हो गई। संबंधित थाना पुलिस ने मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये।

गुडम्बा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार डीसीएम में फंसकर करीब पांच सौ मीटर तक घिसटे युवक की मौत हो गई। मूलतः सीतापुर के गुलौली निवासी कुलदीप ने बताया कि उसका भाई शैलेंद्र (26) मजदूरी करता था। सोमवार को वोट डालने के बाद स्कूटी से किसी काम से लखनऊ गया था। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि रात करीब 8:30 बजे घर लौटते समय गुडम्बा थाना क्षेत्र में कुर्सी रोड पर पैकरामऊ के पास पीछे से आई तेज रफ्तार डीसीएम यूपी 33 बीटी 3929 ने स्कूटी को चपेट में ले लिया। डीसीएम में स्कूटी समेत फंसकर घिसटने से उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक डीसीएम छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। इंस्पेक्टर नितीश श्रीवास्तव ने बताया कि भाई कुलदीप के प्रार्थना-पत्र पर आरोपी डीसीएम चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शैलेंद्र के परिवार में मां शांति देवी, भाई कुलदीप और एक बहन है।

उधर, इंस्पेक्टर मोहनलालगंज आलोक राव के मुताबिक, कन्नौज जनपद के सौरिख थाना क्षेत्र के ककरहिया गांव निवासी चालक रामप्रताप (31) वाराणसी से कंटेनर में माल लोड कर मेरठ जा रहा था। मगंलवार दोपहर करीब दो बजे मोहनलालगंज के शिवढरा गांव के पास आउटर रिंग रोड पर कन्टेनर अनियंत्रित होकर आगे जा चल रहे डंपर से टकरा गया। केबिन क्षतिग्रस्त होने से फंसकर रामप्रताप गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे इंस्पेक्टर पहुंचे। कटर से केबिन कटवा कर रामप्रताप को ट्रामा सेंटर भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। राम प्रताप के परिवार में परिवार में पत्नी किरन देवी, बेटी मोंटी व बेटा प्रशान्त है। इंस्पेक्टर ने बताया पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया। उधर, इसी थाना क्षेत्र के कनकहा गांव के पास तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक चालक सूरज (29) निवासी राजाजीपुरम, थाना तालकटोरा गम्भीर घायल हो गया। परिजन ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां मौत हो गई। सूरज निजी कंपनी में एरिया मैनेजर था।

दिल्ली के डॉक्टर से 1.17 करोड़ ठगने वाले दो जालसाज गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : दिल्ली के डॉ. आकाश सिंघल से जमीन दिलाने के नाम पर 1.17 करोड़ रुपये की ठगी की गई। इस मामले में गोसाईंगंज पुलिस ने मंगलवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने डॉक्टर से रुपये लेने के बाद किसान की जगह दूसरे व्यक्ति को खड़ाकर जमीन की रजिस्ट्री करा दी थी। इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

इंस्पेक्टर गोसाईगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में बाराबंकी के लोनी कटरा निवासी करन वर्मा और रामसनेही घाट तिवारीपुर निवासी भूपेंद्र सिंह शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि डॉ. आकाश लखनऊ में एक चैरिटी अस्पताल खोलने वाले थे। इसके लिए जमीन की तलाश कर रहे थे। इसकी जानकारी दोनों को हुई। दोनों ने डॉ. आकाश की सरसवां के सरस्वतीपुरम निवासी जितेंद्र यादव से मुलाकात कराई। जितेंद्र ने यूसुफनगर बगियामऊ निवासी जयपाल से जमीन के सिलसिले में बातचीत कराई।

- चैरिटी अस्पताल खोलने लिए गोसाईंगंज में जमीन खरीद रहे थे डॉक्टर
- किसान की जगह दूसरे से करा दिया जमीन का बैनामा

2.40 करोड़ में किया था सौदा

पुलिस के मुताबिक जयपाल ने सदरपुर करोरा गोसाईगंज में स्थित अपनी जमीन 2.40 करोड़ रुपये में बेचने की बात कही। इसके बाद डाक्टर से 60 लाख रुपये नकद और 57 लाख बैंक खाते में देने की बात तय हुई। किसान जयपाल से मिलकर आरोपियों ने 10 लाख रुपये लेकर जमीन का बयाना करवा दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि करन ने अपने मित्र भूपेंद्र से जयपाल नाम का व्यक्ति तैयार करने को कहा। भूपेंद्र ने असलम निवासी बघौरा बाराबंकी को तैयार कर जयपाल के नाम का फर्जी आधार कार्ड बनवाया। इसके बाद 22 सितंबर 2023 को उसे खड़ा करके डाक्टर के नाम जमीन की रजिस्ट्री करवा दी। ठगी की जानकारी होने पर आकाश ने प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस के मुताबिक अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

अपोलो हॉस्पिटल से ठगी

अमृत विचार, लखनऊ: अपोलो हॉस्पिटल में हाइड्रोलिक पार्किंग सिस्टम लगाने के नाम पर जालसाज ने नौ लाख रुपये ठग लिए। इंस्पेक्टर कृष्णानगर संजय सिंह ने बताया कि हॉस्पिटल के विधिक सलाहकार संजय ने तहरीर दी है। वर्ष 2019 लिफ्ट लगवाने के लिए कोटेशन मंगवाए गए थे। जिसमें बंगलुरु स्थित पार्किंग प्राइवेट लिमिटेड का कोटेशन भी आया था। करीब नौ लाख रुपये लेने के बाद भी सिस्टम इंस्टाल नहीं किया गया।

कार और स्कूटी टकराई, दो गुट भिड़े, फायरिंग, पांच गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीजीआई के वृंदावन सेक्टर-16 स्थित कालिंदी पार्क के पास हुआ बवाल
- प्रॉपर्टी डीलर सहित पांच को पुलिस ने पकड़ा, रिवाल्वर और पिस्तौल बरामद

गाड़ी टकराने को लेकर दो पक्षों में मारपीट और फायरिंग की घटना हुई। इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वारदात में प्रयुक्त असलहे बरामद कर लिए गए है। दोनों पक्षों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

-प्रबल प्रताप सिंह, डीसीपी पूर्वी

अमृत विचार : पीजीआई के वृंदावन योजना सेक्टर-16 स्थित कालिंदी पार्क के पास कार और स्कूटी टकराने को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। दोनों तरफ से लाठी-डंडे चले और पथराव किया गया। इसी बीच एक पक्ष में चार राउंड फायरिंग कर दी। वारदात से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। इसमें पांच लोग घायल हो गए। इलाज के लिए अपेक्स ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। वहीं पांच को पुलिस ने पकड़ लिया है। दो असलहे बरामद किए गए हैं। दोनों पक्षों से मिले प्रार्थना पत्र पर एफआईआर दर्ज कार्रवाई की जा रही है। वहीं, पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी निकलवा रही है।

नीलमथा नवासी प्रमोद कुमार उपाध्याय रियल एस्टेट कारोबारी हैं। उनके पुत्र हिमांशु और प्रशांत जीडी गोयनका स्कूल में पढ़ाई करते हैं। मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे दोनों कार से घर वापस जा रहे थे। वृंदावन सेक्टर-16 स्थित कालिंदी पार्क के पास इनकी कार को ओवरटेक कर ईश्वरी खेड़ा निवासी अमन ने रोक लिया। इसके बाद अमन और कार चालक वीरेंद्र के बीच कहासुनी हुई। मामला गाली-गलौज और हाथापाई तक पहुंच गया। हिमांशु और प्रशांत ने इसका विरोध किया तो अमन ने आसपास के लोगों को बुलाकर हमला बोल दिया। अमन और अन्य लोग हिमांशु और प्रशांत की पिटाई करने लगे। मौका देखकर चालक वीरेंद्र ने इसकी सूचना प्रमोद को दी।

घर से खींचकर अमन को पीटा : अमन स्कूटी लेकर भाग निकला और अपने घर चला गया। इनोवा सवार उसके घर पहुंचे और मारपीट करने लगे। अमन को घर के खींचकर मारने लगे। शोर सुनकर आस पड़ोस के लोग भी गए। दोनों पक्षों में पथराव शुरू हो गया। करीब 15 मिनट तक पथराव चलता रहा, तभी कार सवार पक्ष ने ताबड़तोड़ तीन से चार राउंड फायरिंग कर दी। सड़क पर भगदड़ मच गई। पथराव और मारपीट के दौरान बच्चों समेत पांच लोग घायल हो गए।

बहन बोली- कार में स्क्रैच आने पर पीछा किया : स्कूटी चालक अमन की बहन सोनी बताती हैं कि मेरा छोटा भाई एमएलके कॉलेज में पढ़ता है। जिसको लेने मेरा दूसरा भाई अमन स्कूल गया था। अमन 15 का साल है। वह करीब 1 बजे स्कूटी से घर आ रहा था। रास्ते में स्कूटी से कार में हल्की टक्कर हो गई। जिससे कार में स्क्रैच आ गया। इससे नाराज फोर व्हीलर सवारों ने मेरे भाई का पीछा किया और घर आ गए। भाई ने जैसे ही स्कूटी खड़ी की, चार-पांच लोग पीछे से आए और उसकी स्कूटी लेकर जाने लगे। हमने मना किया, तो बोले तुम्हें पता चल जाएगा कि हम कौन हैं।

गाड़ी टकराने पर हुआ विवाद

रियल एस्टेट कारोबारी के बेटों को लेकर चालक वीरेंद्र घर जा रहा था। कार में वीरेंद्र के अलावा दोनों बेटे और एक बच्ची बैठी थी। इस बीच वृंदावन सेक्टर 16 ईश्वरीखेड़ा तिराहे के पास ओवरटेक करने के दौरान स्विफ्ट कार की टक्कर स्कूटी में लग गई। स्कूटी सवार अमन ने विरोध किया और उसने कार के आगे अपनी गाड़ी लगा दी। कार सवार छात्र के शीशा खोलते ही अमन ने उसे घूंसा मार दिया। दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। अमन ने पथराव कर दिया। इस बीच कार सवार पक्ष से इनोवा सवार प्रमोद कुमार और पांच अन्य लोग गिरफ्तार किए गये।

दोनों तरफ से चले पत्थर, फायरिंग से दहशत

दोनों बेटों व चालक की पिटाई सूचना मिलते ही प्रमोद अपने साथ करीब आधा दर्जन लोगों को लेकर मौके पर पहुंचे। अमन वहां से भागकर अपने घर में चला गया। उसके घर पहुंचे तो दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई। इसी बीच अचानक लाठी-डंडे चलने लगे। वहीं स्थानीय लोगों ने प्रमोद और उनके साथियों को घेरकर पथराव शुरू कर दिया। इसी दौरान प्रमोद के एक साथी ने पिस्तौल निकालकर फायरिंग शुरू कर दी। आरोप है कि चार राउंड फायरिंग की गई। इससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। इसी बीच सूचना मिलते ही पीजीआई पुलिस भी पहुंच गई।

चारों घायल ट्रामा सेंटर में भर्ती, दो हिरासत में

प्रभारी निरीक्षक पीजीआई ब्रजेश तिवारी के मुताबिक वारदात में मुकेश द्विवेदी, हिमांशु उपाध्याय, प्रशांत उपाध्याय, ओमकार पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गए। चारों को एपेक्स ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। वहीं मौके से रियल स्टेट कारोबारी प्रमोद कुमार उपाध्याय और उनके चालक वीरेंद्र को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

रिवाल्वर और पिस्तौल बरामद

पुलिस के मुताबिक वारदात में प्रयुक्त दो असलहे बरामद कर लिए गए है। इसमें एक लाइसेंसी रिवाल्वर है। जिससे फायरिंग की गई। वहीं एक लाइसेंसी पिस्तौल बरामद किया गया है। जिसे लहराया गया, लेकिन उसमें मैग्जीन नहीं थी। पांच आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है।

पापी पेट के लिए : भीषण गर्मी में सवारियां बैठाकर गंतव्य को जाता रिक्शा चालक। अमृत विचार

दहेज में नहीं मिली बाइक तो तोड़ा रिश्ता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़ित पिता ने आरोपियों पर मड़ियांव थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार : दहेज लोभियों ने बेटे की शादी तय बरीक्षा के बाद बाइक की मांग करने लगे। लड़की के पिता ने बाइक देने में असमर्थता जताई, तो रिश्ता तोड़ दिया। पीड़ित पिता ने मडियांव थाने में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मड़ियांव इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा के मुताबिक, हरदोई जनपद के बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र निवासी पीड़िता पिता ने बेटी की शादी मड़ियांव के बसंतबिहार कॉलोनी निवासी कृष्ण कुमार पाण्डेय के बेटे मनीष कुमार पाण्डेय के साथ तय की थी। 40 हजार रुपये नकद देने कर बात तय हुई थी। जो 9 दिसंबर 2023 को उन्होंने बरीक्षा में दे दिये थे। आरोप है कि कृष्ण कुमार 25 दिसंबर 2023 को फोन कर शादी में मोबाइल फोन और स्पलेंडर बाइक की मांग करने लगे। पीड़ित पक्ष ने आर्थिक स्थिति का हवाला देकर मांग पूरी करने में असमर्थता जताई। इस पर आरोपी गाली-गलौज करने लगा। इंस्पेक्टर ने बताया आरोप जांच में मिले तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

बंद मकान से लाखों की चोरी, प्राथमिकी दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कृष्णानगर के कासिमपुर पकरी आजादनगर निवासी रमेश चंद्र वाजपेई के बंद मकान से लाखों रुपये के जेवरात व नकदी चोरी हो गए। जानकारी होने पर पीड़ित ने कृष्णानगर कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर लिया है।

आजादनगर रोड निवासी रमेश चन्द्र वाजपेई के अनुसार वह 10 मई को अपने मकान में ताला बंद कर परिवार संग नेपाल स्थित पशुपतिनाथ मंदिर दर्शन करने गए थे। 12 मई की दोपहर वापस आए तो उनके मेन गेट में ताला बन्द था, परन्तु सभी कमरों के ताले टूटे थे। चोरों ने उनके घर की अलमारी में रखे महिलाओं के जेवरात और नकदी चोरी कर ले गए। उन्होंने बताया कि हाल में उन्होंने आलमारी पेंट कराई थी। पेंटर और उसके साथियों पर संदेह जाहिर किया है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश कर रही है।

80 लीटर कच्ची शराब और 200 किलो लहन बरामद

अमृत विचार, लखनऊ: लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत मंगलवार को आबकारी निरीक्षक अभिषेक सिंह क्षेत्र और विजय राठी द्वारा मयस्टॉफ थाना माल अंतर्गत ग्राम रामनगर, बाजर गांव, नारू खेड़ा में संदिग्ध घरों, खेतों, बगीचों एवं तालाबों के किनारे जैसे संदिग्ध स्थानों पर दबिश और छापेमारी की गई। इस दौरान मौके से लगभग 80 लीटर कच्ची शराब और 200 किलो लहन बरामद किया गया। लहन को मौके पर नष्ट करते हुए आबकारी अधिनियम की धाराओं में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

महिला मरीज से छेड़छाड़ के आरोपी डॉक्टर की जाएगी नौकरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीडीओ ने कार्रवाई के लिए दी संस्तुति, अंतिम मुहर के लिए डीएम के पास भेजी गई फाइल

अमृत विचार : हुसैनाबाद की पीएचसी में इलाज के बहाने महिला मरीज से छेड़छाड़ करने के आरोपी डॉक्टर पर उपस्थिति रजिस्टर पर बैक डेट में साइन करने का आरोप लगा है। मामले की शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग ने पूरे प्रकरण की जांच रिपोर्ट सीडीओ को दी। सीडीओ की ओर से डॉक्टर की सेवा समाप्त किए जाने की संस्तुति कर दी गई है। अब स्वास्थ्य विभाग ने फाइल जिला स्वास्थ्य समिति पास भेजा है। अधिकारियों का कहना है जिलाधिकारी से संस्तुति मिलने के बाद आरोपी डॉक्टर की सेवा समाप्त कर दी जाएगी।

आरोपी डॉक्टर हुसैनाबाद पीएचसी पर संविदा पर तैनात है। करीब ढाई महीने पहले इलाज के बहाने महिला मरीज से गलत हरकत करने का आरोप लगा था। इसका वीडियो भी वायरल हुआ था। मामले की जांच शुरू हुई तो फजीहत से बचने के लिए वह एक माह से पीएचसी से गायब रहा। आरोप है डॉक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर बैक डेट में अपनी हाजिरी लगा दी। मामले की जानकारी सीएचसी प्रभारी को हुई तो उन्होंने हाजिरी काटकर रजिस्टर समेत रिपोर्ट सीएमओ ऑफिस भेजी दी थी। मामले के लिए जांच कमेटी गठित हुई थी। इसमें जिला प्रशासन के एक अफसर को कमेटी में रखा गया था। कमेटी ने कई महिला मरीजों के बयान भी दर्ज किए थे। कमेटी ने जांच रिपोर्ट के आधार पर उनकी सेवाएं समाप्त करने की संस्तुति के लिए सीडीओ पास फाइल भेजी थी। सीडीओ ने डॉक्टर की सेवाएं समाप्त करने की संस्तुति कर दी है। स्वास्थ्य विभाग ने अब फाइल जिला स्वास्थ्य समिति पास भेजी है। जहां पर डीएम की अंतिम मुहर लगना है। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों का कहना है डीएम के साइन होने बाद डॉक्टर की सेवाएं समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया जाएगा।

दुष्कर्म का आरोपी सिविल कोर्ट कर्मचारी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और गर्भपात कराने के आरोप में सिविल कोर्ट कर्मचारी को मड़ियांव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर शिवानन्द मिश्र ने बताया कि मड़ियांव बसंत विहार कॉलोनी निवासी धर्मेंद्र प्रताप सिंह को मंगलवार सुबह नौबस्ता मोड़ से पकड़ा गया। धर्मेंद्र बाराबंकी सिविल कोर्ट में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। सोमवार को युवती ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़िता के मुताबिक धर्मेंद्र ने शादी करने की बात कही। जिसके बाद वह यौन शोषण करने लगा। भरोसा हासिल करने के लिए धर्मेंद्र ने युवती की मुलाकात पिता और भाभी से भी कराई थी। इस बीच युवती गर्भवती हो गई। यह बात पता चलने पर आरोपी ने दवा खिला कर गर्भपात करा दिया। विरोध करने पर मारपीट करते हुए शादी करने से मना कर दिया था।

मरणासन्न हालत में सड़क पर छोड़ा घोड़ा मालिक पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : मालिक ने अपने घोड़े को घायल अवस्था में सड़क पर छोड़ दिया। पशु प्रेमी ने घोड़ा मालिक पर पशु क्रूरता अधिनियम अंतर्गत अलीगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इन्दिरानगर के खुर्रमनगर स्थित अबरार नगर निवासी फहद खान के मुताबिक, सोमवार दोपहर करीब 2.30 बजे वह अलीगंज क्षेत्र से गुजर रहे थे। इसी दौरान घोड़े को गम्भीर हालत में सड़क के किनारे पड़ा मिला। उन्होंने लोगों से पूछताछ की, तो पता चला कि घोड़ा नूर नामक व्यक्ति का है। जो घायल हालत में छोड़कर चला गया। फहद ने घोड़े की फोटो खींचने के बाद प्रार्थना-पत्र देकर मामला दर्ज कराया है।

एक नजर

विराज सागर एकादश की जीत

अमृत विचार, लखनऊ : सीएएल सीनियर (अंडर-23) ट्रायल मैच में विराज सागर एकादश ने ज्ञानेंद्र पाण्डेय एकादश को 7 विकेट से हरा दिया। सेठ आनंदराम जयपुरिया खेल मैदान पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए ज्ञानेंद्र पाण्डेय एकादश ने 27.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 108 रन बनाए। हिमांशु सिंह ने 25 और अक्षदीप नाथ ने 26 रन बनाए। विराज सागर एकादश की ओर से नवनीत यादव, रोहित द्विवेदी, और जमशेद आलम ने 3-3 विकेट चटकाए। जवाब में विराज सागर एकादश ने 10.2 ओवर में 3 विकेट खोकर 109 रन बनाकर जीत दर्ज की।

टेबल टेनिस प्रतियोगिता 1 जून से

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ जिला टेबल टेनिस संघ की देखरेख में प्रथम जिला टेबल टेनिस रैंकिंग प्रतियोगिता 1 व 2 जून को यूपीटीटीए के टेबुल टेनिस कांप्लेक्स में होगी। इस प्रतियोगिता में महिला और पुरुष वर्ग के ओपन मुकाबलों के साथ ही अंडर-19, अंडर-17, अंडर-15, अंडर-13 और होप्स वर्ग के मुकाबले खेले जाएंगे। सभी में बालक और बालिका वर्ग के मुकाबले होंगे। इस प्रतियोगिता के रेफरी अमित कुमार सिंह (ब्लू बैज इंटरनेशनल अंपायर) होंगे। इस प्रतियोगिता के माध्यम से चयनित खिलाड़ी आगामी यूपी स्टेट रैंकिंग व स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप में भाग लेंगे। इच्छुक खिलाड़ी एनके लाहिड़ी (सचिव, लखनऊ टेटे संघ) व पराग अग्रवाल (टीटीप्रशिक्षक, टीटी काम्पलेक्स, यूपी टेटे टे.संघ, मोती महल मार्ग, लखनऊ) को 25 मई तक भेज सकते हैं।

सौरभ के खेल से जीता कल्पना फाउंडेशन

अमृत विचार, लखनऊ : सौरभ पटेल (34 रन, 5 विकेट) के हरफनमौला खेल की बदौलत कल्पना फाउंडेशन ने एसएमआर क्रिकेट कप अंडर-16 के लीग मुकाबले में यार्कर क्रिकेट क्लब को 222 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। एसएमआर क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन ने 40 ओवर में 8 विकेट खोकर 350 रनों का स्कोर बोर्ड पर टांगा। जवाब में यार्कर क्लब की टीम 21.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 128 रन ही बना सकी।

यूपी की सासा, सताक्षिका क्वार्टर फाइनल में

लक्ष्मीसिरी, शंकर, आराध्य और यूपी की अनन्या ने अगले दौर में बनाई जगह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

आईटीएफ जूनियर टेनिस चैंपियनशिप

▸▸ मिहिका खन्ना ने युगल क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली सासा और सताक्षिका। अमृत विचार

अमृत विचार : आईटीएफ जूनियर टेनिस चैंपियनशिप के दूसरे दिन उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। भारत का नेतृत्व करते हुए प्रदेश के खिलाड़ियों ने मुख्य ड्रा के मुकाबलों में दूसरे दिन भी जलवा बिखेरा। यूपी की अनन्या जैन ने बड़ा उलटफेर कर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। अनन्या ने 7वीं वरीयता प्राप्त हम वतन इशी माहेश्वरी को कड़े मुकाबले में 3-6, 6-3, 6-3 से हरा दिया। अनन्या ने प्रतियोगिता के क्वालीफाइंग दौर में बतौर वाइल्ड कार्ड एंट्री ली थी।

यूपी की खिलाड़ी मिहिका खन्ना ने युगल के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। मिहिका और लक्ष्मीसिरी की जोड़ी ने सौम्या चटर्जी और अनन्या जैन की जोड़ी को प्री क्वार्टर फाइनल में आसानी से 6-1,6-3 से हरा दिया। बालिका वर्ग के युगल मैच में यूपी की सासा कटियार और सताक्षिका सहायक की जोड़ी ने अपने प्रदेश की रिया सचदेवा और शगुन कुमारी की जोड़ी को हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। सासा और सताक्षिका को भी युगल मुकाबले में वाइल्ड कार्ड के जरिए प्रवेश मिला था।

गोमती नगर के विजयंत खंड स्टेडियम में खेले जा रहे अन्य मुकाबलों में बालक एकल वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के टी.विश्वनाथन ने हम वतन अमित मूंद को 7-6(4), 6-4 हराकर अगले दौर में जगह बना ली। एक अन्य मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी शंकर हेइसनाम ने अपने ही वतन के गुरबाज नारंग को आसानी से 6-3,6-2 से हरा दिया। भारत के आराध्य महास्दे ने उलटफेर करते हुए छठीं वरीयता प्राप्त आदित्य मोर को सीधे सेटों में 6-3,6-1 से शिकस्त दी।

बालिका वर्ग की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत की लक्ष्मीसिरी डांडू ने हमवतन देवांश्री प्रभुदेसाई को आसानी से 6-2,6-1 से हरा दिया। अन्य मुकाबलों में चौथी वरीयता प्राप्त भारत की प्रिशा शिंदे, रिया सचदेवा अधिराज ठाकुर ने प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली।

युगल मुकाबलों में बालक और बालिका वर्ग की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ियों ने अपने-अपने मैच जीतकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। बालक वर्ग की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के आदित्य मोर और प्रनील शर्मा की जोड़ी ने हमवतन विवान बिदासारिया और गुरबाज नारंग की जोड़ी को सीधे सेटों में 6-1,6-3 से हरा दिया। वहीं बालिका वर्ग की शीर्ष जोड़ी अमेरिका की प्रियंका राणा और भारतीय सौम्या रोन्डे ने यूपी की जोड़ी आयरा और अरुंधति सिंह डागुर की जोड़ी को 6-0, 6-1 से आसानी से हरा दिया।

अन्य मुकाबलो में भारत के तविश पाहवा और अर्णव यादव की जोड़ी ने हमवतन यश्विन दहिया और आराध्य महास्दे की जोड़ी को 7-5, 6-2 से हरा दिया। वहीं भारत के ओजस अहिलावत और अधिराज ठाकुर की जोड़ी ने हमवतन रोहित बालाजी और टी विश्वानाथन की जोड़ी को 6-2,6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। भारत के प्रवीर चावड़ा और अमित मूंद की जोड़ी ने सानिध्य धर द्विवेदी और ऋषि यादव की जोड़ी को 6-2,7-5 से हराकर अंतिम आठ में जगह बना ली। इसके अलावा भारत के प्रद्युम्न सिंह तोमर और ओम वर्मा की जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। भारत के अनुराग शौर्य और महालिंगम अखिलेंदेश्वर की जोड़ी और तेजस अहूजा और फतेह सिंह की जोड़ी ने अगले दौर में स्थान पक्का कर लिया।

7वीं यूपी स्टेट सीनियर पेंचक सिलाट चैंपियनशिप जीतने वाली आजमगढ़ की टीम। अमृत विचार

आजमगढ़ ओवरऑल चैंपियन, वाराणसी उपविजेता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ आगरा व लखनऊ की टीमें संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर

अमृत विचार : आजमगढ़ के खिलाड़ियों ने 7वीं यूपी स्टेट सीनियर पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में सर्वाधिक 6 स्वर्ण व 3 रजत के साथ ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी जीत ली।

चौक स्टेडियम के लालजी टंडन बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित इंडोनेशियाई मार्शल आर्ट की राज्य प्रतियोगिता में वाराणसी की टीम 2 स्वर्ण व 3 रजत पदक के साथ उपविजेता रही। दूसरी ओर आगरा व लखनऊ की टीमें संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही।

पेंचक सिलाट स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ यूपी और लखनऊ के संयुक्त देखरेख में आयोजित चैंपियनशिप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ.कीर्ति विक्रम सिंह (सहायक क्षेत्रीय निदेशक, इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी, लखनऊ) ने पदक विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को खेल की तकनीक के साथ प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्ट एड) की जानकारी आवश्यक है। इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल के रूप में इग्नू द्वारा भी विभिन्न तरह के प्राथमिक चिकित्सा के कोर्स कराए जाते है। यदि कोई खिलाड़ी ये कोर्स करना चाहेगा तो उसे इसके लिए वरीयता मिलेगी। वह अपनी एसोसिएशन के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

इस अवसर पर आयोजक सचिव संतोष जायसवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक विजेता भुवनेश्वर (ओडिशा) में 10 से 13 जून 2024 तक होने वाली 12वीं राष्ट्रीय सीनियर पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

सत्यम ने दिलाई सेंट्रल क्लब को जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सत्यम पाण्डेय के आतिशी प्रदर्शन के दम पर सेंट्रल क्रिकेट क्लब ने सीएएल डेकाथलन फिक्स कप के लिए खेले जा रहे टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

पार्थ रिपब्लिक ग्राउंड पर मंगलवार को खेले गए मैच में सेंट्रल क्लब ने आलमनगर क्रिकेट क्लब को 8 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आलमनगर ने 18.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 136 रन बनाए। जवाब में सेंट्रल क्रिकेट क्लब ने 9.1 ओवर में 2 विकेट खोकर 140 रन बनाए।

एक अन्य प्री क्वार्टर फाइनल में यूपी टिबंर ने पैरामाउंट क्लब को 9 विकेट से हरा कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। इसी टूर्नामेंट के राउंड वन के मुकाबले के फाइनल में कूह स्पोर्ट्स क्लब ने यूथ क्रिकेट क्लब को 6 विकेट से हरा दिया।

शुभम ने खेली आतिशी पारी

इसी टूर्नामेंट के एक अन्य प्री क्वार्टर फाइनल में आरईपीएल क्रसेडर्स ने इंडियन इलेवन क्रिकेट क्लब को 9 विकेट से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंडियन इलेवन ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 119 रन बनाए। जवाब में आरईपीएल क्रूसेडर्स क्लब ने 8 ओवर में एक विकेट खोकर 123 रन बनाए और जीत दर्ज की।

अपेक्षा ने परफार्मर्स, ताशु ने ड्रीम्स को दिलाई जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ ताशु सिंह ने नाबाद 51 व आरजू सिंह ने 45 रन बनाए

अमृत विचार : हिल्टन कप के लिए खेले जा रहे महिला टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबलों में मंगलवार को परफार्मर्स एकादश और ड्रीम्स एकदश ने अपने-अपने लीग मुकाबलों में जीत हासिल कर पूरे अंक बटोरे।

ड्रीम्स एकादश ने सेंचुरियन एकादश को 72 रनों से और परफार्मर्स एकादश ने पेंगुइंस एकादश को 10 विकेट से हरा दिया।

बाबू स्टेडियम पर आज खेले गए मुकाबले में परफार्मर्स एकादश को प्लेयर ऑफ द मैच अपेक्षा त्रिपाठी ने जीत दिलाई। पहले बल्लेबाजी करते हुए पेंगुइंस एकादश ने 17 ओवर में 6 विकेट खोकर 61 रन बनाए। टीम के पांच बल्लेबाज खाता नहीं खोल सके। वीना ने 16 और बबली ने 20 रन बनाए। कोई अन्य बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। परफार्मर्स की ओर से प्रिशा गुप्ता और अपेक्षा त्रिपाठी ने 3-3 विकेट चटकाए। जवाब में परफार्मर्स एकादश ने 8 ओवर में बिना विकेट खोए 62 रन बनाए और जीत दर्ज की।

एक अन्य लीग मैच में प्लेयर ऑफ द मैच ताशु सिंह की बदौलत ड्रीम्स एकादश ने जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए ड्रीम्स एकादश ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 145 रन बनाए। ताशु सिंह ने नाबाद 51 रन बनाए। आरजू सिंह ने 45 रनों की पारी खेली। जवाब में सेंचुरियन एकादश की टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 73 रन ही बना सकी। गजल परवीन ने 20 और यशी सिंह 17 रनों की पारी खेली। ड्रीम्स की ओर से जयश्री यादव ने दो विकेट चटकाए।

संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंच पर नृत्य करते कलाकार। अमृत विचार

लोकरंग-2024 में दिखी विभिन्न राज्यों के नृत्यों की मनभावन झलक

अमृत विचार, लखनऊ : इन्द्रधनुष भारतीय महिला एवं बाल कल्याण सेवा समिति ने मंगलवार को संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में लोकरंग-2024 का आयोजन किया। इस आयोजन में कलाकारों ने गीत-संगीत और नृत्य की मनभावन महफिल सजाई। सुनीता शर्मा, मंजू सिंह, रिया, पूजा सिंह, अनुष्का और आस्था शर्मा ने विभिन्न राज्यों के प्रसिद्ध लोकनृत्यों पंजाबी, राजस्थानी, गुजराती, पहाड़ी गीतों के साथ-साथ राधा-कृष्ण की होली को शानदार ढंग से प्रस्तुत किया। अवध एजूकेशनल ग्रुप के कलाकारों ने घूमर नृत्य के जरिये समां बांध दिया। मंजू सिंह और अमिता जैन के निर्देशन में हुए इस आयोजन में विद्युत शाहा, आकाश गुप्ता, एके जैन, डॉ. पायल जैन और हर्ष गुप्ता की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

मकान का ताला तोड़ चोरों ने पार किया सामान

अमृत विचार, आलमबाग : कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर गहने और नकदी पार कर दी। पीड़ित ने घर में काम करने आये पेंटर और उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इंस्पेक्टर संजय सिंह के मुताबिक, कासिमपुर पकरी आजादनगर रोड निवासी रमेश चन्द्र वाजपेयी 10 मई को मकान में ताला डाल नेपाल गए थे। 12 को दोपहर लौटे तो घर के ऊपरी मंजिल के गेट और कमरे में रखी अलमारी के लॉकर का ताला टूटा मिला। चोर अलमारी से पांच अंगूठी, 4 सोने के कंगन, दो जोड़ी पायल, 15 चांदी के सिक्के, 12 जोड़ी बिछिया, 2 जोड़ी झाले और 15 हजार नकदी चुरा ले गये। रमेश ने पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में बताया 2 से 5 मई तक पेटर अर्जुन अलमारी का पेंट करवाया था। उन्होंने अर्जुन व उसके सहयोगियों पर चोरी की आशंका जताई है।

सैफी, सैडी बताएंगे कितनी देर गुल रही बिजली

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

▸▸ इन मॉडम के माध्यम से बिजली गुल होने की सूचना छिपा नहीं सकेंगे अधिकारी

▸▸ गलत जानकारी देने पर की जाएगी कार्रवाई, उपभोक्ताओं को भी मिलेगी राहत

अमृत विचार : पॉवर कारपोरेशन ने बिजली सप्लाई को बेहतर बनाने के लिए बिजली कटौती से लेकर ट्रिपिंग पर नजर रखने के लिए हर फीडर पर सिस्टम एवरेज इंट्रेक्शन फ्रिवेंसी इंडेक्स (सैफी) और सिस्टम एवरेज इंट्रेक्शन ड्यूरेशन इंडेक्स (सैडी) मॉडम लगवाए गए हैं। इसके जरिए पता चल सकेगा कि किस फीडर से कितनी बार और कितनी देर के लिए विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही है। घंटों बिजली गुल होने पर उपकेंद्र के एसडीओ, जेई से जवाब तलब किया जायेगा और कार्रवाई तय की जाएगी।

शहर में पड़ रही भीषण गर्मी में दिन- रात सप्लाई घंटों बाधित हो रही है। इससे उपभोक्ता खासे परेशान हैं। उपकेंद्र पर फोन करने पर कर्मचारी सही जानकारी नहीं देते है। इससे उपभोक्ता सप्लाई के सामान्य होने के लिए इंतजार करने को मजबूर रहते हैं। कर्मचारी और अधिकारी सप्लाई व्यवस्था को सही करने का आश्वासन देकर अपनी खामियों को छुपा लेते है।

> उपभोक्ताओं की कई बार घंटों बिजली गुल होने की शिकायत हम तक पहुंचती है लेकिन उपकेंद्र के अधिकारी इस बात को नकार देते है। अब फीडर पर मॉडम के लग जाने और उसकी मॉनिटरिंग से सत्यता सामने आएगी। इसके आधार पर सभी की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> – युदनाथ राम, अधीक्षण अभियंता

अधिकारी और कर्मचारी नहीं दे सकेंगे गलत जानकारी

फीडर पर घंटो बिजली सप्लाई बाधित होने से लेकर फीडर ट्रिपिंग की सही जानकारी अब मॉडम से मिल सकेगी। कर्मचारी और अधिकारी फॉल्ट के दौरान 10 मिनट के लिए बिजली गुल होने की गलत जानकारी भी नहीं दे सकेंगे। जिसके बाद जिम्मेदारों से जवाब लिया जायेगा। इससे शहर में निर्बाध बिजली आपूर्ति को बेहतर किए जाने में विभाग को मदद मिलेगी।

लेसा इंजीनियरों से मिली जानकारी के अनुसार शहर के अधिकांश फीडर पर सैफी और सैडी लगाए जा चुके है। उनकी निगरानी भी शुरू की जा चुकी है। इनके मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी मुख्य अभियंताओं के साथ एसई और एक्सईएन को सौंपा गया है। किसी भी फीडर पर 15 मिनट से ज्यादा बिजली गुल होने पर संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा जाएगा।

यूपीएमआरसी : 30 हजार से अधिक अभ्यर्थी भर्ती परीक्षा में शामिल

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि. (यूपीएमआरसी) ने मंगलवार को भर्ती परीक्षा के तीसरे एवं अंतिम दिन पर विभिन्न विभागों के कुल 439 पदों के लिए सफलतापूर्वक भर्ती परीक्षा आयोजित कराई। यूपीएमआरसी भर्ती परीक्षाएं आगरा, अयोध्या, बरेली, कानपुर, लखनऊ, मथुरा, मेरठ, मोरादाबाद, नोएडा, प्रयागराज समेत प्रदेश के प्रमुख शहरों के 57 केंद्रों पर आयोजित की गई। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए यूपीएमआरसी ने परीक्षा केंद्रों का व्यापक वितरण किया।

9 पालियों में 11, 12 एवं 14 मई को आयोजित होने वाली यूपीएमआरसी की भर्ती परीक्षा आज सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। भर्ती परीक्षा में कुल 30,505 अभ्यर्थियों नें हिस्सा लिया जो कुल आए आवेदन का करीब 83 प्रतिशत है।

नाम : मल्लिका अरोड़ा
कक्षा : 12वीं
प्रतिशत : 97.2%
स्कूल : लखनऊ पब्लिक स्कूल
12वीं

नाम : मो. शमून कुरेशी
कक्षा : 12वीं
प्रतिशत : 96%
12वीं

नाम : आयुष नौगरैया
कक्षा : 12
प्रतिशत : 96%
स्कूल : लोयोला इंटरनेशनल स्कूल
12वीं

नाम : अरिशा नौशाद
कक्षा : 12
प्रतिशत : 95.2%
स्कूल : लोयोला इंटरनेशनल स्कूल
12वीं

नाम : माधवन श्रीवास्तव
कक्षा : 12
प्रतिशत : 94.2%
स्कूल : भारती पब्लिक स्कूल
12वीं

नाम : अनिषा सिंह
कक्षा : 10वीं
प्रतिशत : 97.4%
स्कूल : लोयोला इंटरनेशनल स्कूल
10वीं

नाम : मलिष्का अरोड़ा
कक्षा : 10वीं
प्रतिशत : 97.4%
स्कूल : लखनऊ पब्लिक स्कूल
10वीं

नाम : मुस्कान राजभर
कक्षा : 10वीं
प्रतिशत : 97.2%
स्कूल : आरएलबी स्कूल
10वीं

नाम : असना नूर
कक्षा : 10वीं
प्रतिशत : 96.8%
स्कूल : लोयोला इंटरनेशनल स्कूल
10वीं

नाम : सदिया खान
कक्षा : 10वीं
प्रतिशत : 95.6%
स्कूल : लोयोला इंटरनेशनल स्कूल
10वीं

एसआर ग्लोबल का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सीबीएसई बोर्ड के 10वीं व 12वीं के नतीजों में एसआर ग्लोबल स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिसमें कक्षा 10 के 78 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर प्रदेश में अपना परचम लहराया।

वहीं कक्षा 12 के 31 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है। कक्षा 10 के छात्र प्रथम श्रीवास्तव ने 97.6 प्रतिशत व कक्षा 12 की छात्रा श्रिया सिंह ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढाया। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम 2024 की घोषणा के अवसर संस्थान के चेयरमैन व एमएलसी पवन सिंह चौहान ने सभी बच्चों व उनके अभिभावकों को बधाई दी।

सम्मानित किए गए बोर्ड परीक्षा के मेधावी : बख्शी का तालाब स्थित एसएस इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई बोर्ड से 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। 10वीं में मेधावी छात्रों में अनन्या दीक्षित 92.4% के साथ प्रथम, शुभी मिश्रा 91% के साथ दूसरे, आयुषी प्रजापति 87.6% के साथ तीसरे, अनन्या त्रिपाठी 86.2% के साथ चौथे और अंकित 86% के साथ पांचवें स्थान पर रहे। वहीं, 12वीं कक्षा में मेधावी छात्रों में श्रेयांश वर्मा 91.2% के साथ पहले, अथर्व बनर्जी 90.8% के साथ दूसरे, अभिषेक कुमार 90.6% के साथ तीसरे, आर्यन वर्मा 89% के साथ चौथे और आरुषि प्रधान 87% के साथ पांचवें स्थान पर रहे। सभी को सम्मानित किया गया।

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राएं।

सम्मानित होने वाले एसएस इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

एक नजर

14 प्रशिक्षु आईएएस अफसरों ने की डीजीपी से मुलाकात

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश काडर के 14 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने मंगलवार को डीजीपी प्रशांत कुमार से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान डीजीपी ने उन्हें पुलिसिंग में आए परिवर्तन के बारे में जानकारी दी। साथ ही फील्ड पर पुलिस और प्रशासनिक अफसरों के समन्वय पर भी चर्चा की गई।

डीआरएम ने 11 रेलकर्मियों को किया सम्मानित

अमृत विचार , लखनऊ : डीआरएम एसएम शर्मा ने संरक्षा के क्षेत्र मे उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले 11 कर्मचारियों को पुरस्कृत किया। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडलीय कार्यक्रम के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में स्टेशन मास्टर, लोको पॉयलेट, गेटमैन, ट्रैकमैन, टेक्नीशियन, मेट, ट्रेन मैनेजर और पॉइंट्स मैन सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे। मंडलीय संरक्षा विभाग की देखरेख में डीआरएम के संरक्षा पुरस्कार से इन सभी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। साथ ही कर्मचारियों को सजग, सतर्क एवं जागरूक रहकर कार्य करने को प्रोत्साहित किया। संरक्षा प्रथम, संरक्षा सदैव के मंत्र का अनुसरण करते हुए कार्य करने को प्रेरित किया। पुरस्कृत होने वाले कर्मचारियों में पप्पू ट्रैकमैन लालगंज, केके सिंह लोको पॉयलेट अयोध्या कैंट, सोमराज गेटमैन रुदौली, नरेंद्र कुमार सिंह गेटमैन बिलवई, मोहन लाल टेक्नीशियन सुलतानपुर, सुरेन्द्र वर्मा मेट हरौनी, अजीत प्रताप सिंह, स्टेशन मास्टर जौनपुर , गौरव पाण्डेय लोको पॉयलेट सुलतानपुर, धर्मेश कुमार शुक्ला वरिष्ठ सहायक लोको पॉयलेट सुलतानपुर, सुशील कुमार यादव ट्रेन मैनेजर लखनऊ और अमित पाण्डेय पॉइंट्स मैन प्रयाग शामिल रहे। इस कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक अयोध्या सचिन वर्मा, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी कुलदीप तिवारी सहित संरक्षा विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

कल से चलेंगी गर्म हवाएं, फसलों की करते रहें सिंचाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदेश में 16 से 19 मई तक उष्ण लहर का पुर्वानुमान
- फसलों को नुकसान पहुंचाएंगी गर्म हवायें, बताए उपाय

अमृत विचार : 16 मई से गर्म हवायें (उष्ण लहर) चलने का पुर्वानुमान है। मौसम विभाग के अनुसार यह हवायें फसलों को नुकसान पहुंचाएंगी। ऐसे में किसानों को फसलों की सिंचाई करने की सलाह दी गई है।

मौसम विभाग के अनुसार 16 से 19 मई तक प्रदेश में गर्म हवायें चलेंगी। जो गन्ना, आम, उड़द-मूंग व सब्जियों के लिए नुकसानदायक है। इसके प्रभाव से पौधों की पत्तियां जल जाएंगी और बाली व फूल झड़ेंगे। कृषि विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ विज्ञानी डॉ. अखिलेश कुमार ने बताया फसल बचाने के लिए किसान शाम चार बजे के बाद सभी फसलों की सिंचाई जरूर करें। इससे तापमान नियंत्रित रहेगा। यदि सुबह सिंचाई करते हैं तो दोपहर में पानी गर्म होने से जड़ों को नुकसान पहुंचेगा। जिन किसानों के पास स्प्रिंकलर या रेन गन है तो उससे सिंचाई करें। यह उपकर ऊपर से बौछार कर सिंचाई करने में ज्यादा असरदार होंगे। आम के बागों में पेड़ों को नीचे से पानी दें। क्योंकि आम में इस समय बालियां आने लगी है तो हवा से झड़ने का खतरा भी अधिक है। पशुओं का भी ध्यान रखें। छायादार जगह में बांधकर हर दो

आलमबाग स्थित चिलचिलाती गर्मी में नहर में नहाते बत्तख । अमृत विचार

पारा 40 के पार, 2 डिग्री बढ़ने के आसार

अमृत विचार : लखनऊ में मंगलवार को तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से उपर रहा। मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार को यह 42 डिग्री के पार पहुंच सकता है। लोगों को चिलचिलाती धूप के साथ तेज गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। औसत से तेज गर्म हवाएं भी चलने का अनुमान है। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश के अनुसार, दिन का तापमान तेजी से बढ़ा है। गर्म हवाओं की रफ्तार 20 किमी प्रति घण्टा के आसपास रही। आने वाले दिनों में ये और बढ़ेगी। बुधवार को पारे में 2 डिग्री और बढ़ोतरी होने की संभावना है।

गलत ऑपरेशन पर लगा 15 लाख हर्जाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गलत ऑपरेशन पर लगा 15 लाख हर्जाना
- सुनीता हेल्थ केयर सेंटर की चिकित्सक ने बरती लापरवाही
- राज्य उपभोक्ता आयोग ने सुनाया फैसला, 12 प्रतिशत ब्याज भी लगाया

अमृत विचार : राज्य उपभोक्ता आयोग ने एक महिला का गलत आपरेशन करने पर अयोध्या के सुनीता हेल्थ केयर सेंटर की चिकित्सक डॉ. सुनीता पर 25.25 लाख रुपये का हर्जाना लगाया है। इस पर 12 प्रतिशत अलग से ब्याज भी देना होगा।

अयोध्या के अमानीगंज पठान टोलिया निवासी हनुमान प्रसाद ने बताया कि पत्नी मालती देवी पेट दर्द से ग्रसित थीं। मई 2018 में आवास विकास कॉलोनी स्थित सुनीता हेल्थ केयर सेंटर में प्रोपराइटर डॉ. सुनीता ने दो लाख रुपये जमा कर बच्चेदानी का ऑपरेशन किया। छह दिन तक घाव नहीं भरा तो और पांच लाख रुपये जमा कराकर दोबारा आंत का ऑपरेशन किया। इससे हालत बिगड़ने पर मेयो हास्पिटल लखनऊ ले गए। वहां के चिकित्सकों ने पहला ऑपरेशन गलत होने से मल-मूत्र घाव से निकलना बताया और उनकी सलाह पर पांच लाख रुपये जमा कर फिर से ऑपरेशन कराया। कुछ दिन बाद पत्नी को डिस्चार्ज कराया और डॉ. सुनीता से खर्च की रसीदें मांगी तो नहीं दी। इस पर उन्हें नोटिस भेजा तो नाराज होकर मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। तब राज्य उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। जिसकी सुनवाई पीठासीन सदस्य राजेंद्र सिंह व विकास सक्सेना ने की। न्यायालय ने कहा कि पहला ऑपरेशन गलत होने से इंटेस्टाइन पंक्चर हुए। इस वजह से घाव से मल-मूत्र आने लगा। इसमें डॉ. सुनीता और अस्पताल दोषी हैं। आदेश दिया कि पीड़ित को हर्जाना के तौर पर 15 लाख रुपये व 10 लाख रुपये मानसिक प्रताड़ना के ऑपरेशन से सुनवाई की तिथि तक 12 प्रतिशत अलग से ब्याज के साथ 30 दिन में अदा करें। इससे अधिक समय होने पर 15 प्रतिशत ब्याज के साथ देना होगा। इसके अलावा वाद व्यय 25 हजार लगाया। जो 30 दिन में न देने पर 12 प्रतिशत ब्याज के साथ देना होगा।

क्राइम सीन रिक्रिएशन के बाद अजीत ने खोले राज

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। रामपुर मथुरा थाना इलाके के पाल्हापुर नरसंहार मामले में एसटीएफ टीम ने मंगलवार को आरोपी अजीत को पूछताछ के बाद घटनास्थल पर ले जाकर घटना का रिक्रिएशन किया। एसटीएफ के साथ स्वाट टीम ने घर की छत से दो छोटे बच्चों की वजन के बराबर पुतले बनाकर छत से फेंककर घटना के पहलू समझने का प्रयास किया है। घटनास्थल पर अजीत के साथ 3 घंटे तक पुलिस ने गहन तहकीकात के बाद उसे हिरासत में लेकर वापस चली गई। सूत्रों की मानें तो एसटीएफ और पुलिस टीम घटना के रिक्रिएशन के बाद वारदात के खुलासे के करीब पहुंच गई है। मालूम हो कि 11 मई की सुबह एक ही घर में किसान अनुराग और उसकी पत्नी प्रियंका, मां सावित्री और तीन बच्चों की हत्याओं के बाद पुलिस ने अनुराग को ही मानसिक रोगी बताकर हत्यारोपी बताया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के उपरान्त पुलिस की थ्योरी गलत साबित होते ही पुलिस ने अनुराग के घर में बचे उसके भाई अजीत को हिरासत में लेकर पूछताछ की। सोमवार को एसटीएफ की पूछताछ में अजीत ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है।

सूत्रों की मानें तो उसने टीम को बताया कि शुक्रवार की रात उसने पहले पूरे घर की लाइट काट दी। लाइट कटते ही अजीत ने छह लोगों को मौत के घाट उतार दिया। सोमवार और फिर मंगलवार को किसान अनुराग के परिवार की हत्या के बाद पुलिस मास्टरमाइंड अजीत सिंह और उसकी पत्नी सहित शक के आधार पर मृतक अनुराग के चाचा आरपी सिंह, दोनों बेटे आशुतोष और अमित से कड़ाई से पूछताछ की है। पूछताछ के घेरे में अजीत के घर के दोनों नौकर वीरेश और सर्वेश सहित अनुराग का बहनोई अलकेंद्र भी शामिल है। इस मामले में सीओ महमूदाबाद दिनेश शुक्ला ने कहा कि घटना का खुलासा जल्द किया जाएगा।

बच्चों के पुतले जमीन पर फेंककर घटना की तहकीकात करती टीम। अमृत विचार

अजीत की आखिरी कॉल खोल सकती है राज

पुलिस सूत्रों की मानें तो इस वारदात को अंजाम देने के बाद अजीत ने किसी शख्स को फोन कर जानकारी दी। पुलिस का मानना है कि वह व्यक्ति कौन है यह अजीत के फोन की कॉल डिटेल और सीडीआर आने के बाद ही पता चल सकेगा। इसके अलावा प्रॉपर्टी और जमीन से हटकर हत्याकांड की वजह पिता के किसान क्रेडिट कार्ड पर लिए हुए 25 लाख रुपये अहम वजह बनी है। ऐसा अजीत ने पुलिस को इकबालिया बयान दिया है। अजीत ने बताया कि 25 लाख रुपयों के लिए मां ने फैसला किया था कि 12-12 लाख रुपये दोनों भाई मिलकर जमा कर दो, दुकान बेचने की जरूरत नहीं है।

एसजेएस की भव्या का स्वागत

रायबरेली, अमृत विचार। एसजेएस पब्लिक स्कूल की छात्रा भव्या आलोक श्रीवास्तव ने सीबीएसई की 10वीं परीक्षा में 98.2 अंक लाकर जिले का मान बढ़ाया है। परीक्षा परिणाम निकलने के बाद आज स्कूल पहुंचने पर भव्या व आलोक श्रीवास्तव का स्वागत किया गया। संस्थान की प्रधानाचार्य डॉ बीना तिवारी ने भव्या, आलोक श्रीवास्तव को बधाई देते हुए कहा कि 98.2 अंक प्राप्त करके जिले की वरीयता सूची में दूसरा स्थान पाना बहुत बड़ी सफलता है।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी मुव्वकिल बबली पत्नी योगेन्द्र नाथ जायसवाल, निवासिनी– ग्राम खेवली, परगना देवा, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी की सम्पत्ति गाटा सं. 203 स्थित ग्राम इस्माइलपुर, परगना देवा, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी से सम्बन्धित दस्ता. मूल बैनामा (chain deed), जो क्रमांक संख्या 798 दिनांक 06/03/1992 पर उपनिबंधक नवाबगंज, बाराबंकी में पंजीकृत है। जो कि दिनांक 10.05. 2024 को मेरे मुव्वकिल से गायब/गिर गये हैं। जिस किसी को उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित दस्ता. पर कोई आपत्ति क्लेम है तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें। बी0 एन0 त्रिपाठी एड0, पता सी–15, नेहरू विहार, कल्यानपुर, लखनऊ। मो0– 9336127853

सार-संक्षेप

मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने को निकाली गई रैली में हाथों में मशाल थामें जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार व अन्य। अमृत विचार

मशाल थाम मतदाताओं को जगाने निकले डीएम

अमृत विचार, लखनऊ : मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को जगाने के लिए मंगलवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम से मशाल जुलूस निकाला। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने हरी झंडी दिखा इसे रवाना किया। जागरूकता का संदेश देते हुए जिलाधिकारी ने मशाल थामी और रैली के साथ हो लिए। लखनऊ व्यापार मण्डल द्वारा आयोजित इस मशाल जुलूस में मुख्य विकास अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अजय जैन भी मौजूद रहे। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, उप्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, सह जिला विद्यालय निरीक्षक जय शंकर श्रीवास्तव, सह निरीक्षक आंग्ल भारतीय विद्यालय मनीषा द्विवेदी और स्वीप कोर टीम के सदस्य केएल. शर्मा, कृष्ण कुमार शुक्ल आदि की मौजूदगी रही। रैली का नेतृत्व व्यापार मण्डल के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, एवं चीफ सिविल डिफेंस अमरनाथ मिश्र ने किया।

रैली निकाल वोट देने के लिए की अपील

मतदाता रैली निकालते शिक्षक। अमृत विचार

अमृत विचार : अवध एकेडमी इंटर कॉलेज की ओर मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई। इस रैली चिनहट बाजार होते हुए वापस फैजाबाद रोड स्थित विद्यालय वापस आई। जिसमें प्रबंधक अरविंद यादव और प्रधानाचार्य रुचि यादव और अमित सिंह, कमलेश कुमारी, रेनू शुक्ला, केएस पांडे सहित छात्र भी शामिल रहे।

रैली में शामिल शिक्षिकाएं व छात्राएं । अमृत विचार

रैली निकालकर मतदान के लिए किया जागरूक

अमृत विचार, लखनऊ : कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज की ओर से रामनगर, आलमबाग में प्राचार्य प्रोफेसर सारिका दुबे की कुशल मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता रैली आयोजित की गई। इस रैली में कॉलेज के शिक्षक व कर्मचारियों के साथ-साथ छात्र भी शामिल हुए। इस अवसर पर पार्षद ,गुरु नानक नगर वार्ड, पीयूष दीवान , सामाजिक कार्यकर्ता नेहा सिंह, आलमबाग व्यापार मंडल से जुड़े सभी व्यापारी नेता शामिल हुए।

कैंसर पीड़ित युवक और अंडे बेचने वाले दुकानदार ने दी जान

अमृत विचार, काकोरी : पारा क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में दो युवकों ने फंदा लगाकर जान दे दी। एक युवक कैंसर की बीमारी से ग्रसित था। जबकि दूसरा अंडे का ठेला लगाता था। परिजन ने आरोप से इंकार किया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा के मुताबिक, नरौना काकोरी मोड़ निवासी निखिल राठौर (18) ने अज्ञात कारणों के चलते घर के कमरे में पंखे के हुक में रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। निखिल राठौर अंडे का ठेला लगाकर परिवार का भरण पोषण करता था। परिवार में मां कौशल्या एवं बहन प्रिया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर ने बताया परिजन ने आत्मत्या का कारण पता होने से मना किया है। उधर, इसी थाना क्षेत्र के तेजी खेड़ा निवासी देवेंद्र सिंह (42) ने सोमवार देर रात घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

रेलवे स्टेशन का एडीजी रेलवे ने किया निरीक्षण

रायबरेली, अमृत विचार। रेलवे स्टेशन की सुरक्षा को लेकर मंगलवार को रेलवे स्टेशन का एडीजी रेलवे जय नारायण सिंह ने निरीक्षण किया। कायाकल्प के तहत चल रहे काम को देखने के लिए आये एडीजी ने स्टेशन के चारो ओर घूम कर वहां पर मिलने वाली व्यवस्थाओं का देखा। उन्होंने कहा कि अभी तक लगभग 24 कैमरे लग गए है। 3 पीटीजेड कैमरे भी लगे है। इस दौरान एडीजी ने कहाकि रेलवे की सुरक्षा उनकी जिम्मेदारी है। एडीजी ने रेलवे स्टेशन के चारों तरफ घूम घूम कर निरीक्षण किया, उन्होंने स्टेशन पर मौजूद यात्रियों से बातचीत की। यात्रा के लिए स्टेशन पर बैठे मुसाफिरों से बात करते हुए कई लोगो से बात करते हुए कहाकि आप कहा तक सफर करेंगे। इस दौरान स्टेशन पर बैठे एक बुजुर्ग यात्री से बड़ी ही शालीनता से बात की। वही वन्दे भारत ट्रेन में पथराव को लेकर सवाल पर कहा कि सरकारी संपत्ति को नुकसान नही करना चाहिए।

प्रधानमंत्री आवास के निर्माण में देरी पर एशिया कंस्ट्रक्शंस को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास बनाने में देरी पर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने मेसर्स एशिया कंस्ट्रक्शंस को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

उपाध्यक्ष मंगलवार को बसंतकुंज योजना के सेक्टर आई में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने इंटरलाकिंग टाइल्स, 18 मीटर रोड के किनारे निर्माणाधीन नाले का काम 30 मई तक पूरा करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास की आंतरिक सड़कों की सफाई तथा पार्कों को समतल करने के साथ पौधरोपण का कार्य शीघ्र कराने को कहा। उन्होंने आईएम रोड से पक्का पुल तक निर्मित ग्रीन कॉरिडोर का भी निरीक्षण किया। मेंहदीघाट के पास कालोनी में बारिश के दिनों जलभराव के पानी को नदी में पम्पिंग करने के लिए पम्प लगाने का निर्देश दिया। निरीक्षण में मुख्य अभियंता एके सिंह, पीआईयू प्रमुख एके सेंगर सहित जोन के अभियंता आदि उपस्थित रहे।

दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार। मंगलवार को जगतपुर संत निरंकारी सत्संग भवन में संत निरंकारी मिशन दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें संत निरंकारी सेवा दल द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें आध्यात्मिक के साथ शारीरिक प्रशिक्षण दिया गया। ज्ञान प्रसारक बसंत लाल ने प्रशिक्षण में भाग लेने वालो का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर ताराचंद, पूनम, चंद, पवन कुमार, हरदीप, प्रीतम, हरकेश, बाबूलाल, महेश, आशा, रेखा, पूनम, लक्ष्मी, पूजा, सीमा, रूपाली, कर्मावती, उषा देवी, पूजा देवी आदि समस्त साध संगत मौजूद रहे।

भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बीबीडी अकेडमी गोमती नगर में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। चुनावी घोषणापत्र में किए गए वादों को भाजपा ने पूरा किया। कश्मीर से धारा 370 और 35ए हटाना इसका उदाहरण है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बीबीडी में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में उक्त बात कही। उन्होंने कहा कि भगवान राम कुटिया से निकलकर अपने महल में प्रवेश कर चुके हैं। 22 जनवरी को देश ने इसका जश्न मनाया। लखनऊ में विकास कितनी तेजी से हुआ यह बताने की जरूरत नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहयोग के बिना यह संभव नहीं था। आज अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की प्रतिष्ठा तेजी से बढ़ रही है। भारत की बातों को गंभीरता के साथ सुना जाता है। भारत आर्थिक दृष्टि से तेजी से आगे बढ़ रहा है। वहीं पड़ोसी देश के सांसद ने कहा है कि भारत तेजी से विश्व की महाशक्ति बन रहा है लेकिन पाकिस्तान अपनी बर्बादियों को बचाने के लिए विश्व से भी मांग रहा है।

मखाने की खेती पर सेमिनार का आयोजन

संवाददाता, बख्शी का तालाब

अमृत विचार : बख्शी का तालाब स्थित चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय व क्लीन एंड ग्रीन एनवायरनमेंटल सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका विषय था 'मखाना - एक महत्वपूर्ण न्यूट्रास्युटिकल, जो भारत की जलीय अर्थव्यवस्था को बढ़ाने की क्षमता रखता है।'

महाविद्यालय के अध्यक्ष फिदा हुसैन अंसारी एवं ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय , दरभंगा के वनस्पति विज्ञान के आचार्य डॉ.विद्यानाथ झा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य ने सरस्वती की प्रतिमा पर मल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। अध्यक्ष फिदा हुसैन अंसारी ने आए हुए आगंतुकों का स्वागत किया। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ.सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सेमिनार में प्रखर राय, अमित सिंह, सर्वेश कुमार, हर्षित यादव, आनंद कुमार, आलोक कुमार, वेदांश सिंह, निखिल सिंह सहित 80 छात्र छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर सीजीईएस के अध्यक्ष सुमेर अग्रवाल, उपाध्यक्ष डॉ.एस सी शर्मा, बाबासाहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के आचार्य डॉ.राणा ,कृषि प्रसार विभाग के डॉ.के डी सिंह, डॉ दीप्ति श्रीवास्तव,प्रतिमा सिंह,डॉ.रजनी शुक्ला,डॉ.स्वाहा सी चंदा,डॉ. उपमा त्रिपाठी सहित सभी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

आरएलबी राजाजीपुरम और शामली की नवनिर्मित बर्न यूनिट में मिलेगा बेहतर इलाज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बर्न यूनिट के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ होगा तैनात

अमृत विचार : राजधानी स्थित रानी लक्ष्मी बाई संयुक्त चिकित्सालय और शामली में नवनिर्मित प्लास्टिक एवं बर्न यूनिट में गुणवत्तापूर्ण इलाज सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार विशेषज्ञ डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ के कुल 44 पदों को विस्तार दे दिया है। इन पदों में तीन इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर समेत आधा दर्जन डॉक्टर शामिल हैं।

स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त सचिव रचना गुप्ता ने स्वास्थ्य महानिदेशक को सोमवार को आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि बर्न यूनिट में मरीजों को बेहतर इलाज के लिए एक प्लास्टिक सर्जन, दो जनरल सर्जन, तीन ईएमओ, छह स्टाफ नर्स, एक फिजियोथेरेपिस्ट का सृजित किया जा चुका है। इसके अलावा आधा दर्जन मल्टी परपज वर्कर (चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी)जिन्हें वाह्य सेवा प्रदाता एजेंसी के माध्यम से रख जायेगा। इस प्रकार एक बर्न यूनिट में कुल 22 पद दिये गये हैं, यानि दो अस्पतालों में सृजित हो चुके कुल 44 पदों को एक साल का विस्तार दिया गया है।

मालूम हो कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में राजधानी स्थित सिविल अस्पताल में ही इकलौती बर्न यूनिट स्थित है, जहां आसपास व विभिन्न जिलों से बर्न के गंभीर मरीजों को रेफर किया जाता है। नई बर्न यूनिटे शुरू होने से मरीजों को अपने जिलों में ही बर्न का इलाज मिलने लगेगा।

सॉफ्टवेयर की मदद से केजीएमयू में होंगे शोध

अमृत विचार , लखनऊ : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में अब शोध से संबंधित काम सॉफ्टवेयर के माध्यम से होंगे। संस्थान की कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने मंगलवार को ईआईआरबी सॉफ्टवेयर का उद्घाटन किया। इसके बाद विश्वविद्यालय का रिसर्च सेल, इंस्टीट्यूशनल एथीक्स कमेटी (आईईसी) पूर्ण रूप से डिजिटल हो गई है। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने बताया कि ईआईआरबी सॉफ्टवेयर स्व :स्वामित्व प्रकृति का साफ्टवेयर है। इसे एम्स दिल्ली सहित देश के कुछ प्रमुख संस्थानों में पहले से ही इस्तेमाल किया जा रहा है। इसका मोबाइल एप भी उपलब्ध है। इसके तहत अब पहले चरण में ट्रायल रन और कर्मियों का प्रशिक्षण होगा। दूसरे चरण में इसे पूरी तरह लागू किया जाएगा।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

एक नजर

कानपुर के दो स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

कानपुर, अमृत विचार। कानपुर के दो स्कूलों को ईमेल करके बम से उड़ाने की धमकी से मंगलवार शाम हड़कंप मच गया। पुलिस को मामले से अवगत कराया गया। जिसके बाद मामले की जांच शुरू की गई। पुलिस की टीमों ने जांच की तो फिलहाल अभी तक कहीं कुछ नहीं मिला है। सूत्रों के अनुसार धमकी कई स्कूलों को मिली है।

गैंगस्टर मामले में पत्रावली से हटा मुख्तार का नाम

बाराबंकी, अमृत विचार : मुख्तार अंसारी गैंगस्टर मामले में मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश,एमपी/एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश कमलकांत श्रीवास्तव की अदालत में सुनवाई हुई। शासकीय अधिवक्ता मथुरा प्रसाद वर्मा ने बताया कि मुख्तार अंसारी से जुड़े गैंगस्टर मामले में कोर्ट ने मुख्तार की मृत्यु होने के उपरांत उनका पत्रावली से नाम हटा दिया है। सुनवाई के दौरान मामले से जुड़े शेष अन्य अभियुक्तों की गैर हाजिरी माफी उनके अधिवक्ता द्वारा कोर्ट को दी गई जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

राहुल गांधी के मामले में फिर टली सुनवाई

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : विधानसभा चुनाव के दौरान बेंगलुरु में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के प्रेस वार्ता के दौरान तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल के मामले में मंगलवार को बचाव पक्ष के वकील ने राहुल गांधी की तरफ से हाजिरी माफी दी। परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट रिक्त होने के कारण मामले में राहुल गांधी के बयान दर्ज करने के लिए 27 मई की तारीख नियत की गई है।

गोंडा-अयोध्या हाईवे पर हादसा सगे भाइयों समेत तीन की मौत

एक सप्ताह पहले भी तीन लोगों की जा चुकी है जान

संवाददाता, नवाबगंज (गोंडा)

अभय।

आदर्श।

सूरज।

अमृत विचार: अयोध्या-गोंडा राजमार्ग हादसे की सड़क बन गई है। एक सप्ताह पहले एक भीषण हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई थी और आठ लोग घायल हुए थे। सप्ताह भर भी नहीं बीता, सोमवार की देर रात तीन युवक फिर हादसे के शिकार हो गए। नवाबगंज के शोभापुर गांव के पास सोमवार की देर रात कार और बाइक में भीषण टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार सगे दो भाइयों समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अयोध्या के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल कराया जहां पर मौजूद डाक्टरों ने तीन युवकों को मृत घोषित कर दिया।

थाना प्रभारी मनोज कुमार राय ने बताया कि वजीरगंज थाना क्षेत्र के अनभुला खानपुर गांव के रहने वाले अभय (20) व आदर्श (18) पुत्रगण अर्जुन सिंह दोनों सगे भाई हैं। आदर्श इंटरमीडिएट का छात्र था जबकि उसका बड़ा भाई अभय बीएससी का छात्र था। सोमवार की रात दोनों भाई बाइक से कहीं गए थे।

शोभापुर गांव के पास रिश्ते में मामा सूरज(19) पुत्र विजय प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह भी कहीं से अपने घर तुलसीपुर जा रहा था। दोनों की आपसी में मुलाकात हुई और सड़क के किनारे आपस में बात करने लगे। इसी बीच तेज रफ्तार से निकली कार ने तीनों को तेज टक्कर मार दी। इसमें तीनों घायल हो गए। तीनों युवकों को सीएचसी नवाबगंज ले जाया गया जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बालक से कहीं गए थे।

शोभापुर गांव के समीप उनकी बाइक में एक कार ने ठोकर मार दी जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सभी को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां डाक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक अभय के चाचा अवधेश प्रताप सिंह की तहरीर पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साथ ही कार को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही आरोपी कार चालक को पकड़ लिया जाएगा।

इटावा सफारी में जल्द बढ़ेगा शेरों का कुनबा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

सफारी में आराम करती शेरनी। अमृत विचार

15 मई को लॉयन सफारी में विशेषज्ञ चिकित्सक आकर पूरा कामकाज संभाल लेंगे

- शेरनी की विशेष देखभाल की जा रही

अमृत विचार। इटावा सफारी पार्क में एक बार फिर शेरों का कुनबा बढ़ने जा रहा है, ऐसी संभावना है कि अगले महीने की शुरुआत में सफारी में कुछ शावकों का जन्म होगा। कुनबा बढ़ने से पहले ही वन विभाग ने पूरी सतर्कता बरतते हुए इटावा सफारी पार्क में विशेषज्ञ डॉक्टर को भी भेज दिया है जो 15 मार्च को अपना काम काज संभालेंगे।

इटावा सफारी पार्क में डायरेक्टर डॉक्टर अनिल पटेल ने आते ही तमाम व्यवस्थाएं सुधारने की जो पहल की है वह अब फलीभूत होती नजर आ रहीं हैं। बताया गया है कि सफारी में एक शेरनी गर्भवती है और अगले महीने की शुरुआत में यह शेरनी शावकों को जन्म देगी। इसके लिए शेरनी की विशेष देखभाल की जा रही है। इसे लेकर वन विभाग के उच्च अधिकारियों को भी सूचना दी गई थी और सफारी प्रशासन के अनुरोध पर वन विभाग ने विशेषज्ञ डॉक्टर के तौर पर डॉक्टर आरके सिंह को सफारी में भेजा है जो 15 मई को सफारी में आकर काम काज संभाल लेंगे। डॉक्टर आरके सिंह पहले से ही सफारी में आते रहे हैं और उन्होंने सफारी में शेरों का इलाज भी किया है। यहां के शेरों और अन्य व्यवस्थाओं से परिचित हैं, संभवत इसीलिए उन्हें इटावा सफारी पार्क में शावक के जन्म से पहले ही भेजा गया है ताकि शेरनी की पूरी देखभाल हो सके और शावकों के जन्म के बाद उनकी भी देखभाल हो सके।

डा. आरके सिंह को 2 महीने के लिए इटावा सफारी पार्क में विशेषज्ञ डॉक्टर के रूप में भेजा गया है इसके लिए सफारी प्रशासन ने अनुरोध किया था जिसे मान लिया गया है। सफारी में दो डॉक्टर पहले से ही हैं। इस बीच शेरनी को ब्रीडिंग सेंटर में रखा गया है और उसकी पूरी देखभाल की जा रही है।

भाजपा के जुमले को जान चुकी है जनता : पायलट

बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार। बछरावां विकासखंड की सेंहगो ग्राम सभा में आज राजस्थान सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री व कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता सचिन पायलट ने आज सेंहगो ग्राम सभा में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चुनावी सभा को संबोधित किया।

भाजपा के 400 पार वाले नारे पर सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा ने कहा था कि 2 करोड लोगों को नौकरी देंगे, भाजपा ने कहा था किसानो की आमदनी दुगना करेंगे, लेकिन वे अपने नारो में विफल रहे हैं, उसी तरह 400 पार वाला नारा भी विफल होगा। जनता उनके जुमले को जान चुकी है।

लोकसभा चुनाव में राजा भैया किसी दल का नहीं करेंगे समर्थन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भइया ने मंगलवार को बैठक कर स्पष्ट किया कि वह 2024 के लोकसभा चुनाव में किसी भी दल का समर्थन नहीं कर रहे हैं। जनसत्ता दल से जुड़े लोग अपने मन से किसी भी पार्टी को वोट दे सकते हैं। भाजपा को वोट देना है अथवा सपा को यह वोटर की इच्छा पर निर्भर है।

राजा भइया का यह फैसला भाजपा के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। राजा भइया ने यह फैसला कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान सबसे बातचीत करके लिया है। उन्होंने मीडिया से कहा कि जनसत्ता दल का कोई भी प्रत्याशी प्रतापगढ़ से नहीं लड़ रहा है। हम लोग लगातार अपने लोगों से राय ले रहे थे। इसी उद्देश्य से कार्यकर्ता सम्मेलन भी आयोजित किया गया था। इस दौरान समर्थकों से कहा गया कि सभी लोग अपने विवेक के अनुसार वोट दे सकते हैं। दो दिन पहले राजा भइया की अमित शाह से मुलाकात की खबरें भी आई थी। राज्यसभा चुनाव में राजा भइया ने भाजपा के प्रत्याशी को वोट भी दिया था।

उन्होंने यह भी बताया कि मंगलवार की सुबह उनसे मिलने और समर्थन मांगने कौशांबी से सपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज आए थे। दोपहर में केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान के साथ भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर पहुंचे थे।

धनंजय सिंह ने किया भाजपा के समर्थन का ऐलान

राष्ट्रवादी नौजवान सभा के बैनर तले पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया। जौनपुर के सेरवां स्थित इंटर कॉलेज में आयोजित सम्मेलन में धनंजय सिंह ने जिले के ब्लॉक प्रमुखों, जिला पंचायत सदस्यों एवं समर्थकों को बुलाया था। विस्तृत चर्चा के बाद उन्होंने भाजपा को समर्थन देने का ऐलान किया है। धनंजय के ऐलान के बाद जौनपुर के भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह को बल मिलेगा।

मन से शिक्षण कार्य करेंगे तो ही लक्ष्य पूरा होगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: शिक्षकों को पहले का तरीका छोड़ते हुए आज के समय को समझते हुए शिक्षण कार्य करने की आवश्यकता है। शिक्षक को ये बहुत ही समझने की जरूरत है कि बच्चों को कैसे पढ़ायें कि उनका पढ़ाई में मन लगे। ये बात उप शिक्षा समग्र शिक्षा के उप शिक्षा निदेशक व वरिष्ठ विशेषज्ञ जीवेन्द्र सिंह ऐरी ने कही। वह मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत द्वितीय चरण की जनपद स्तरीय अकादमिक रिसोर्स पर्सन, स्टेट रिसोर्स ग्रुप अलीगढ़ एवं हाथरस की संयुक्त कार्यशाला में विशिष्ट अथिति के रूप में शिक्षकों, एआरपी और एसआरजी को प्रशिक्षण देते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों, खण्ड शिक्षा अधिकारियों, एसआरजी एवं एआरपी के स्तर पर लक्ष्य निर्धारित करते हुये विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए।

गैंगस्टर के तीन आरोपियों की पांच करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। गैंगस्टर एक्ट के तीन आरोपियों की 5 करोड़ से अधिक की संपत्ति मंगलवार को जिलाधिकारी के आदेश पर प्रशासन ने कुर्की कर कार्यवाही कर सील कर दी है। कार्यवाही के दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा। गैंग के सरगना के खिलाफ 18 आपराधिक मुकदमे हमीरपुर एवं बांदा जनपद में दर्ज है।

कुरारा पुलिस ने कस्बा निवासी शिव प्रकाश उर्फ सोनू गुप्ता, रामप्रकाश उर्फ प्रांशु गुप्ता, उमाकांत उर्फ बाबा गुप्ता एवं रिजवान उर्फ गुड्डू के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना के बाद आरोप पत्र दाखिल करने के उपरांत बीते 9 मई को जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने संपत्ति कुर्क करने के आदेश पारित किए थे। इसी के तहत 11 मई को पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दीक्षा शर्मा ने कार्यवाही के लिए आदेश दिए थे। मंगलवार को एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक, सीओ सदर राजेश कमल की मौजूदगी में थानाध्यक्ष कुरारा योगेश तिवारी एवं थानाध्यक्ष सुमेरपुर राकेश कुमार ने अभियुक्त शिवप्रकाश उर्फ सोनू गुप्ता, रामप्रकाश उर्फ प्रांशु गुप्ता तथा इनके व्यावसायिक पार्टनर उमाकांत उर्फ बाबा गुप्ता की संपत्तियां कुर्क की गई। एसडीएम सदर ने बताया कि सोनू गुप्ता की दो करोड़ 58 लाख पांच हजार 163 रुपए 93 पैसे की संपत्ति आरा मशीन,धर्म कांटा,दुकान, मकान, जमीन,वाहन आदि शामिल है।

करंट की चपेट में आने से मां-बेटी की गई जान

संवाददाता बदौसा (बांदा)

अमृत विचार। घर के दरवाजे पर लगे हैंडपंप पर नहाने गईं मां-बेटी की सपोर्ट वायर में उतरे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। ग्रामीणों में विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण आक्रोश रहा। दोहरी मौत से पूरे गांव में मातम छा गया। घटना की जानकारी मिलने पर तहसीलदार अतर्रा व थानाध्यक्ष ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया, साथ ही हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। थाना क्षेत्र के चंदौर गांव के मजरा गर्गपुर के बलवंता पुरवा में मंगलवार को दोपहर उर्मिला (55) पत्नी चुनबाद यादव अपने घर के दरवाजे के सामने लगे हैंडपंप पर नहा रही थी। हैंडपंप का हत्था पकड़ कर पानी निकालने लगी। तभी पास में लगे बिजली पोल के सपोर्ट वायर में हाथ छू जाने से वह करंट की चपेट में आ गई। अचानक ही वह जमीन में गिर पड़ी। मां को गिरता देख उठाने आई पुत्री रेखा (19) भी करंट की चपेट में आ गई। करंट से मां-बेटी की घटनास्थल पर मौत हो गई। ग्रामीणों नें बिजली विभाग को फोन करके आपूर्ति बंद कराई और दोनों को उठाया। एक साथ दो मौतों से गांव में मातम पसर गया।

बीएलओ ने जीवितों को बनाया मृत

लापरवाही

सोहरामऊ संवाददाता उन्नाव

- नाम कटने की वजह से मतदान करने से वंचित रह गये तमाम मतदाता

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में विकासखंड नवाबगंज की ग्राम पंचायत निबहरी में बीएलओ द्वारा अकारण लगभग 50 वोट जो ग्रामीण गांव में आज भी निवास करते हैं। हमेशा वोट करते रहे हैं। उनका वोटर लिस्ट से नाम काट दिया गया। जिससे वह मतदान करने से वंचित रह गये। ग्रामीणों ने बताया बीएलओ से जब जानकारी चाही तो कोई सार्थक जवाब नहीं दे सके।

किस वजह से उन ग्रामीणों के नाम वोटर लिस्ट से गायब हुए क्या कारण रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड नवाबगंज की ग्राम पंचायत निबहरी कल्याणपुर के मूल ग्रामीणों में प्रदीप सिंह पुत्र रामकरन, विमला पत्नी सूर्यकरन सिंह, अंकुर सिंह पुत्र सूर्यकरन सिंह, रोहित सिंह पुत्र शिवकमल सिंह, धीरज सिंह पुत्र श्यामसुंदर, सुभम सिंह पुत्र अयोध्या सिंह, अभ्येंद्र सिंह पुत्र रामचंद्र सिंह, चंद्रशेखर सिंह पुत्र रामबहादुर सिंह, शीला कश्यप पत्नी संतोष, नंहकी देवी पत्नी केशन, पृथ्वीपाल पुत्र मोहनलाल, मोतीलाल पुत्र गुरुप्रसाद, बिंदा देवी पत्नी चतुरी, रामबाबू पुत्र सुंदर, राजरानी पत्नी राजू, अनीता पत्नी गोविंद, सुरेश कुमार पुत्र नोखे, शिवकुमार पुत्र भगौती, फूलकुमारी पत्नी किसन, गंगासागर पुत्र सुंदर, ललतू पुत्र श्रीराम, रफी पुत्र मोहबति, उमावती पत्नी हरिनाम, रंजना सिंह पुत्री बालेंद्र सिंह ने आरोप लगाया की बीएलओ प्रमोद यादव ने लोकसभा 2024 की सूची से पता नहीं क्यों हमारे नाम काट दिए। वोटिंग के समय जब ग्रामीणों को वोट कटने की जब जानकारी हुई तो प्रमोद यादव को ग्रामीणों ने फोन कर पूछा तो कोई सार्थक जवाब नहीं दे सके। हालांकि बीएलओ ने बात करने पर बताया कि जिनके-जिनके घर से मृतकों के नाम काटने के लिए आवेदन आए थे। उनमें मृतकों की जगह आवेदकों को मृतक कर नाम काट दिए गए हैं।

आस्था

सरयू आरती में शामिल होने पहुंचे उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह व झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन।

उत्तराखंड और झारखंड के राज्यपाल ने किया रामलला का दर्शन

अयोध्या, अमृत विचार : उत्तराखंड और झारखंड के राज्यपाल मंगलवार को अयोध्या पहुंचे। दोनों को सर्किट हाउस में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। रामलला का दर्शन करने के बाद उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि यह बहुत ही सौभाग्य का क्षण है कि अयोध्या में आकर हर एक संस्था हर एक व्यक्ति को रामलला का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। हर एक उत्तराखंडी हर एक भारतीय के लिए यह बहुत ही गौरव का विषय है। वहीं झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने भी रामलला का दर्शन किया। सीपी राधाकृष्णन के पास तेलंगाना राज्य और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी का अतिरिक्त प्रभार भी है। दोनों ही जगह के राज्यपाल सरयू आरती में भी शामिल हुए।

रामभद्राचार्य पर की आपत्तिजनक टिप्पणी, दो गिरफ्तार

अयोध्या, अमृत विचार : तारुन थाना पुलिस ने धर्मगुरु रामभद्राचार्य के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर आपत्तिजनक व अश्लील टिप्पणी करने के मामले में आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। नामजद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को दी गई शिकायत में थाना क्षेत्र के सत्येन्द्र प्रताप सिंह का कहना है कि क्षेत्र के कुलदीप गौड़ ने सोशल मीडिया पर धर्मगुरु रामभद्राचार्य की एक वीडियो अश्लील तरीके से अपलोड की। उस वीडियो डिलीट करने को कहा गया, लेकिन ऐसा नहीं किया। वहीं नरायनपुर निवासी मो. तालिब ने अभद्र एवं अश्लील टिप्पणी की।

हमारे परिवार को गालियां देने के अलावा उनके पास कोई काम नहीं : प्रियंका

संवाददाता, अमेठी


अमेठी में फूल-मालाओं से प्रियंका गांधी का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

अमृत विचार । कांगेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने मंगलवार को यहां कहा कि 1980 के दशक में अमेठी में एक नई राजनीतिक परम्परा स्थापित हुई उसकी शुरुआत देश के प्रधानमंत्री के रूप में हमारे पिता जी ने की थी। हमारे पिता मरते दम तक अमेठी के सांसद रहे। उनके व्यवहार में कभी कोई बदलाव नहीं आया। प्रधानमंत्री रहते हुए भी उनमें अहंकार दूर-दूर तक नहीं था । वर्तमान प्रधानमंत्री राजीव जी को देश द्रोही कहते हैं। हमारे परिवार को गालियां देने और देश की जनता से झूठ बोलने के अलावा और कोई काम उनके पास नहीं है। लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है। जनता की समस्याएं सुनना ओर उनका समाधान करना देश के हर नेता का धर्म होना चाहिए।

सार-संक्षेप

गीतिका बनीं उत्तर पश्चिम रेलवे में प्रमुख वित्त सलाहकार

संवाददाता नई दिल्ली, अमृत विचार। सुश्री गीतिका पांडे ने मंगलवार को उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रमुख वित्त सलाहकार का कार्यभार ग्रहण किया। सुश्री गीतिका पांडे भारतीय रेल लेखा सेवा के 1990 बैच की वरिष्ठ अधिकारी हैं। इससे पूर्व गीतिका पांडे उत्तर पश्चिम रेलवे पर की सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी (ट्रैफिक एवं केपेक्स) के पद पर कार्यरत थीं। गीतिका पांडे उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल पर मंडल रेल प्रबंधक के पद पर भी कार्य कर चुकी हैं। इससे पूर्व सुश्री गीतिका पांडे को भारतीय रेलवे के विभिन्न जोन व मंडलों पर कार्य करने का व्यापक अनुभव प्राप्त है इसके अतिरिक्त उन्होंने डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर में भी महत्वपूर्ण पद पर अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। सुश्री गीतिका पांडे को रेलवे में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न स्तरों पर पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित भी किया गया है। सुश्री गीतिका पांडे ने लंदन, पेरिस कुआलालंपुर व सिंगापुर में रेल संबंधी विषयों पर प्रबंधन व तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

ट्रेनों का किया जाएगा रूट डार्यवर्जन

संवाददाता, नई दिल्ली, अमृत विचार। उत्तर रेलवे रद्दीकरण पुनर्निर्धारण/डायवर्जन मुरादाबाद मंडल पर ट्रैफिक ब्लॉक के कारण ट्रेनों की पैसेंजर जानकारी के लिए रामपुर यार्ड में पुराने फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) को तोड़ने के संबंध में ट्रैफिक ब्लॉक के कारण निम्नलिखित ट्रेनों को अस्थायी रूप से निम्नानुसार रद्द/पुनर्निर्धारित/डायवर्ट किया जाएगा। ट्रेनों का रद्दीकरण :- 05331 लाल कुआँ-मुरादाबाद जेसीओ 16 .05 .24 05332 मुरादाबाद-लाल कुआं जेसीओ 16 .05 .24 ट्रेनों का पुनर्निर्धारण 22454 मेरठ सिटी-लखनऊ जेसीओ 16 .05 .24 को मेरठ सिटी से 240 मिनट पुनर्निर्धारित किया गया। 13152 जम्मू तवी-कोलकाता टर्मिनल जेसीओ 15 .05 .24 को जम्मू तवी से 240 मिनट पुनर्निर्धारित किया गया। 15652 जम्मू तवी-गुवाहाटी जेसीओ 15 .05 .24 को जम्मू तवी से 240 मिनट पुनर्निर्धारित किया गया। 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ जेसीओ 15 मई 24 को लालगढ़ से 240 मिनट पुनर्निर्धारित किया गया। 15036 काठगोदाम-दिल्ली जेसीओ 16 मई, 24 को काठगोदाम से 150 मिनट पुनर्निर्धारित किया गया। 25036 रामनगर-मुरादाबाद जेसीओ 16 मई .24 को रामनगर से 150 मिनट पुनर्निर्धारित किया गया। ट्रेन का मार्ग परिवर्तन :- 12040 नई दिल्ली-काठगोदाम जेसीओ 16 मई .24 काठघर-रामपुर-लाल कुआं के बजाय काठघर-काशीपुर-लाल कुआं के रास्ते परिवर्तन किया गया है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।

बाराबंकी : कुंभ एक्सप्रेस के पहियों में लगी आग

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : सुल्तानपुर से लखनऊ की तरफ जा रही कुंभ एक्सप्रेस के पहियों से अचानक आग निकलने लगी। अचानक पहियों से निकलता धुआं कुछ देर में बोगियों में फैलने लगा। यह देखकर यात्रियों में हड़कंप मच गया। ट्रेन रोकी गई। ट्रेन रुकते ही सहमे यात्री कूद कूदकर ट्रेन से बाहर भागे। जिसके बाद रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे और करीब चालीस मिनट बाद आग को बुझाकर ट्रेन को आगे के लिये रवाना किया गया। त्रिवेदीगंज क्षेत्र के मंगलपुर गांव के पास हावड़ा से देहरादून जा रही कुंभ एक्सप्रेस के यात्रियों ने देखा कि ट्रेन के पहियों से तेज आग और धुआं निकल रहा है। पहियों से निकलने वाला धुआं इतना तेज था कि कुछ देर में ही बोगियों में भरने लगा। सुबह लगभग 6 :10 बजे ट्रेन में हुई इस घटना से ट्रेन सवार यात्री सहम गए। यात्रियों ने इसकी सूचना लोको पायलट को दी। जिसके बाद ट्रेन को मंगलपुर के पास रोका गया। ट्रेन के पहियों में आग लगने की सूचना कंट्रोल रूम को दी गई तो अधिकारी अलर्ट हुए और आगे पीछे से आ रही ट्रेनों को भी अलर्ट किया गया।

बसपा को लड़ाई से बाहर बता रहे मतदाता

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- अनुसूचित मतदाता सफलता दिलाने में साबित होंगे अहम
- सीधे मुकाबले में फुस्स हो रहे बसपा के जीत के दावे

अमृत विचार। मतदान होने के साथ चुनाव प्रचार की व्यस्तता समाप्त हो चुकी है। इसलिए अब लोग जगह-जगह बैठकर हार-जीत के अनुमान आधारित दावे कर रहे हैं। मतदान के बाद लोगों ने बसपा को पूरी तरह लड़ाई से बाहर कर रखा है। यानी भाजपा और गठबंधन के प्रत्याशियों डॉ. साक्षी महाराज व अन्नू टंडन के बीच सीधा मुकाबला है ।

त्रिकोणात्मक मुकाबले में भाजपा आसानी से किला फतेह करने में कामयाबी हासिल कर लेती है, लेकिन इस बार आमने-सामने की टक्कर में जहां भाजपा को फूटी आंख न पसंद करने वाला मुस्लिम वोट बैंक में बंटवारा की गुंजाइश नहीं रही। वहीं बसपा प्रत्याशी पार्टी का परंपरागत वोट बैंक भी नहीं समेट सके, जबकि यादव सहित कुछ पिछड़ी जातियों का साथ सपा प्रत्याशी को मजबूत बनाता है। वहीं भाजपा प्रत्याशी सजातियों को लामबंद करने में काफी हद तक सफल रहे, जबकि भाजपा की वोट बैंक कही जाने वाले सवर्ण मतदाता विकल्प के अभाव में अंततः निवर्तमान सांसद को चुनावी रूप से मजबूत बनाने को मजबूर रहे। लोगों का कहना है कि मुस्लिम व यादव सहित अन्य जातियां सपा को मजबूत स्थिति में पहुंचा रही हैं।

साक्षी महाराज को धमकी देने वाले को हुई सजा

लखनऊ, विधि संवाददाता। जनपद के सांसद साक्षी जी महाराज को बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले मे दोषी करार दिये गये आरोपी मो . गफ्फार को एटीएस के विशेष मजिस्ट्रेड प्रदीप यादव ने तीन माह छह दिन की सजा सुनाई है। अदालत में एटीएस की ओर से अभियोजन अधिकारी राजेंद्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि उन्नाव के सांसद साक्षी जी महाराज को उनके मोबाइल पर 16 व 17 अक्टूबर 2019 को अज्ञात नंबर से अभद्र व अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर बम से उड़ा देने की धमकी दी गई थी। जिसकी शिकायत उन्होंने पुलिस के उच्चाधिकारी से की थी।

बसपा के पोलिंग एजेंट की लाठी से पीटकर की हत्या

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। बसपा का पोलिंग एजेंट बूथ से वापस घर लौट रहा था,उसी बीच प्रधान प्रतिनिधि ने उसे अपने साथियों के साथ रास्ते में घेर कर लाठी-डंडो से हमला कर दिया गया। चीखने-चिल्लाने की आवाज़ सुन कर पत्नी अपने बच्चों के साथ बचाने दौड़ी, हमलावरों ने उनकी भी पिटाई कर दी। उसके बाद हमलावर एजेंट को मरा हुआ समझ कर भाग गए। उसे सीएचसी पहुंचाया गया,जहां से मेडिकल कालेज और मेडिकल कालेज से लखनऊ के लिए रिफर कर दिया गया। जहां मंगलवार की सुबह उसकी मौत हो गई। एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बताया है कि दोनों के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी। पुलिस वारदात से जुड़े हर एक पहलू से जांच-पड़ताल कर रही है। बताया गया है कि सोमवार को बिलग्राम कोतवाली के गनीपुर निवासी 45 वर्षीय यदुनंदन पुत्र शंकर अपने बूथ पर बसपा की तरफ से पोलिंग एजेंट था।

राहुल और अखिलेश की जोड़ी करेगी भाजपा को विदा :पुनिया

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : मोदी और योगी को सत्ता का अहंकार है। चार चरणों के संपन्न हुए चुनावों में देश की जनता ने भाजपा के अहंकार का अपने वोट की ताकत से सफाया कर दिया है। संसदीय क्षेत्र बाराबंकी ही नहीं, पूरे देश में इंडिया गठबंधन की आंधी चल रही है। राहुल गांधी और अखिलेश यादव की जोड़ी भाजपा को सत्ता से विदा करेगी।

पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने मंगलवार को इंडिया गठबंधन के कांग्रेस पार्टी के प्रत्यासी तनुज पुनिया के समर्थन में विकास खण्ड त्रिवेदीगंज में सपा के राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप के बड़े भाई अनिल कुमार सिंह की अगुवाई में आयोजित सभाओं में कहीं। उन्होंने कहा कि देश की जनता में भाजपा सरकार के प्रति काफी गुस्सा है। इसीलिये राहुल गांधी व अखिलेश यादव ने भाजपा के विरोधी दलों के साथ नफरत फैलाने वाली ताकतों से लड़ने के लिए इंडिया गठबंधन बनाया। कांग्रेस ने देश की 140 करोड़ जनता को 5 न्याय और 25 गारंटी दी है। जन सम्पर्क अभियान के क्रम में इंडिया गठबन्धन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया ने नगर पालिका परिषद बाराबंकी के लखपेड़ाबाग वार्ड तथा विकास खण्ड बंकी के ग्राम मंजीठा में व्यापक जन सम्पर्क अभियान चलाया।

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

संपादकीय

लिट्टे की चुनौती

केंद्र सरकार ने मंगलवार को लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) पर लगे प्रतिबंध को पांच साल के लिए और बढ़ा दिया है। यानि वर्तमान में भी लिट्टे भारत के समक्ष चुनौती प्रस्तुत कर रहा है। वास्तव में लिट्टे पर प्रतिबंध बढ़ाया जाना जरूरी था क्योंकि वह अपनी विघटनकारी और अलगाववादी गतिविधियों को जारी रखे हुए है। सरकार के मुताबिक इससे भारत की अखंडता और संप्रभुता को खतरा है। लिट्टे देश की क्षेत्रीय अखंडता को खतरा पहुंचाने के अलावा लगातार लोगों के बीच अलगाववाद की प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रहा है और अपने लिए भारत में, खासकर तमिलनाडु में समर्थन आधार बढ़ा रहा है। गौरतलब है कि लिट्टे श्रीलंका का हिंसक व अलगाववादी संगठन है लेकिन भारत में इसके समर्थकों से सहानुभूति रखने वालों और एजेंटों का उद्देश्य सभी तमिलों के लिए एक मात्र भूमि तमिल ईलम की स्थापना करना है जो भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा है। यह गैर-कानूनी गतिविधि के दायरे में आता है। सरकार ने गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के प्रावधानों के तहत लिट्टे को गैर-कानूनी संगठन घोषित किया था। दरअसल, 1991 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के बाद भारत में लिट्टे पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। तब से हर पांच साल में लिट्टे पर प्रतिबंध को बढ़ाया जाता रहा है। लिट्टे के प्रमुख वी.प्रभाकरन की हत्या के बाद इस संगठन को 2009 में श्रीलंका में सैन्य हार का सामना करना पड़ा था। लिट्टे अपनी हार के लिए भारत को जिम्मेदार मानता है। लिट्टे इंटरनेट पोर्टल में लेखों और अन्य सामग्रियों के जरिए श्रीलंकाई तमिलों के बीच भारत विरोधी भावना को भड़काने की कोशिश कर रहा है। लिट्टे अपनी गैर-कानूनी गतिविधियों को जारी रखने के लिये सोशल मीडिया का भी प्रयोग कर रहा है। यदि उसका प्रचार जारी रहता है तो भारत में कई अति महत्वूपर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।

गृह मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार बचे हुए लिट्टे नेताओं या कैडर ने भी बिखरे हुए कार्यकर्ताओं को फिर से संगठित करने तथा स्थानीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संगठन को पुनर्जीवित करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। 2009 में लिट्टे प्रमुख वी. प्रभाकरन की हत्या के बाद लिट्टे का आतंक खत्म तो हो गया लेकिन श्रीलंका और भारत समेत दुनिया के अन्य देशों में फैले इसके समर्थक अभी भी चुनौती बने हुए हैं। इसके बचे हुए नेता दुनिया के कई देशों में फैले हुए हैं जो एक बार फिर इस संगठन को खड़ा करना चाहते हैं। जिनसे लगातार सतर्क रहने की जरूरत है।

अमित शाह कैसे बने मोदी के विश्वासपात्र

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

अमित शाह पहली बार एक दशक पहले राष्ट्रीय मंच पर तब आए थे जब उन्होंने भारत के सबसे महत्वपूर्ण चुनावी राज्य में भाजपा के लिए उल्लेखनीय बदलाव किया था। 2014 के आम चुनाव में पार्टी ने अपनी 80 सीटों में से 71 सीटों पर अभूतपूर्व जीत हासिल की।

अमित शाह अपने से जुड़े किसी विवाद पर सफाई देने में देरी नहीं करते। वे तुरंत सारी बात साफ कह देते हैं। बीते दिनों दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि अगर एनडीए सत्ता में आई तो अमित शाह देश के प्रधानमंत्री बनेंगे, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कह चुके हैं कि भाजपा में 75 साल से अधिक उम्र के बाद किसी नेता को कोई पद नहीं मिलेगा। अमित शाह ने कहा कि मोदी जी 2029 तक देश के प्रधानमंत्री बने रहेंगे।

अमित शाह को अक्सर भारत का "दूसरा सबसे शक्तिशाली व्यक्ति" कहा जाता है। वह एक उत्कृष्ट संगठनकर्ता और चतुर राजनीतिज्ञ हैं। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने में उनकी खास भूमिका थी। उनकी असाधारण सफलता का रहस्य क्या है? इस बारे में उनके कुछ करीबी पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति उनकी गहरी निष्ठा, स्नेह, और कड़ी मेहनत को श्रेय देते हैं। वे प्रधानमंत्री के सबसे खासमखास सहयोगी और विश्वासपात्र नेता हैं।

अमित शाह पहली बार एक दशक पहले राष्ट्रीय मंच पर तब आए थे जब उन्होंने भारत के सबसे महत्वपूर्ण चुनावी राज्य में भाजपा के लिए उल्लेखनीय बदलाव किया था। 2014 के आम चुनाव में पार्टी ने अपनी 80 सीटों में से 71 सीटों पर अभूतपूर्व जीत हासिल की। अमित शाह ने दशकों में भाजपा के लिए कई चुनावी जीत और वोट जीतने वाली नीतियां तैयार की हैं। चाहे वह ग्राम परिषद हो या संसद, वे चुनाव को बहुत गंभीरता से लेते हैं। अमित शाह के लिए, हर चुनाव किसी युद्ध को जीतना जैसा होता है। मोदी और शाह की वजह से ही भाजपा 1984 के चुनाव में दो सीटों से 2019 में 303 सीटों पर पहुंची।

अब दस साल हो गए, अमित शाह को राष्ट्रीय राजनीति में आए हुए। उनके व्यक्तित्व, उनके स्वभाव और उनके लक्ष्य के बारे में बहुत सारी बातें जनमानस के पटल पर आ चुकी हैं। आधुनिक चाणक्य, घनघोर मेहनती, अद्भूत संगठनकर्ता जैसी तमाम उपमाएं भी उन्हें मिल चुकी हैं। परंतु उनके बारे में बहुत कुछ कहे जाने के बाद भी अमित शाह खुद बहुत कुछ नहीं कहते। संभवतः भारतीय राजनीति में वे अकेली शख्सियत हैं, जिनका काम पहले बोलता है, वह खुद बाद में बोलते हैं।

> अमित शाह स्वभाव के कठोर नहीं है, अपने कार्यकर्ताओं को जोड़ कर रखना और हमेशा जूझने के लिए तैयार किए रखना उनके नेतृत्व क्षमता का स्वाभाविक पक्ष है। पर विपक्ष के कुछ नेताओं के लिए वे एक बेहद कड़क राजनेता हैं। कारण वे लक्ष्य के प्रति समर्पित व्यक्ति हैं, व्यक्ति के लिए समर्पित राजपुरूष नहीं। उनके सामने किसी की चालबाजी नहीं चलती। चाहे नेता हो या पत्रकार। वह शब्दों की मर्यादा नहीं भूलते, पर अमर्यादित भाषा का प्रतिकार बखूबी कर लेते हैं और सरल परंतु उपयुक्त शब्दों से चुप कराना जानते हैं। वह सौम्य होने का दिखावा भी नहीं करते। उन्हें यह कहने में कोई हिचक नहीं कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ उनका कोई सरोकार या संबंध नहीं रहा है। ना उन्हें इस बात से कोई फर्क पड़ता है कि लालू उनको फासिस्ट कहते हैं और उनकी मोटापा पर तंज कसते हैं। अमित शाह इकहरे चरित्र के नेता हैं।

2014 से पहले दिल्ली में उन्हें कम ही लोग जानते थे। 2014 के मई में लोकसभा का चुनाव परिणाम जब आया और उत्तरप्रदेश के 80 लोक सभा सीटों में भाजपा 71 सीटों पर बाजी मार गई, तब पहली बार लोगों को यह पता चला कि कोई चुनावी चौसर का महारथी गुजरात से आया है, नाम उसका है अमित शाह। ऐसा नहीं था कि 2014 से पहले वह भाजपा में नए थे। वह 1997 से ही चुनावी राजनीति में हैं और 2014 से पहले गुजरात के गृहराज्यमंत्री से लेकर दर्जनों पद संभाल चुके थे। पर दिखावे को उन्होंने तब भी नहीं अपनाया और अब भी उससे दूर हैं।

संभवतः जून 2014 में राजस्थान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की एक बैठक में तय किया गया कि अमित शाह को केवल एक चुनाव के लिए दिल्ली भेजे जाने के बजाय स्थाई रूप से उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में कोई बड़ा दायित्व दिया जाए। उन्हें यह दायित्व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मिला।

उन राज्यों के मुख्यमंत्रियों के लिए अमित शाह एक आदर्श राजनेता और बेहद सक्षम गृहमंत्री हैं, जो बार्डर स्टेट में हैं या फिर नक्सली सक्रियता से परेशान हैं। अमित शाह भी अपने विपक्षी मुख्यमंत्रियों के अच्छे कामों की तारीफ करने में कोई कोताही नहीं बरतते। उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को नक्सल पर अंकुश लगाने और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सिंह को खालिस्तानी अमृतपाल सिंह के मामले को अच्छे से हैंडिल करने के लिए अमित शाह ने खुले मंच से तारीफ की।

2009 के आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को देश भर में कुल मतदान के 18.80 प्रतिशत वोट मिले थे। मोदी के 2014 के राष्ट्रीय राजनीति में अवतार लेने के बाद भाजपा का वोट प्रतिशत 31 हुआ। लेकिन अगले पांच साल में भाजपा की सदस्यता और वोट में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई। 2019 के आम चुनाव में 37.36 प्रतिशत वोट मिले। यह वह समय था जब प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी पूरे पांच साल रहे और अमितशाह भाजपा के अध्यक्ष रहे। दोनों की जोड़ी ने भारत को लगातार दूसरी बार बहुमत वाली सरकार तो दी ही साथ ही भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी होने का गौरव दिया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में कार्य के दौरान तक अमितशाह खाटी कार्यकर्ता बने रहे। उनको मिलने जाने वाले पार्टी के कार्यकर्ता और नेता आज भी यह कहते हैं कि अमित भाई जिस तन्मयता से लोगों की बातें सुनते हैं और कम शब्दों में उसकी मीमांसा कर अपना पक्ष रखते हैं वह बिरले ही कोई और करता है।

राज करना जैसे शब्द अमित शाह के कोष में नहीं है। काम करना उनका नैसर्गिक स्वभाव है। इसलिए जो काम दूसरों के लिए पर्वत की तरह भारी होता है, अमित शाह के लिए वही काम आसान हो जाता है। कौन कह सकता था कि सैकड़ों वर्षों से जिस राम मंदिर के निर्माण का आंदोलन चल रहा था, उसका फैसला कोई सरकार में बिना किसी हो हल्ला के कर सकती थी। जिस तीन तलाक के मुद्दे को भारतीय राजनीति मे अछूत माना जाता था, उसे कोई सरकार डंके की चोट पर उठा सकती है और सदन के दोनों सदनों से एक विधेयक के जरिए तीन तलाक को समाप्त भी कर सकती है। किसी को यकीन था क्या कि किसी दिन कश्मीर से धारा 370 हट भी सकती है। पर यह सब हुआ। इसके लिए प्रधानमंत्री की दृढ़ इच्छा तो अमितशाह की कुशल रणनीति को श्रेय दिया जाना चाहिए।

अमित शाह स्वभाव के कठोर नहीं है, अपने कार्यकर्ताओं को जोड़ कर रखना और हमेशा जूझने के लिए तैयार किए रखना उनके नेतृत्व क्षमता का स्वाभाविक पक्ष है। पर विपक्ष के कुछ नेताओं के लिए वे एक बेहद कड़क राजनेता हैं। कारण वे लक्ष्य के प्रति समर्पित हैं। उनके सामने किसी की चालबाजी नहीं चलती। चाहे नेता हो या पत्रकार। वह शब्दों की मर्यादा नहीं भूलते, पर अमर्यादित भाषा का प्रतिकार बखूबी कर लेते हैं और सरल परंतु उपयुक्त शब्दों से चुप कराना जानते हैं। वह सौम्य होने का दिखावा भी नहीं करते। उन्हें यह कहने में कोई हिचक नहीं कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ उनका कोई सरोकार या संबंध नहीं रहा है। ना उन्हें इस बात से कोई फर्क पड़ता है कि लालू उनको फासिस्ट कहते हैं और उनकी मोटापा पर तंज कसते हैं। अमित शाह इकहरे चरित्र के नेता हैं। वह जो तय करते हें उससे डिगते नहीं। संगठन और सरकार के बीच समन्वयक की उनकी भूमिका आज भी वैसी ही है। इसीलिए पार्टी और सरकार के फैसले में कहीं भी विरोधाभास नहीं होते। अमित शाह अपने ढंग के अकेले नेता हैं।

प्रसंगवश

जनांदोलन ने घुटने टेक दिए

आजादी का आंदोलन केवल सत्ता परिवर्तन तक ही सीमित न रहे, इसके लिए महात्मा गांधी ने देश में ग्राम स्वराज, सामाजिक-परिवर्तन और आर्थिक-स्वावलंबन को हमेशा आजादी से जोड़ कर देखा था। किंतु आजादी का आंदोलन अंग्रेज हटाओ तक पहुंचकर कर कुर्सी के किस्से में बदल गया और आजादी के बाद गांधी के ग्राम स्वराज, सामाजिक-परिवर्तन और आर्थिक-स्वावलंबन के सपने बिखर गए, फिर जेपी ने भी जब समग्र क्रांति का नारा दिया तब भी उनके सोच में संसद के साथ ही जनता के बीच मोर्चा जमा हुआ था। लेकिन समग्र क्रांति का आंदोलन इंदिरा हटाओ तक पंहुच कर कुर्सी के किस्से में बदल गया।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

1948 में जब गांधी सबसे अधिक प्रासंगिक थे, गांधी चले गए और 1978 में जब जेपी सबसे अधिक प्रासंगिक थे, जेपी चले गए। यूपी और बिहार में जेपी के अनुयायी गद्दी पर बैठे, समग्र क्रांति का क्या हुआ? समग्र क्रांति का सपना बिखर गया। यही बात फिर हुई, भ्रष्टाचार के विरोध में जनांदोलन उठा और लोकपाल की बात आई। लोगों का सपना था कि देश भ्रष्टाचार-मुक्त होगा।

> मनमोहन-सरकार गिरी, किन्तु फिर से कुर्सी का नया किस्सा चल पड़ा। कुर्सी ने नए-नए नारे और मुद्दे खड़े किए ताकि भ्रष्टाचार का मुद्दा दिखाई ही न दे। सत्ता बदली किन्तु और क्या बदला? अन्ना भी कुर्सी के किस्से में समा गए।

मनमोहन-सरकार गिरी, किन्तु फिर से कुर्सी का नया किस्सा चल पड़ा। कुर्सी ने नए-नए नारे और मुद्दे खड़े किए ताकि भ्रष्टाचार का मुद्दा दिखाई ही न दे। सत्ता बदली किन्तु और क्या बदला? अन्ना भी कुर्सी के किस्से में समा गए। जन-आंदोलन ने कुर्सी के सामने फिर से घुटने टेक दिए। कुर्सी का किस्सा जिन्दाबाद। जन-आंदोलन बेचारा कुटा-पिटा-लुटा, बार-बार ठगा हुआ। ये जितने वाद हैं, वे सब छलकपट के वाद हैं, अव्वलवाद है किस्सा कुर्सी का। कुर्सीवाद।

जीने का आधार सुरक्षित कर ही विकास की सोचें

आज कोई भी दावा नहीं कर सकता है कि जिस हवा में हम सांस लेते हैं, वह स्वच्छ है। कोई सबसे पवित्र नदी से भी फिल्टर किए बिना पानी नहीं पी सकता है और कोई यह गारंटी नहीं दे सकता है कि हमारा भोजन रसायनों से रहित है।

घर में रहने के लिए हम कई नियम बनाते हैं। हम रसोई में खाना बनाते हैं, बाथरूम में नहाते हैं और शयन कक्ष में सोते हैं। हम इसमें अदला-बदली नहीं करते। पृथ्वी हमारा और बड़ा घर है। क्या हमें पृथ्वी पर रहने के लिए भी ऐसे ही नियम नहीं बनाने चाहिए? लेकिन अभी तक हमें किसी ने ऐसे नियम नहीं सिखाए। वे किसी भी स्कूल या कॉलेज के पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं हैं, न ही आर्थिक और तकनीकी प्रगति के लिए किन्हीं दिशा निर्देशों में उन्हें शामिल किया गया है।

पृथ्वी पर रहने का हमारा पहला नियम यह होना चाहिए कि अगर पारिस्थितिकी तंत्र में सीमित संसाधन हैं तो हमारा उपभोग भी सीमित ही होना चाहिए। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था और जनसंख्या में बढ़ोतरी के बावजूद हमारे ग्रह का आकार नहीं बढ़ रहा है। हमारे विकास के साथ पानी, मिट्टी और खनिजों की मात्रा भी नहीं बढ़ रही है और न ही प्राकृतिक संसाधन बढ़ सकते हैं। मनुष्य मौजूदा परमाणुओं के अलावा एक भी नया परमाणु और नहीं बना सकता। अगर हमारी आमदनी निश्चित हो तो हमारे खर्च भी तय होने चाहिए। पृथ्वी पर भी हमारे समक्ष कुछ उपभोग - सीमा होनी चाहिए। लेकिन हम आए दिन इसका उल्लंघन कर रहे हैं। यदि हम केवल पिछले तीन दशकों की तुलना करें, तो जनसंख्या 2 अरब बढ़ गई है,

डॉ. धनंजय मणि त्रिपाठी
शिक्षक, गोरखपुर

वाहन एक अरब बढ़ गए हैं, बिजली की खपत लगभग दोगुनी हो गई है। लेकिन पृथ्वी का आकार बिल्कुल नहीं बदला है।

जीडीपी वृद्धि की पहली आवश्यकता भी लगातार बढ़ता उत्पादन और लगातार बढ़ती खपत ही प्रतीत होती है। लेकिन पृथ्वी की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए निरंतर बढ़ती वृद्धि असंभव है। मैं लोगों से अक्सर पूछता हूं कि लगभग 100 साल पहले महात्मा गांधी ने ये क्यों कहा था कि 'दुनिया में हर किसी की जरूरत के लिए पर्याप्त है, लेकिन हर किसी के लालच के लिए नहीं?' इसका उत्तर किसी को पता नहीं है।

अर्थ ओवरशूट डे ऐसा पैरामीटर है, जो मनुष्य के पारिस्थितिकी-पदचिह्न की तुलना में पृथ्वी की जैविक-क्षमता को मापता है। इसके मुताबिक 2023 में, मनुष्यों के पारिस्थितिकी पदचिह्न पृथ्वी की क्षमता से 70 प्रतिशत अधिक हो गए थे। यानी हम 1.7 पृथ्वियों के बराबर संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं। लेकिन पृथ्वी तो एक ही है। हम उससे अधिक उपभोग कैसे कर सकते हैं, जो पृथ्वी हमें स्थायी रूप से प्रदान कर सकती है? अगर आप लंबे समय तक अपने शरीर को उसकी क्षमता से ज्यादा इस्तेमाल करते हैं तो वह जर्जर होने लगता है। इसी तरह से पृथ्वी के पारिस्थितिकी तंत्र का भी विघटन हो रहा है।

> जीडीपी वृद्धि की आवश्यकता भी बढ़ता उत्पादन और लगातार बढ़ती खपत ही प्रतीत होती है। लेकिन पृथ्वी की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए निरंतर बढ़ती वृद्धि असंभव है।

हवा, पानी, मिट्टी जैसे प्राकृतिक संसाधनों का क्षरण, ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन इसी के संकेत हैं। वर्तमान में हमारा विकास पर्यावरण के ह्रास की कीमत पर हो रहा है। सभी गैर-आवश्यक वस्तुएं जो मानव अस्तित्व के लिए अनिवार्य नहीं हैं- जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटर टेक्नोलॉजी और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी तेजी से बढ़ रही हैं, लेकिन हवा, पानी और मिट्टी जैसी सभी आवश्यक वस्तुओं का भारी क्षरण हो रहा है। हवा, पानी, मिट्टी की कीमत पर विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अर्थव्यवस्था को बढ़ाना आधुनिकता है या मूर्खता? विवेकशील बनें। पहले अपने जीने के आधार को सुरक्षित रखें और फिर विकास की सोचें। खपत को सीमित करना ही एकमात्र विकल्प है। कोई भी विज्ञान और प्रौद्योगिकी हमें इस पर काबू पाने में मदद नहीं कर सकती। उपभोग बढ़ाने के लिए अधिक उत्पादन करना होता है, अधिक संसाधनों का उपयोग करना होता है और अधिक पैसा खर्च करने होते हैं। लेकिन उपभोग को सीमित करने के लिए हमें उन कार्यों को करने से बचना होगा, जिन्हें आसानी से टाला जा सकता है। उपभोग को सीमित करना आसान है, क्योंकि इसके लिए किसी चीज की आवश्यकता नहीं है। यह तुरंत किया जा सकता है। अपने बच्चों के लिए एक रहने योग्य ग्रह छोड़कर जाएं।

सोशल फोरम

मंदिर क्यों जाते हैं

आधुनिक काल में परंपराओं के पुनर्गठन और आदतों के पुनर्गठन की प्रक्रिया चल रही है। ये एक-दूसरे से अभिन्न रुप से जुड़ी हैं। इस प्रक्रिया ने नई छलांग नव्य आर्थिक उदारीकरण के दौर में लगाई। इसने धर्म के प्रति समाज की भावनाएं बदलीं। धर्म और परंपरागत संस्कारों का पुनर्गठन किया। अब भगवान की मूर्ति पूजा, मंदिर जाना, नदी स्नान आदि इवेंट और जश्न के रुप में मनाए जाते हैं। जश्न मनाने की संस्कृति सैलिब्रिटी संस्कृति है। सैलीब्रिटी कल्चर कृत्रिम प्रस्तुति की संस्कृति है।

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

धर्म क्या है? मंदिर क्यों जाते हैं? पूजा क्यों करते हैं? पूजा कैसे करनी चाहिए? पवित्रता किसे कहते हैं? आदि सवालों पर हमने सोचना बंद कर दिया है।

अब सारी चीजें पॉपुलर कल्चर और सैलीब्रिटी कल्चर से प्रभावित हो रही हैं। अब धर्म का नहीं सैलीब्रिटी कल्चर का अनुकरण करने लगे हैं। मंदिरों में हम जो विभिन्न तिथियों पर कार्यक्रम देखते हैं और खास दिन अचानक बड़ी संख्या में दर्शनार्थियों की भीड़ देखते हैं या फिर दैनंदिन रुप में मंदिर जाने वालों को देखते हैं तो वे क्यों जाते हैं? कौन सी चीज है जो उनको प्रेरित करती है?

वे असल में अपनी भावनाओं की सर्जनात्मक अभिव्यक्त करने के लिए मंदिर जाते हैं। विभिन्न रुपों में अपने दुख-सुख-आनंद आदि को अभिव्यक्त करने के लिए मंदिर जाते हैं। मंदिर जाना, वस्तुतः अभिव्यक्ति का प्राचीनतम सार्वजनिक मानवीय कर्म है। मंदिर जाना, नदी स्नान करना आदि प्राचीनतम सार्वजनिक अभिव्यक्ति के रुप हैं।

अभिव्यक्ति के लिए सार्वजनिक स्पेस जरुरी है। इसने आधुनिक काल में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रत्येक क्षेत्र में, प्रत्येक नागरिक के लिए विकास किया। जिस तरह धर्म अधिकार है, उसी तरह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी जनता का अधिकार है। यही वजह है धर्म और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मानवाधिकार है। मंदिर जाने वाले सामूहिक तौर पर आनंद लेते हैं। कहने के लिए मंदिर जाना धार्मिक गतिविधि है। लेकिन असल में यह मानवाधिकार है।

-फेसबुक वॉल से

लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिहाज से कम मतदान एक गंभीर मुद्दा

पहले दो-चरण का चुनाव 19 और 26 अप्रैल को हुआ था। 7 और 13 मई को लोकसभा चुनाव के तीसरे और चौथे-चरण के बाद 379 लोकसभा सीटों का भाग्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में कैद हो गया है। इस प्रकार से लोकसभा की कुल 543 सीटों में से दो-तिहाई से अधिक सीटों पर मतदान चुनाव पहले चार-चरणों में समाप्त हो चुका हैं। शेष 164 सीटों पर चुनाव बाकी तीन-चरण 20, 25 मई और 1 जून को होंगे।

स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह पहली बार होगा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी- कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव 2024 में 400 से कम सीटों पर आम चुनाव लड़ रही है। सीटों की संख्या में कमी मुख्य रूप से सबसे पुरानी पार्टी की गठबंधन प्रतिबद्धताओं के कारण है। कांग्रेस इन चुनावों में विपक्ष के इंडी गठबंधन का हिस्सा है। 2019 में लड़ी गई कम से कम 101 सीटों को कांग्रेस ने 2024 के आम चुनावों में इंडी गठबंधन के सहयोगियों को दे दी है।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के तहत लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा द्वारा लड़ी जा रही सीटों की संख्या भाजपा के प्रभुत्व को दर्शाती है। जबकि 2024 में कांग्रेस द्वारा लड़ी जा रही सीटों की संख्या इंडी गठबंधन में कांग्रेस द्वारा उदारवादी आत्मसमर्पण को प्रतिबिंबित करती है। हालांकि गठबंधन सरकार की हमेशा अंतर्निहित सीमाएं होती हैं लेकिन मतदाताओं के सामने आज यक्ष प्रश्न यह है कि उनका मत सामर्थ्य वाली 'मजबूत सरकार' के लिए हो या फिर विकलांग 'मजबूर सरकार' के लिए हो?

लोकसभा चुनाव -2024 के वोट प्रतिशत पर नजर डालें तो पहले चरण में 66.14 प्रतिशत और दूसरे चरण में 66.71

डॉ. भारत
पंजाब विवि, चंडीगढ़

> मतदाता के अंतर्मन में क्या चल रहा है उसकी अंतरात्मा की आवाज क्या पुकार कर रही है यह न तो कोई जानता है और न ही कोई ठोस अनुमान लगा सकता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता हमेशा राजा होता है।

प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। लोकसभा चुनाव के तीसरे और चौथे चरण में क्रमशः 64.58 और 67.25 प्रतिशत मतदान हुआ। चारों का औसत 66.17 प्रतिशत आता है जो कि बहुत उत्साहवर्धक नहीं है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिहाज से देखें तो कम मतदान प्रतिशत अच्छी खबर नहीं है अपितु एक गंभीर मुद्दा है। हालांकि, अभी चार चरण का मतदान बचा हुआ है। अभी भी घटनाओं और आश्चर्यों की गुंजाइश है, जो चुनाव का रुख बदल सकते हैं। परन्तु खास बात है कि भारतीय चुनाव आयोग की तरफ से किए गए कई प्रयासों के बावजूद कम मतदान प्रतिशत कई सवाल खड़े करता है। मतदान प्रतिशत में गिरावट का कारण क्या है? कम मतदान प्रतिशत कार्यकर्ताओं की उदासीनता है या फिर मतदाताओं की उदासीनता? कम मतदान के नतीजों से किस दल को फायदा और किस दल को नुकसान होगा? मतदाताओं को जगाने और उन्हें मत देने के लिए प्रेरित करने की रणनीति बनाने के लिए कौन जिम्मेदार है... भारतीय चुनाव आयोग या राजनीतिक दल?

मतदान का उच्च प्रतिशत जीवंत लोकतंत्र का प्रतीक माना जाता है। कम मतदान से किसे चुनावी फायदा होगा और किसको घाटा, वास्तव में इसका कोई हिसाब नहीं होता है। कई बार मतदान प्रतिशत गिरता है फिर भी सरकार जीत कर वापसी करती हैं और कई बार मतदान प्रतिशत कम होने से सरकारों को हार का भी सामना करना पड़ता है। भारतीय संविधान देश के नागरिकों को मतदान का अधिकार देता है जो राजनीतिक राय व्यक्त करने का एक माध्यम है। मतदान नागरिकों को नागरिकता के महत्व का एहसास करने में मदद करता है। मतदान का अधिकार सामाजिक जागरूकता को सक्रिय करता है और राजनीतिक सहयोग को सशक्त बनाता है। बहुत से मतदाता यह सोचते हुए मतदान नहीं करते कि एक मत से कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन एक लोकतांत्रिक देश के रूप में, भारत चुनाव की नींव पर बना है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र माने जाने वाले भारत की चुनाव प्रणाली हमेशा कारगर और सही साबित हुई है। मतदान करना भारतीय नागरिक का न सिर्फ अधिकार है बल्कि मौलिक कर्तव्य भी है।

मतदाता के अंतर्मन में क्या चल रहा है उसकी अंतरात्मा की आवाज क्या पुकार कर रही है यह न तो कोई जानता है और न ही कोई ठोस अनुमान लगा सकता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता हमेशा राजा होता है क्योंकि उसका मत भावी सरकार के भाग्य का फैसला करने में निर्णायक होता है। 4 जून 2024 को वोटों की गिनती के साथ ही लोगों की राजनीतिक इच्छा सार्वजनिक हो जाएगी और नई सरकार के लिए अगले पांच वर्षों के लिए सत्ता की बागडोर संभालने का सूर्योदय होगा।

विश्वसनीयता बनाए रखने को प्रयास जरूरी

बात 2019 के चुनाव की है। मेरी ड्यूटी पीठासीन अधिकारी की थी। भरपूर ट्रेनिंग के बाद अंततः वो दिन भी आ गया। जब हमें चुनाव सामग्री और सामान ले अपने बूथ की तरफ प्रस्थान करना था। चुनाव सामग्री के साथ हमें बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और विविपैट दिया गया। हमे ट्रेनिंग में बताया गया था कि पूरे सिस्टम को लेने के बाद आपको उसे चेक करना है कि उसकी बैटरी वगैरह सही है या नहीं। सिस्टम सही होने पर ही ले जाना है अन्यथा शिकायत दर्ज करनी है।

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

हमे जो विविपैट दिया गया था। उसका डोर टूटा हुआ था। यानी जहां से हाथ डाल हम पर्चियों को निकालेंगे उसी डोर का एक कब्जा टूटा हुआ था। मैंने खराब विविपैट को लेने से मना कर दिया और इसे बदलने के लिए कहा। इस पर वहां बैठे व्यक्ति ने कहा कि पहले इसे ठीक कर आपको देते हैं अन्यथा दूसरा देंगे क्योंकि इसके सीरियल नंबर की एंट्री आपके साथ हो चुकी है। उस व्यक्ति ने एक दूसरे आदमी को बुलाया और इसे ठीक करने के लिए कहा। दूसरे व्यक्ति ने एक नया डोर मंगवाया और उसे थोड़ा बेंड कर दोनों तरफ लगे होल में उसके बाहर निकले हिस्सों को फंसा दिया। डोर अब बिल्कुल सही हो गया था और बंद करने पर सील लगाने वाले होल भी सेट बैठ रहे थे। मैं विविपैट लेकर मतदान के लिए तो चला गया। लेकिन उसके डोर को सेट करने का दृश्य मेरी आंखों के सामने घूमता रहा। मैं यही सोच रहा था कि जिस तरह इसे लगाया गया, क्या उसी तरह खोला भी जा सकता है। क्योंकि सील तो नीचे लगी होती है।

खैर आज मशीन से चुनाव पर बहुत लोग संदेह करते हैं। और इसे फूल प्रूफ नहीं मानते। इसे लेकर सबसे पहले बीजेपी ने ही सवाल उठाए थे। उसके बाद देश की मुख्य विपक्षी पार्टियों ने भी इस पर संदेह जाहिर किया। कुछ लोगों का मानना है कि परिणामों से छेड़छाड़ नही हो सकती। कुछ इसके विपरीत कहते हैं, फिर से बैलेट पेपर से चुनाव की बात भी करते हैं। लेकिन भारत की आबादी को देखते हुए बैलेट पेपर एक समय खाने वाली प्रक्रिया है और इससे बाहुबलियों की बन आएगी। आज जरूरत लोगों के संदेह निवारण की है और इसके लिए चुनाव आयोग को ज्यादा पारदर्शिता लाने की जरूरत है। अभी जिस तरह चुनाव के बाद दिए गए आंकड़ों में 5 से 6 प्रतिशत का अंतर हो गया। उससे भरोसा घटता है। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट में बाकायदा एक याचिका भी लगाई गई है कि आंकड़े 48 घंटे के अंदर दिए जाने चाहिए। क्योंकि पहले चरण के आंकड़े 11 दिन बाद और दूसरे चरण के 4 दिन बाद दिए गए। चुनाव आयोग को अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए बहुत प्रयास करने की जरूरत है। जिसमे सभी विविपैट की पर्चियों का मिलान की एक प्रमुख मांग भी है।

अकारण मुकदमा स्थगन की परंपरा न्याय प्रणाली के लिए खतरनाक

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ हाई कोर्ट ने की मुकदमे स्थगित करने की प्रथा की निंदा

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने वादकारियों के बीच बिना किसी ठोस कारण के मुकदमे को स्थगित करने की प्रथा की निंदा करते हुए कहा कि किसी आवेदक द्वारा सुनवाई की तारीख पर या कुछ दिन पहले अपने पैरोकार के माध्यम से मुकदमा स्थगित करवाना उचित नहीं माना जा सकता है।

विशेषकर ऐसे आवेदक के लिए जो पिछली तारीखों पर भी बार-बार स्थगन ले चुका हो। ऐसी परिस्थितियां न्याय प्रणाली में गतिरोध उत्पन्न करती हैं और कानून व्यवस्था के लिए खतरनाक सिद्ध होती हैं। उक्त टिप्पणी के साथ न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत पुलिस स्टेशन सिविल लाइंस, अलीगढ़ में दर्ज मामले में जमानत के लिए प्रवीण द्वारा दाखिल याचिका खारिज कर दी, क्योंकि पहले आठ तारीखों पर भी याची के अधिवक्ता के अनुरोध पर या उसकी अनुपस्थिति के कारण या दलीलों के आदान-प्रदान के लिए स्थगन आदेश दिया गया था। एक बार फिर पैरोकार के माध्यम से स्थगन आदेश के लिए अनुरोध किए जाने पर कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। मामले के अनुसार याची पर अलीगढ़ शहर के मध्य एक व्यस्त स्थान पर एक व्यवसायी का पीछा करके उसकी हत्या करने का आरोप है। रिकॉर्ड पर उपलब्ध बयानों और साक्ष्यों से याची के खिलाफ मामला बनता है। हालांकि याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि याची की पहचान करने वाला कोई चश्मदीद गवाह उपलब्ध नहीं है और उसके नाम का खुलासा सह- अभियुक्त के इकबालिया बयान में हुआ था जो पहले ही जमानत पर रिहा हो चुका है। अन्य सह-अभियुक्तों को भी पहले ही जमानत मिल चुकी है और याची के खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य उपलब्ध नहीं हुआ है। ऐसी स्थिति में उसे जमानत मिल जानी चाहिए, लेकिन सरकारी अधिवक्ता ने याची के 18 मामलों के लंबे आपराधिक इतिहास का खुलासा करते हुए कहा कि उसकी जमानत समाज के लिए खतरा है और बैलेस्टिक रिपोर्ट से यह सिद्ध हुआ है कि याची की निशानदेही पर जो हथियार बरामद हुए, उसका इस्तेमाल घटना को अंजाम देने के लिए किया गया था। अतः कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी।

हलफनामे में निंदनीय भाषा पर जताई आपत्ति

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ आम बोलचाल की भाषा में दिए गए तर्कों का इस्तेमाल उचित नहीं

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक वादी के हलफनामे में निंदनीय भाषा पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उसे तुरंत रिकॉर्ड से हटा दिया। दरअसल हलफनामे में याची के अधिवक्ता ने वित्तीय कठिनाइयों का सामना कर रही एक बुजुर्ग महिला की तुलना एक टीवी शो ऑफिस-ऑफिस के पात्र मुसद्दीलाल से की।

ऐसी भाषा को कोर्ट रिकॉर्ड के लिए अस्वीकार्य मानते हुए न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की एकलपीठ ने शोभावती पांडेय की याचिका को निस्तारित करते हुए कहा कि यह न्यायालय याची की पीड़ा को समझ सकता है, लेकिन आम बोलचाल की भाषा में दिए गए तर्कों और निंदनीय दलीलों के इस्तेमाल को उचित नहीं ठहराता है। मामले के अनुसार एक सरकारी कर्मचारी की विधवा ने इस आरोप के साथ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया कि उसे न्यायालय के आदेशानुसार दिसंबर 2010 से पारिवारिक पेंशन मिल रही थी, हालांकि इस साल अप्रैल में कोर्ट को बताया गया कि बिना किसी कारण याची की पेंशन रोक दी गई है। इस पर कोर्ट ने माध्यमिक शिक्षा उपनिदेशक, आजमगढ़ और वरिष्ठ कोष अधिकारी, बलिया को एक सप्ताह के भीतर कोर्ट के पूर्व आदेश का पालन करने का निर्देश दिया, जिसके अनुपालन में वरिष्ठ कोष अधिकारी द्वारा 1 मई को हलफनामा दाखिल किया गया, जिसमें याची को पेंशन के साथ मार्च 2024 तक पारिवारिक पेंशन का बकाया भुगतान करने के बारे में बताया गया। इसी हलफनामे के जवाब में याची के अधिवक्ता ने प्रत्युत्तर हलफनामा दाखिल किया, जिसमें उसने बताया कि याची से गैर कानूनी मांगे की गई और पारिवारिक पेंशन के लिए पात्र होने के बावजूद उसे भुगतान नहीं किया जा रहा है।

बुजुर्ग याची महिला की वित्तीय स्थिति की तुलना टीवी शो के एक पात्र 'मुसद्दीलाल' से की गई, जिसे अस्वीकार करते हुए कोर्ट ने अगले आदेश तक याची को नियमित रूप से पेंशन भुगतान का आदेश देते हुए मामले को 16 मई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

अब्दुल्ला आजम के फर्जी प्रमाण पत्र मामले में फैसला सुरक्षित

प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के मामले में सपा नेता आज़म खान, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम और पत्नी तंजीन फातिमा की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर लगभग 3 घंटे तक चली सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई। मालूम हो कि आजम खान और उनके परिवार ने रामपुर एमपी/एमएलए कोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने वाले फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए जमानत देने और सजा को रद करने के लिए आपराधिक पुनरीक्षण याचिका दाखिल की थी, जिस पर फैसला सुरक्षित कर लिया गया है।

एक नजर

पद्मश्री साहू सुशील सहाय का निधन

मुरादाबाद, अमृत विचार : बिलारी के प्रतिष्ठित साहू घराने से संबंध रखने वाले साहू सुनील सहाय के बड़े भाई सुशील सहाय का मंगलवार को अस्वस्थ रहने की कारण निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे। उन्होंने करीबी गांव नगलिया जट स्थित फार्म हाउस हरविलास में अंतिम सांस ली। उन्होंने मैथा की शिवालिक प्रजाति का आविष्कार किया। इसी के लिए तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया था।

मुख्यमंत्री योगी की मां एम्स में भर्ती

देहरादून : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और उत्तराखंड के पौड़ी जनपद के मूल निवासी योगी आदित्यनाथ की माता मंगलवार को स्वास्थ्य कारणों से जांच के लिए ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती की गई है। एम्स के जन संपर्क अधिकारी ने बताया कि योगी की 85 वर्षीय मां सावित्री देवी को वृद्धावस्था में होने वाली परेशानियों के कारण यहां नियमित परीक्षण के लिए लाया गया है और उन्हें जिरियाट्रिक वार्ड में रखा गया है।

मोदी, ठाकुर के खिलाफ दायर याचिकाएं खारिज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर समेत भाजपा के कई अन्य नेताओं की ओर से आम चुनाव 2024 में अप्रैल-मई के दौरान कथित तौर पर नफरती भाषण देने के खिलाफ उन पर कानूनी कार्रवाई करने के लिए चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग वाली याचिकाएं मंगलवार को खारिज कर दीं।

पिटाई के आरोपी अधिवक्ताओं के खिलाफ अवमानना नोटिस जारी

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ प्रयागराज जिला न्यायालय में घटी घटना पर हाई कोर्ट ने जताई चिंता

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने जिला न्यायालय परिसर में वादकारियों से मारपीट करने के मामले में आरोपी 10 अधिवक्ताओं के खिलाफ आपराधिक अवमानना नोटिस जारी करते हुए उन्हें परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया है। कोर्ट ने सोमवार को पारित अपने आदेश में कहा कि ऐसी घटनाओं को गंभीरता से देखा जाना चाहिए।

यह न्यायालय न्यायिक कार्यवाही को इस तरह से बाधित करने की अनुमति नहीं दे सकता है। वादकारियों को अदालत कक्ष में बेरहमी से पीटा जाना और पीठासीन अधिकारी का अपनी सुरक्षा के लिए अपने कक्ष से भागना अत्यंत चिंतनीय है। हाईकोर्ट ने पुलिस आयुक्त, प्रयागराज को जिला न्यायालय में न्यायिक कार्यों के सुचारु क्रियान्वयन के लिए जिला न्यायाधीश के निर्देशानुसार पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराने का भी आदेश दिया, साथ ही आरोपी अधिवक्ताओं के आपराधिक इतिहास को निर्दिष्ट करने के लिए एक जिम्मेदार अधिकारी नियुक्त करने को कहा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मोहम्मद अज़हर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने जिला न्यायाधीश द्वारा भेजी गई एक रिपोर्ट में कथित घटना में शामिल अतिरिक्त 10 अधिवक्ताओं के नाम पर कार्रवाई करते हुए पारित किया।

एसएफजे के तीन कार्यकर्ता गिरफ्तार

● लिखे थे खालिस्तान समर्थक नारे

चंडीगढ़ / बठिंडा। काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) बठिंडा और जिला पुलिस ने पंजाब और दिल्ली में बठिंडा सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखने के आरोप में सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के तीन कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। डीजीपी गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार लोगों में बठिंडा के गांव जीवन सिंह वाला निवासी गोगी सिंह और तलवंडी साबो के गांव जियोन सिंह वाला निवासी जॉनी है, तीसरे की पहचान फरीदकोट के गांव दोआद के प्रीतपाल सिंह के रूप में हुई है, जिसे बठिंडा जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाया गया है।

बरेली की स्नेहा ने यूएसए में सिल्वर मेडल जीता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ अमेरिका में आयोजित चैंपियनशिप में हासिल की दूसरी रैंकिंग

सिल्वर मेडल हासिल करने वाली स्नेहा गुप्ता।

अमृत विचार : लखनऊ और बरेली से संबंध रखने वाली स्नेहा गुप्ता ने अमेरिका में नेशनल राइफल एवं पिस्टल जूनियर ओलंपिक चैंपियनशिप 2024 में सिल्वर मेडल जीता। इस मेडल के साथ ही स्नेहा ने अंडर-21 में अमेरिका में दूसरी रैंकिंग हासिल करने की भी उपलब्धि अपने नाम की। स्नेहा जूनियर विश्व चैंपियनशिप में अमेरिका की ओर से खेलना चाहती हैं। यह चैंपियनशिप सितंबर अक्टूबर में पेरू की राजधानी लीमा में आयोजित होगी।

बरेली और लखनऊ में संचालित एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति की नातिन और लखनऊ स्थित एसआरएमएस संस्थानों के डायरेक्टर प्रोफेसर श्यामल गुप्ता की बेटी स्नेहा गुप्ता (14 वर्ष) लखनऊ के कुंसकैपकालन स्कूल में दसवीं की छात्रा हैं। श्यामल ने बताया कि यूएसए ओलंपिक एसोसिएशन की संस्था यूएसए शूटिंग की ओर से 14 से 16 अप्रैल में नेशनल राइफल/पिस्टल जूनियर ओलंपिक चैंपियनशिप आयोजित हुई। राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त खिलाड़ियों के लिए आयोजित इस चैंपियनशिप के लिए अमेरिका के सभी 50 स्टेट के विनर और रनरअप यानी गोल्ड और सिल्वर हासिल करने वाले खिलाड़ियों ही आमंत्रित किये जाते हैं। इसी वर्ष फरवरी में कोलरॉडो में स्टेट चैंपियनशिप आयोजित हुई। इसमें अमेरिकी नागरिकता हासिल स्नेहा ने अंडर-21 जूनियर स्टेट चैंपियनशिप जीती थी। इसी वजह से उन्हें अमेरिका में नेशनल राइफल एवं पिस्टल जूनियर ओलंपिक चैंपियनशिप 2024 में खेलने का आमंत्रण मिला। स्नेहा ने कोलराडो स्टेट का प्रतिनिधित्व किया और चैंपियनशिप में दूसरा स्थान हासिल कर सिल्वर मेडल जीता। इससे 14 वर्षीय स्नेहा को यूएसए में अंडर 21, जूनियर टीम रैंकिंग में दूसरा स्थान भी मिला। जबकि गोल्ड मेडल हासिल करने वाली खिलाड़ी की उम्र 21 वर्ष है। स्नेहा अपनी उपलब्धि का श्रेय लखनऊ स्थित श्रीराम शूटिंग रेंज एकेडमी के अपने कोच सुजन सिंह और अमेरिकी कोच एलेक्सेस लगान को देती हैं। स्नेहा कहती हैं कि उनका सपना जूनियर विश्व चैंपियनशिप में अमेरिका की ओर से खेलना हैं। स्नेहा की इस उपलब्धि पर एसआरएमएस ट्रस्ट क संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति और सचिव आदित्य मूर्ति ने बधाई दी। कहा कि स्नेहा जरूर भारत के लिए ओलंपिक पदक हासिल करेगी।

गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में उमड़ा भक्तों का सैलाब

▸▸ यमुनोत्री धाम पहुंचने वालों की संख्या इस बार 12148 पहुंची

ब्यूरो, देहरादून

यमुनोत्री धाम के दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालु।

अमृत विचार : यमुनोत्री और गंगोत्री धाम में इस बार पहुंचे तीर्थयात्रियों ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। खासकर दो दिनों से रिकॉर्ड भीड़ जुटने से धामों में मंदिर समिति ने देर रात तक दर्शन कराया है। जबकि यमुनोत्री की भीड़ और गंगा सप्तमी पर बड़ी संख्या में गंगोत्री में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। इससे धाम में खासी चहल पहल देखने को मिल रही है। इधर, रिकॉर्ड भीड़ जुटने पर पुलिस-प्रशासन ने देर रात तक व्यवस्था बनाई है।

चारधाम में इस बार रिकॉर्ड तीर्थयात्री जुट रहे हैं। करीब 6 किमी पैदल दूरी पर यमुनोत्री धाम में भी रिकॉर्ड यात्री दर्शन को पहुंच रहे हैं। यमुनोत्री धाम में 2023 में 28 मई को सर्वाधिक 12045 तीर्थयात्री पहुंचे थे, जो पिछले कई सालों के रिकॉर्ड था। लेकिन इस साल बीते दिवस यमुनोत्री में 12148 तीर्थयात्रियों की संख्या ने नया रिकॉर्ड बना लिया है। यमुनोत्री में दर्शन को तीर्थयात्रियों की भीड़ जुटने का सिलसिला जारी है। इसके लिए प्रशासन ने बैरियर और गेट सिस्टम लागू कर दिया है। अब यमुनोत्री धाम में दर्शन सुचारू रूप से हो रहे हैं। लेकिन यमुनोत्री की भीड़ गंगोत्री धाम में पहुंचने से दबाव बढ़ गया है। यहां दो दिनों से रिकॉर्ड तीर्थयात्रियों ने दर्शन किये हैं। पिछले साल यमुनोत्री के बाद गंगोत्री में 29 मई को रिकॉर्ड 13670 तीर्थयात्री एक दिन में पहुंचे थे, जो इस साल गत दिवस 18973 हो गया है। यह अब तक का सर्वाधिक तीर्थयात्रियों के पहुंचने का रिकॉर्ड कायम हो गया है। जबकि आज गंगा सप्तमी पर टिहरी और उत्तरकाशी जिले की देव डोलियों के पहुंचने से दबाव और बढ़ गया है। इससे व्यवस्था बनाने में प्रशासन, पुलिस और मंदिर समिति को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। श्री पांच गंगोत्री मंदिर समिति अध्यक्ष हरीश सेमवाल ने बताया कि प्रशासन के अनुरोध पर देर रात तक मंदिर में तीर्थयात्रियों के दर्शन कराए गए।

पंतनगर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, हड़कंप

संवाददाता पंतनगर

● सुरक्षा व्यवस्था की गई चाक चौबंद, बम निरोधक दस्ते के सर्च अभियान में नहीं मिला बम

अमृत विचार: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के पंतनगर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला है। जिससे एएआई में मुख्यालय से एयरपोर्ट तक हड़कंप मच गया। आनन-फानन एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था सख्त करते हुए बम निरोधक दस्ता बुलाकर सर्च अभियान चलाया गया। जिसमें कोई अवांछनीय वस्तु नहीं मिलने पर अधिकारियों ने चैन की सांस ली।

हवाई सेवा प्रदाता सरकारी कंपनी एलायंस एयर के पास बीती 11मई को एक धमकी भरा ईमेल आया था, जिसमें अज्ञात व्यक्ति ने पंतनगर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। कंपनी प्रबंधन ने सोमवार की शाम एएआई के मुख्यालय सहित पंतनगर एयरपोर्ट के डायरेक्टर सुमित सक्सेना को ईमेल फॉरवर्ड कर मामले से अवगत कराया। जिसके बाद तत्काल सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट कर पुलिस प्रशासन और बम निरोधक दस्ते को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे बम निरोधक दस्ते ने एयरपोर्ट परिसर व टर्मिनल बिल्डिंग सहित रन वे और आवासीय परिसर की सघन तलाशी ली। लगभग तीन घंटे चली इस कार्रवाई में दस्ते को एयरपोर्ट में कोई अवांछनीय वस्तु नहीं मिली। जिसके बाद अधिकारियों ने चैन की सांस ली। लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए त्रिस्तरीय चेकिंग (मुख्य प्रवेश द्वार, टर्मिनल बिल्डिंग प्रवेश द्वार और बोर्डिंग के समय स्क्रीनिंग) सहित लगेज जांच को बढ़ाकर सख्त कर दिया गया है।

पंतनगर एयरपोर्ट के डायरेक्टर सुमित सक्सेना ने बताया कि एलायंस एयर के पास 11 मई को अज्ञात व्यक्ति की मेल आई थी। जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं। बम निरोधक दस्ते के सर्च अभियान में कोई भी अवांछनीय वस्तु नहीं मिली। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि सुबह-शाम पीडीएस से चेकिंग सहित यात्रियों को एयरपोर्ट के बाहर उतारा जाएगा। सारे कर्मचारियों के रात्रि पास निरस्त कर दिए गए हैं। उन्हें भी जांच के बाद एयरपोर्ट के अंदर प्रवेश दिया जाएगा।

चार फ्लाइटों में रोज आते-जाते हैं छह सौ यात्री

पंतनगर। एयरपोर्ट से वर्तमान में चार फ्लाइट्स का संचालन हो रहा है। जिनमें दिल्ली-पंतनगर के बीच दो फ्लाइट (72 सीटर), देहरादून-पंतनगर-वाराणसी के बीच एलायंस एयर की एक फ्लाइट (78 सीटर) व देहरादून- पिथौरागढ़-पंतनगर के बीच एक फ्लाइट (19 सीटर) शामिल हैं। जिनमें लगभग छह सौ यात्री रोज यात्रा करते हैं।

वर्ग पहेली-70



बाएं से दाएं

1.1. तलवार 2. काले रंग की एक चिड़िया 3. राजस्थान में एक जिले का नाम।

2.1. किसी चीज़ को निकालने के लिए ज़मीन आदि खोदा जाना 2. मिट्टी हटाकर गहरा गड्ढा करना, खनना 3. खुदने के रूप में अंकित या चिह्नित होना।

5. पैर में पहनने का एक प्रकार का सिला हुआ वस्त्र जिससे टखने से कमर तक का भाग ढका रहता है, पाजामा, सुथना, तमान, इज़ार।

6.1. किसी चीज़ के किनारे पर सजावट के लिए बनाई गई लटकन, शोभा के लिए किसी वस्तु पर लगाया जाने वाला लहरदार किनारा या लटकन 2. छोर, किनारा, सिरा 3. किसी उत्सव या समारोह आदि में इमारतों पर लगाई जाने वाली बिजली के छोटे छोटे बल्बों की शृंखला 4. देवताओं की पूजा के समय बजाई जाने वाला झांझ। 9. रवेवाला, दानेदार।

ऊपर से नीचे

1.1. मुकुट, ताज, शिरोमणि 2. प्राचीन समय में प्रचलित एक प्रकार का केश-विन्यास।

3.1. साम्राज्य, विशाल राज्य 2. प्रभुत्वसंपन्न राज्य 3. प्रभुत्व, आधिपत्य 4. उद्योग जगत में बहुत बड़ी कंपनी या कई कंपनियों का समूह।

4.1. युवावस्था या उससे कुछ पहले की अवस्था का पुरुष, युवा 2. पुत्र, बेटा 3. राजा का पुत्र, राजकुमार, युवराज 4. (पुराण) सनक

5.1. एक प्रसिद्ध सवारी जिसमें सवार आराम से बैठता या लेटता है और जिसे कहार या मज़दूर कंधे पर उठाकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते हैं, डोली, शिविका 2. पालक नामक साग।

7.1. सजाने की क्रिया या भाव 2. सजावट की सामग्री 3. सज्जा, सजावट, सज-धज 4. संगीत में प्रयुक्त वाद्य यंत्र 5. युद्ध में प्रयोग किए जाने वाले अस्त्र-शस्त्र, युद्ध सामग्री, आयुध 6. सवारी के लिए घोड़े को तैयार करने का सामान 7. मेलजोल 8. अनुकूलता।

8. स्वर, आवाज़। (मु.)-में सुर मिलाना : किसी की हां में हां मिलाना, किसी का समर्थन करना।

वर्ग पहेली -69 का हल

1 बा	का		2 इ		3 जी	
ल		4 अ	म	ल	ता	सी
	5 उ		र		जा	
	प		जें		ग	
6 अ	धि	शा	सी		ता	
गि						
7 या	र	बा	श		8 ब	च

सुडोकू -149

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1				2		3		
	4		5			6		
	2		6					
6				3				
7								4
5				9				3
		1			7		9	
		6	2					
				1				6

सुडोकू -148 का हल

1	5	7	8	9	2	3	4	6
8	4	2	3	5	6	1	9	7
9	6	3	7	4	1	8	2	5
7	3	6	2	8	4	5	1	9
2	9	1	5	3	7	6	8	4
5	8	4	6	1	9	7	3	2
4	2	8	1	7	5	9	6	3
6	1	5	9	2	3	4	7	8
3	7	9	4	6	8	2	5	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 मई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी पूर्णरात्रि तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्लेशा 15.25 तक तत्पश्चात मघा।

मेष — आज आप किसी के साथ प्रेम संबंध में हैं और किसी को इस बारे में पता नहीं है तो लोगों को इसके बारे में पता चलने की संभावना है। उनके द्वारा आपके प्रेम संबंधों में खटास उत्पन्न करने की कोशिश भी की जाएगी।

वृष — आज आपकी उम्र चालीस वर्ष से कम है तो आपका शारीरिक स्वास्थ्य तो उत्तम रहेगा, लेकिन मानसिक तनाव होने की आशंका है। कोई चिंता आपको घेरे रह सकती है। ऐसे में योग अवश्य करें। सकारात्मक ऊर्जा का विशेष प्रभाव देखने को मिलेगा।

मिथुन — आज उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे लोगों को थोड़ा आराम मिलेगा तथा वे अपना ज्यादातर समय रचनात्मक कार्यों में दे पाएंगे। विवाह की प्रतीक्षा कर रहे लोगों को अपने मित्र पक्ष की ओर से विवाह का प्रस्ताव मिल सकता है।

कर्क — आज आप पहले से किसी के साथ रिलेशन में हैं तो आपका अपने साथी के प्रति विश्वास कम होने की आशंका है जिससे आपसी मतभेद और बढ़ जाएंगे। छात्रों को करियर को आगे बढ़ाने के अवसर मिलेंगे। किसी धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं।

सिंह — आज पिछले कुछ दिनों से आपके व्यापार में जो मंदी चल रही थी वह आज लाभ में बदल जाएगी। आपको बस चौकन्ना रहने की आवश्यकता है जिससे आप विभिन्न क्षेत्रों से लाभ अर्जित कर सकते हैं। साथ ही खर्चे कम होंगे जिससे बचत ज्यादा होगी।

कन्या — आज आप स्कूल में हैं तो आप अपने भविष्य के लिए तैयारियां शुरू कर देंगे। नई चीजों को सीखने पर बल देंगे, जो आगे चलकर कॉलेज व उच्च शिक्षा में बहुत काम आएगी। घर के नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं।

तुला — आज विवाहित लोगों को अपने जीवनसाथी का भरपूर साथ मिलेगा व दोनों का एक दूसरे के प्रति विश्वास और ज्यादा मजबूत होगा। आप अपने जीवनसाथी के साथ मिलकर भविष्य की रणनीति पर भी चर्चा करेंगे। पारिवारिक मामलों को अच्छी तरह सुलझा लेंगे।

वृश्चिक — आज परिवार के सभी सदस्य आपसे संतुष्ट दिखाई देंगे व किसी के मन में कोई गलत भावना नहीं होगी। पड़ोसियों के साथ कुछ नया करने का विचार कर सकते हैं जिससे समाज में प्रतिष्ठा में भी वृद्धि देखने को मिलेगी।

धनु — आज कॉलेज में पढ़ रहे छात्रों को अपने सहपाठियों का सहयोग मिलेगा। आप अपना कौशल अपनी रुचि के क्षेत्रों में दिखाएंगे, जो आगे चलकर आपके काम भी आएगा। महिलाओं को अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

मकर — आज परिवार में कुछ बातों को लेकर आपसी मतभेद अवश्य हो सकते हैं, लेकिन वे आपकी सूझ-बूझ से आसानी से सुलझ जाएंगे। इस दौरान माता-पिता के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें, क्योंकि उनके अस्वस्थ होने की आशंका है।

कुंभ — आज विवाहित लोग अपने पार्टनर को खुलकर समय देंगे जिससे दोनों के बीच आपसी रिश्ता और अधिक मजबूत बनेगा। आपको अपने जीवनसाथी का भरपूर साथ मिलेगा। यात्राओं के लिए दिन अच्छा है।

मीन — आज प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का मन थोड़ा आशंकित रहेगा व भविष्य को लेकर चिंता बनी रहेगी। ऐसे में अपने ऊपर मायूसी को हावी न होने दें व संयम बनाए रखें। रुका हुआ धन वापस मिल सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
जुआरी — सुबह : 10.28
इंसानियत — दोपहर : 03.21

&pictures
नो प्रॉब्लम — सुबह : 11.15
चुप — रात : 08.00

SONY PIX
क्लैश ऑफ द टाइटन्स — सुबह : 10.59
कैप्टेन फिलिप्स — रात : 08.43

ZEE CINEMA
लवशुदा — सुबह : 10.10
पुकार — रात : 07.00

colors CINEPLEX
रॉकेट्री : द नंबी इफेक्ट — सुबह : 09.44
गब्बर इज बैक — शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

जोक्स ऑफ द डे

अध्यापक ने कक्षा में पूछा-सीनियर और जूनियर में क्या अंतर है?
पप्पू ने हाथ खड़ा किया
शिक्षक ने कहा-शाबाश बेटा, बताओ?
पप्पू- सर, जो समुद्र के पास रहता हो वो सीनियर (सी-नियर) और जो चिड़ियाघर के पास रहता हो वो जूनियर (जू-नियर)।

पति - सुनो, तुमने मुझमें ऐसा क्या देखा था जो मुझसे शादी के लिए हां कर दी।
पत्नी - मैंने बालकनी से आपको एक-दो बार बर्तन साफ करते हुए देखा था।

भविष्य के डॉक्टरों ने चुनाव पर भी की दिल की बात

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के मेडिकल छात्रों ने बेबाकी से रखें चुनावी मुद्दे

- आने वाली सरकार से आस, शिक्षा, चिकित्सा और मिले रोजगार
- लोकसभा चुनाव को लेकर एमबीबीएस छात्रों ने उठाए मुद्दे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी में 20 मई को चुनाव है। जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है, चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। हर तरफ चुनावी चर्चा का माहौल है। आने वाले समय मे देश की बागडोर किसके हाथों में होगी, इसकी जोरों पर चर्चा है। हर चुनाव में युवाओं की अधिक भागीदारी मानी जाती है।

अमृत विचार ने इसी कड़ी में किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के मेडिकल छात्रों से उनके मुद्दे जाने। जिस पर एमबीबीएस के छात्रों ने कहा कि आने वाली सरकार ऐसी हो जो शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार की गारंटी दे। छात्रों का कहना है कि देश की आर्थिक मजबूती में युवाओं का बड़ा योगदान होता है। उनकी काबिलियत के अनुसार यदि रोजगार मुहैया हो तो आगे आने वाली पीढ़ी का भविष्य भी सुधरेगा।

पेपर लीक होने जैसी घटनाएं हर हाल में रुकनी चाहिए। निजी कॉलेजों की मनमानी पर अंकुश लगाना भी जरूरी है। साथ ही सरकार के पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल पर टिप्पणी भी की।

जमीनी स्तर पर जांच करनी चाहिए

विनीत मौर्य

छात्र विनीत ने कहा सरकारों को जमीन स्तर पर योजनाओं को लेकर हकीकत को परखना चाहिए। जैसे फ्री अनाज, पीएम आवास योजना में घपला हो जाता है। कोटेदार अनाज कम देता है और गांव का मुखिया अपने करीबी को पीएम आवास दिला देते हैं। ऐसे में सरकार को जमीनी स्तर पर जांच करनी चाहिए कि जो योजना हमने लागू की है।

आने वाली पीढ़ी को मजबूत करें


अनिमेश श्रीवास्तव

अमृत विचार से संवाद के दौरान एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के छात्र अनिमेश श्रीवास्तव ने बताया कि आजादी के बाद शिक्षा व्यवस्था में भी बदलाव आया है। लेकिन बेरोजगारी एक बड़ा मुद्दा है। हम लोग दूर दराज यहां पढ़ाई के लिए आते हैं। पढ़ाई के दौरान कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

वादे नहीं होते पूरे

निशांत गोस्वामी

छात्र निशांत गोस्वामी ने बताया कि सरकारें वादे तो करती हैं लेकिन पूरा नहीं करती हैं। युवाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती पेपर लीक होना है। सालों साल छात्र तैयारी करते हैं। लेकिन पेपर लीक हो जाता है। इस व्यवस्था में बदलाव होना चाहिए और भी कई तरह कि छात्रों के लिए चुनौतियां हैं। चिकित्सा क्षेत्र में बड़े बदलाव की जरूरत है।

हर क्षेत्र में हुआ सुधार


तरुण कुमार

छात्र तरुण कुमार ने कहा कि देखा जाए तो बीते 10-12 सालों में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। हर क्षेत्र में सुधार हुआ है। लेकिन सबसे बड़ा मुद्दा रोजगार हैं। सरकार को युवाओं की चुनौतियों को कम करने की योजना पर काम करना चाहिए। आज बेरोजगारी की मार झेल रहे युवा आत्महत्या करने को मजबूर हैं।

इस बार मुझे हर एक पोलिंग बूथ जीतना है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित, भरा जोश

बोले, हर पोलिंग बूथ में जितने वोट पड़े हैं, उसमें नए 370 वोट पड़ने चाहिए

राज्य ब्यूरो, वाराणसी/एजेंसी

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वाराणसी में भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने कार्यकर्ताओं को प्रत्येक पोलिंग बूथ पर विजय का मंत्र दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी तो जीत जाएगा, क्योंकि आप जिताने वाले हो, लेकिन इस बार मुझे हर एक पोलिंग बूथ जीतना है, जिसकी जिम्मेदारी आपकी है।

मोदी ने कहा कि हमारे बूथ पर पिछली बार जितने वोट मिले थे उसका हिसाब लगा लीजिए। इस बार वो रिकॉर्ड तोड़ना है। इसी कड़ी में उन्होंने मोदी ने कहा कि हम सब जानते हैं कि लोगों का विश्वास जीतना आसान नहीं होता है। पंचायत चुनाव में भी जीतना हो तो नाकों चने चबाने पड़ते हैं। 24 घंटे लोगों के प्रति समर्पित रहना पड़ता है, तब जनता प्यार करती है और अपना आशीर्वाद देती है। ऐसे में इस बार भी जनता का यह प्यार, यह उत्साह, यह आशीर्वाद रोड शो के साथ-साथ ईवीएम में भी दिखाई देना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस तरह धारा 370 हटाने के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया था, इस सपने को हमने पूरा किया है। मेरे जीवन की सबसे बड़ी घटना जम्मू-कश्मीर और श्रीनगर में बड़ी संख्या में मतदान होते देखना है। अगर श्रीनगर कर सकता है तो क्या काशी नहीं कर सकता है। इसीलिए 370 कोई सामान्य आंकड़ा नहीं है। मेरी इच्छा है कि हर पोलिंग बूथ में जितने वोट पड़े हैं, उसमें नए 370 वोट पड़ने चाहिए। यह मेरी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

बिना रुके-झुके और थके मोदी ने किया है कार्य : योगी

● रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, वाराणसी/एजेंसी : योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के प्रधानमंत्री के रूप में मोदी ने 10 वर्षों तक बिना रुके, बिना डिगे, बिना थके कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में नया भारत, श्रेष्ठ भारत के रूप में आत्मनिर्भर व विकसित होने की दिशा में आगे बढ़ चुका है। काशी में उनके नामांकन पर दुनिया कौतूहल व आश्चर्य से निगाह लगाई थी। यह विचार योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में मंगलवार को रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में वाराणसी संसदीय सीट के लिए आयोजित भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रकट किए। योगी ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि काशी को नए रिकॉर्ड बनाने की तरफ अग्रसर होना है, क्योंकि काशीवासियों से जनप्रतिनिधि व संगठन के लोगों से मार्गदर्शक के रूप में प्रधानमंत्री का जुड़ाव प्रेरणादायी है।

कार्यकर्ता सम्मेलन में इन नेताओं की रही मौजूदगी

कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, केंद्रीय मंत्री व चंदौली से भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, मछलीशहर के सांसद व प्रत्याशी बीपी सरोज, क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल, लोकसभा प्रभारी सतीश द्विवेदी, काशी के जिलाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

अपनी ढपली अपना राग

भाजपा हिंदुस्तान की सबसे विश्वसनीय राजनीतिक पार्टी है। कोई भी बता दे कि हमने चुनावी घोषणा पत्र की बातें पूरी न की हों। हमारी कथनी-करनी में कभी अंतर नहीं रहा है। – राजनाथ सिंह

हम अग्निवीर योजना को फाड़कर कूड़े में फेंक देंगे। शहीदों के नाम पर हम भेदभाव नहीं होने देंगे। मुफ्त अनाज योजना कांग्रेस की सरकार लेकर आई थी। – राहुल गांधी

मुलायम के लिए पहले समाज के वर्गों की चिंता प्राथमिकता से रही है और अखिलेश के लिए सत्ता सर्वोपरि है। मोदी ने सबका साथ-सबका विकास को सिद्ध करके दिखाया। – मोहन यादव

किसानों की आय दोगुनी छोड़िए। न खाद मिली, मिली तो चोरी हुई। ताली थाली बजवाकर वैक्सीन लगवा दिया। किसानों को नैनो यूरिया दिलवा दी, जिसका कोई लाभ नहीं। – अखिलेश यादव

इलेक्शन बायस्कोप

चुनावी मौसम में जनसभा अथवा रैली चाहे एनडीए की हो या इंडी गठबंधन की, उमड़ रही भीड़ देखते बनती है। ऐसी भीड़ को देखकर कतई अंदाजा नहीं लगाया जा सकता कि पलड़ा किस दल का भारी है। राहुल-अखिलेश की मंगलवार को झांसी में आयोजित एक संयुक्त रैली में भीड़ का यह दृश्य नजर आया। –अमृत विचार

आरक्षित सीटों पर महारथियों की भी जुड़ी प्रतिष्ठा

नेता जुटे अपने-अपने बच्चों के चुनाव प्रबन्धन में

कई सीटों पर आ सकते हैं चौंकाने वाले परिणाम

बाराबंकी समेत कई सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार। प्रदेश में 17 आरक्षित सीटें हैं, इन सीटों पर प्रत्याशी हीं नहीं, महारथियों की प्रतिष्ठा भी जुड़ी है। इन सीटों पर भाजपा अपने पूर्व की भांति, 2014 चुनाव जैसा क्लीन स्वीप करना चाहती है, वहीं सपा व कांग्रेस ने कद्दावर नेताओं के पुत्रों को प्रत्याशी बनाकर चुनौती बढ़ा दी हैं। पर्दे के पीछे महारथियों के उतरने से कई सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा समेत एनडीए गठबंधन ने प्रदेश की सभी आरक्षित सीटों पर विजय प्राप्त की थी, और 2019 में अपना दल (एस) के साथ 15 सीटों पर जीत दर्ज की थी। प्रदर्शन को कायम रखने के लिए भाजपा ने अधिकांश आरक्षित सीटों पर मौजूदा सांसदों पर ही भरोसा जताया है। मगर, वर्तमान में इन सीटों का राजनीतिक समीकरण बदल गया है।

आरक्षित सीटों की बात करें तो कौशांबी में भाजपा के मौजूदा सांसद शुमार विनोद सोनकर के सामने सपा के वरिष्ठ व कद्दावर नेता इंद्रजीत सरोज के पुत्र युवा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज चुनौती पेश कर रहे है। अपने पुत्र के चुनाव का पूरा प्रबन्धन इंद्रजीत खुद कर रहें हैं। यहीं हाल, मछली शहर सीट का है, भाजपा सांसद बीपी सरोज के सामने मुकाबले में सपा नेता तूफानी सरोज की पुत्री प्रिया सरोज हैं। दोनों ही नेता अपने बच्चों को चुनाव जिताने के लिए रात-दिन एक किये हुए हैं।

इसके बाद बाराबंकी सीट की बात करें तो भाजपा के पहले प्रत्याशी व मौजूदा सांसद उपेंद्र रावत की वजह से चर्चा में आई थी। सांसद को टिकट देते ही एक वीडियो वायरल होने पर, भाजपा बैकफुट पर आ गई और प्रत्याशी बदलकर राजरानी रावत को मैदान में उतारा है। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के तनुज पूनिया मैदान में है, जो कि पूर्व आईएएस और दिग्गज कांग्रेसी नेता पीएल पुनिया के पुत्र हैं। वहीं बसपा के शिव कुमार दोहरे चुनाव को त्रिकोणिय बनाने में जुटे हैं। शाहजहांपुर सीट पर भी भाजपा ने वर्तमान सांसद अरुण सागर उतारा है। इनका मुकाबला सपा की युवा प्रत्याशी ज्योत्सना से है।

इस सीट पर भाजपा की प्रतिष्ठा जुड़ी है क्योंकि प्रदेश सरकार के तीन मंत्री - वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद और सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौड़ शाहजहांपुर से जुड़े हुए हैं।

नगीना सीट पर भाजपा ने नहटौर के विधायक ओम कुमार को दिकट दिया है, सपा ने मनोज कुमार को मैदान में उतारा है। मगर इस सीट पर आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर रावण ने ताल ठोक दी है, इससे सीट पर बदले समीकरण का खुलासा 4 जून को देखने को मिलेगा। आजमगढ़ अंतर्गत लालगंज सीट पर भाजपा की वर्तमान विधायक नीलम सोनकर का मुकाबला बसपा की डॉ. इंदू चौधरी और सपा के दरोगा प्रसाद सरोज है। यह सीट वर्तमान सांसद संगीता आजाद के लिए प्रतिष्ठा का विषय है, क्योंकि चुनाव के पहले पाला बदलकर भाजपा का दामन थाम लिया है, भाजपा को पूरी उम्मीद है, इसके आने से यह सीट भी उनके खाते में आ जाएगी। इसके अलावा इटावा सीट को हथियाने के लिए सपा ने जितेंद्र दोहरे को मैदान में उतारा है, सपा का गढ़ कही जाने वाली इस सीट पर भाजपा ने प्रो. रामशंकर कठेरिया और बसपा ने सारिका सिंह बघेल को उतार कर चुनौती दी है। इसी प्रकार अन्य हर एक आरक्षित सीट पर समीकरण बदले-बदले मिल रहें हैं, भाजपा एक-एक सीट को बचाने के लिए कील कांटा मजबूत करने में लगी है, वहीं इंडिया गठबंधन ने एक-एक सीट पर कई-कई दिग्गज नेताओं को लगाकर भाजपा के मिशन 80 को धराशायी करने का मंसूबा बना रखा है।

पीएल पुनिया

इंद्रजीत सरोज

तुफानी सरोज

सुरेश खन्ना

जितिन प्रसाद

संगीता आजाद

बंट जाते हैं वोट

राजनैतिक विश्लेषक का मानना है कि आरक्षित सीटों पर सभी उम्मीदवार अनुसूचित जाति के होते हैं। इसके चलते अनुसूचित जातियों के वोट यहां बंट जाते हैं। ऐसे में दूसरी जातियों के वोट निर्णायक हो जाते हैं। इसलिए गैर-अनुसूचित जातियों के वोटों को लेकर राजनीतिक पार्टियां अलग रणनीति बनाती हैं। क्योंकि सवर्ण जाति के मतदाताओं के पास विकल्प कम होते हैं।

ये 17 सीटें आरक्षित

नगीना, बुलन्दशहर, हाथरस, आगरा, शाहजहांपुर, हरदोई, मिश्रिख, इटावा, बहराईच, जालौन, मोहनलालगंज कौशांबी, बाराबंकी, लालगंज, मछलीशहर, बांसगांव और रॉबर्ट्सगंज

वाराणसी का ही समुचित विकास नहीं करा सके मोदी : कांग्रेस

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षा-स्वास्थ्य और देश की तरक्की के लिए कोई हाथ नहीं बढ़ाया है। कांग्रेस प्रवक्ता अभय दुबे, प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ. सीपी राय, कांग्रेस की मीडिया कोऑर्डिनेटर गरिमा मेहरा दसौनी व चित्रा निषाद बाथम, सुबोध श्रीवास्तव और प्रदेश प्रवक्ता शुचि विश्वास ने कहा कि मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का ही समुचित विकास नहीं करा सके हैं। कांग्रेस नेता मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। नेताओं ने कहा कि 2014 में नामांकन भरते समय मोदी ने गंगा की सफाई व काशी के लिए बड़े-बड़े वादे किये थे। वाराणसी में बंदरगाह बनाने व इससे हजारों लोगों को रोजगार देने का वादा किया गया था। आदर्श ग्राम योजना के तहत कई गांवों को गोद लिया गया। इन गांवों में पानी, सड़क, शौचालय, सबको आवास जैसे कई बढ़-चढ़ कर वादे किए गए, पर उसे पूरा नहीं किया गया है। वाराणसी के सीवर और नालों की स्थिति ठीक नहीं है। वाराणसी में स्थानीय लोगों की रिपोर्ट है कि मैला ढोने की कुप्रथा के कारण 25 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

मुस्लिम और अनुसूचित वर्ग के मतों से बदलेगा चुनावी समीकरण

प्रमुख दलों के प्रत्याशी लगा रहे बड़े वोट बैंक में सेंध, फेंक रहे जाति का पासा

श्रीनिवास त्रिपाठी, बाराबंकी

अमृत विचार: जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, बाराबंकी में राजनीतिक घमासान तेज होता चला जा रहा है। बड़े नेताओं की ताबड़तोड़ रैली की वजह से राजनीतिक लड़ाई बेहद दिलचस्प होती जा रही है। यहां अब तीनों प्रमुख दलों की निगाह अनुसूचित वर्ग और मुस्लिम मतदाताओं पर टिक गई है। इस वर्ग के यहां करीब 48 प्रतिशत से अधिक मतदाता है ,जो यदि एकजुट होकर किसी पार्टी के पक्ष में मतदान करते हैं तो जीत- हार के समीकरण काफी हद तक बदले जा सकते हैं। इसके लिए तीनों दलों के रणनीतिकार राजनीति की बिसात पर जातीय पासा फेंकने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे । हालांकि ऊंट किस करवट बैठेगा यह तो आना आने वाला भविष्य तय करेगा।

बाराबंकी संसदीय सीट लगातार दो बार से भाजपा के कब्जे में है। यहां भाजपा के लिए जहां हैट्रिक लगाने की चुनौती है ,तो वहीं कांग्रेस के लिए यह चुनाव उसके अस्तित्व की लड़ाई से जुड़ी हुई है। बसपा भी अपना खोया हुआ जनाधार वापस लाने के लिए बेताब दिख रही है। लगातार दस सालों से भाजपा के कब्जे में रहने वाली इस सीट व भाजपा के वर्चस्व को ढहाने के लिए विपक्षी दल कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। लोकसभा चुनाव 2014 में भाजपा के टिकट से प्रियंका रावत के खिलाफ यहां से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ.पीएल पुनिया तो सपा ने रामसागर को अपना प्रत्याशी बनाया था। लेकिन मोदी लहर के आगे कोई टिक न सका और विरोधी दलों को पराजय का सामना करना पड़ा। भाजपा ने जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत को तो इंडी गठबंधन ने तनुज पुनिया को चुनाव मैदान में उतारा है। यहां बसपा ने शिव कुमार दोहरे को पार्टी प्रत्याशी बनाया है। अब तक के समीकरणों में तीनों प्रत्याशी मजबूती से चुनाव लड़ते दिख रहे हैं। सबकी नजर इस समय अनुसूचित वर्ग और मुस्लिम मतदाताओं पर टिकी है । उन्हें साधने के लिए सभी अपने अपने मोहरे फिट कर रहे हैं। कांग्रेस से गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया पिछड़ा वंचित और मुस्लिम को अपना परम्परागत वोट बैंक बता कर इन मतदाताओं को एक सूत्र में बांध कर इस बडे. वोट बैंक पर अपना एकाधिकार बताने का काम कर रहे। वहीं भाजपा प्रत्याशी राजरानी सबका साथ सबका विकास का नारा दे मतदाताओं के बीच गहरी पैठ बनाने में जुटी हैं ,और सरकार द्वारा इन वर्गों के लिए चलाए जाने वाली योजनाओं को अपनी सभी जनसभाओं में गिना कर इस वोट बैंक को अपनी ओर खींचने की कोशिश में हैं।

बसपा प्रत्याशी शिव कुमार दोहरे इस वर्ग के मतदाताओं को अपना वोट बैंक बताने से नहीं चूक रहें। बसपा प्रत्याशी भी पिछड़ा ,मुस्लिम मतों को जोड़ने की जुगत में है। सियासत दारों का कहना है कि सभी प्रत्याशी और उनके खेवनहार अपनी- अपनी सियासी शतरंज पर अपने तरीके से पासे फेंक रहे हैं। अब देखना यह है कि इन तीनों वर्ग के वोट बैंक को अपने पाले में खींचने के लिए की गई कसरत 20 मई को होने वाले चुनाव में किस पार्टी के पक्ष में अपना मतदान करती है। मुस्लिम वंचित और पिछडी. जातियों ने जिस पार्टी की ओर अपना रुख किया उसे पार्टी के प्रत्याशी का सियासी समीकरण के साथ जीत - हार का परिदृश्य ही बदल जाएगा ।

राजरानी रावत

तनुज पुनिया

शिव कुमार दोहरे

वर्गवार मतदाताओं की सम्भावित स्थिति



चुनावी चक्कर

● शाह बोल रहे भाजपा को पूर्ण बहुमत हासिल हो चुका है : लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक समीक्षक भले ही अपनी-अपनी गणित लगाने में जुटे हों, लेकिन गृह मंत्री अमित शाह की गणित साफ है। इन दिनों चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह बता रहे हैं कि अब तक हुए मतदान में ही भाजपा को पूर्ण बहुमत हासिल हो चुका है। शाह के मुताबिक, 380 सीटों का चुनाव पूरा हो गया है और इन 380 में से पीएम मोदी 270 सीट लेकर पूर्ण बहुमत प्राप्त कर चुके हैं। अब आगे की लड़ाई 400 पार करने की है। वह रैली में आने वाले लोगों से सवाल करते हैं कि बताओ कि 400 पार कराओगे क्या। जोर से बोलो कराओगे क्या। इसी सवाल के साथ वह जिस राज्य में होते हैं वहां की सीटों की संख्या बताते हुए आगे जोड़ते हैं कि यहां इतनी सीटें जीताओगे क्या। गृह मंत्री अपने उद्बोधन में ईवीएम के बारे में आ रहीं विपक्ष की शिकायतों का भी संज्ञान लेते हैं। कहते हैं, जो चुनाव हार रहे हैं वहीं ईवीएम पर सवाल उठा रहे हैं। शाह साफतौर पर यह भी कह रहे हैं कि किसी भ्रष्टाचारी को छोड़ा नहीं जाएगा। सब के सब जेल जाएंगे। अमित शाह के अनुसार, राहुल बाबा को 22 जनवरी को राम लला के अभिषेक में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया गया था। लेकिन, उन्हें अपने वोट बैंक का डर था और वे इस समारोह में शामिल नहीं हुए। जो कि 70 साल के संघर्ष के बाद आयोजित किया गया था।

कश्मीर में चुनाव नहीं लड़कर भी भाजपा खेल रही जीत-हार का खेल

चुनाव : जम्मू-कश्मीर

राजपुरुष

अमृत विचार। जम्मू और कश्मीर से चार साल पहले अनुच्छेद 370 हटाने वाली भाजपा कश्मीर घाटी में लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ रही है। लेकिन दिलचस्पी पूरी दिखा रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कश्मीर की तीनों सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। इसके बावजूद बड़ा सवाल यही है कि अबकी बार 400 पार का लक्ष्य लेकर चल रहे भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए गठबंधन ने आखिरकार कश्मीर घाटी की तीनों सीटों पर प्रत्याशी उतारने से किनारा क्यों कर लिया। वह भी तब जब भाजपा बाकी देश में एक-एक सीट जीतने के लिए पूरा जोर लगा रही है।

एक ओर जहां भाजपा की इस रणनीति को लेकर राजनीतिक विश्लेषक और विपक्षी दलों के नेता कह रहे हैं कि भाजपा ने ऐसा घाटी में लोगों के बीच फैले ग़ुस्से को बाहर आने से रोकने के लिए किया है, तो दूसरी तरफ यह मानने वालों की कमी नहीं है कि भाजपा के इस फैसले में बड़ी दूरदर्शिता छिपी है। यही वजह है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी भाजपा को चुनाव नहीं लड़ने के लिए घेर तो रही हैं, लेकिन भाजपा की सियासी चाल से संशकित भी नजर आ रही हैं। उनका कहना है कि भाजपा घाटी में अल्ताफ बुखारी की जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी और सज्जाद गनी लोन की पीपुल्स कान्फ्रेंस को समर्थन देकर विधान सभा चुनाव के लिए अपनी मजबूत जमीन तैयार करने के काम में जुटी है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी का यह डर बेवजह भी नहीं है, गृह मंत्री अमित शाह पिछले दिनों जम्मू में राज्य की भाजपा इकाई को विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने के लिए कह भी गए थे। उन्होंने साफ कहा था कि हम कश्मीर में कमल खिलाने की जल्दबाजी में नहीं हैं। बस एक बात याद रखें, लोकसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और कांग्रेस जैसी परिवारवादी पार्टियों को वोट नहीं जाने दें। राज्य में विधानसभा चुनाव बरसात के बाद प्रस्तावित हैं। भाजपा नेता पार्टी के लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने के फैसले को लंबी छलांग के लिए दो कदम पीछे लेने की रणनीति बताते हैं। माना जा रहा है कि भाजपा घाटी में लोकसभा चुनाव में पीपुल्स कॉन्फ्रेंस, जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी को परोक्ष समर्थन दे रही है। इसके पीछे पार्टी की रणनीति है कि विधानसभा चुनाव में कश्मीर में यह दल उसकी मदद करें। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस और अपनी पार्टी भले ही नेशनल कॉन्फ्रेस और पीडीपी के मुकाबले छोटे दल हैं, लेकिन उनका अपना खास वोट बैंक है। अनंतनाग-राजौरी और बारामुला लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की अपनी पैठ भी बहुत कमजोर नहीं हैं। यहां पार्टी ने जनजातीय आबादी को अपने पक्ष में मोड़ा है।

नेकां के अस्तित्व और पीडीपी की साख का सवाल

अमृत विचार। अगस्त 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और राज्य को केंद्र शासित प्रदेश में बदलने के बाद से जम्मू-कश्मीर में पहली बार लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। इंडिया गठबंधन के तहत जम्मू संभाग की दो लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारने के साथ ही कांग्रेस लद्दाख में चुनाव लड़ रही है, जबकि कश्मीर की तीनों सीटों पर नेशनल कॉन्फ्रेंस ने प्रत्याशी उतारे हैं। लेकिन घाटी की तीनों सीटों पर पीडीपी भी चुनाव लड़ रही है। श्रीनगर में 13 मई को चौथे चरण में मतदान हो चुका है। अब बारामूला लोकसभा सीट पर 20 मई और अनंतनाग-राजौरी में 25 मई को वोट पड़ने हैं। पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने तीन सीटें और भाजपा ने तीन सीटें जीती थीं। लेकिन धारा 370 हटने के बाद अब जम्मू-कश्मीर में पांच लोकसभा सीटें हैं। दरअसल 2019 से पहले जम्मू-कश्मीर राज्य था, जिसमें लद्दाख भी शामिल था, तब यहां छह लोकसभा सीटें थीं। फिलहाल घाटी की तीनों सीटों पर हालात यह हैं कि नेशनल कॉन्फ्रेंस कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा है। माना तो यहां तक जा रहा है कि अब तक वर्चस्व कायम रखने वाली नेशनल कॉन्फ्रेंस अब अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। श्रीनगर लोकसभा सीट पर रिकार्ड 38 फीसदी मतदान के बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार शिया नेता आगा सैयद रुहुल्ला मेहदी को पीडीपी के युवा अध्यक्ष वहीद पारा, अपनी पार्टी के अशरफ मीर तथा डीपीएपी के अमीर अहमद भट्ट ने कांटे की टक्कर दी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में श्रीनगर सीट से नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला ने पीडीपी उम्मीदवार आगा सैयद मोहसिन को हराकर 70,050 वोटों के बड़े अंतर से सीट जीती थी।

बारामुला में उमर की राह नहीं आसान

- बारामुला लोकसभा सीट से जहां 20 मई को मतदान होना है, चुनाव लड़ रहे नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला की राह आसान नहीं नजर आ रही है। यहां पीपुल्स कान्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद गनी लोन के अलावा निर्दलीय इंजीनियर रशीद व पीडीपी के पूर्व राज्यसभा सदस्य मीर मोहम्मद फैयाज नेशनल कॉन्फ्रेंस की उम्मीदों पर पलीता लगा रहे हैं।

महबूबा को अनंतनाग से जीत का भरोसा

- अनंतनाग राजौरी लोकसभा सीट से पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती चुनाव लड़ रही हैं। वह कह चुकी हैं कि भाजपा यहां उनके खिलाफ अल्ताफ बुखारी की अपनी पार्टी का समर्थन कर रही है। अपनी पार्टी ने इस सीट से जफर इकबाल मन्हास को मैदान में उतारा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस से इस सीट पर मियां अल्ताफ अहमद मैदान में हैं।

लद्दाख सीट पर लगातार तीसरी बार कमल खिलाने की चुनौती

अमृत विचार । केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित लद्दाख लोकसभा सीट पर भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद जमयांग सेरिंग नामग्याल के स्थान पर लेह पर्वतीय विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी पार्षद ताशी ग्यालसान को मैदान में उतारा है, जिनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी सेरिंग नामग्याल से हो रहा है। लेकिन यहां त्रिकोणीय संघर्ष के आसार नजर आ रहे हैं। इसकी वजह कारगिल के संगठनों की तरफ से चुनाव लड़ रहे हाजी हनीफा हैं, जो मुकाबले में आने की जद्दोजहद कर रहे हैं।

क्षेत्रफल को लिहाज से देश के सबसे बड़े लोकसभा क्षेत्र लद्दाख में भाजपा के लिए इस बार जीत की हैट्रिक लगाने का मौका है। पार्टी टिकट कटने से नाराज मौजूदा सांसद जमयांग को मनाने में कामयाब रही है, लेकिन जनता के एक वर्ग में केंद्र शासित प्रदेश बनाए जाने के बाद मांगे पूरी नहीं होने से थोड़ी नाराजगी है। पार्टी ने इसके लिए पूरी ताकत भी झोंक रखी है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू यहां डेरा डाले हैं। 2019 में भाजपा के जामयांग सेरिंग नामग्याल ने निर्दलीय उम्मीदवार सज्जाद हुसैन को 10 हजार से ज्यादा मतों से हराया था। निर्दलीय असगर अली करबलाई तीसरे और कांग्रेस चौथे नंबर पर रही थी। 2014 में लद्दाख से भाजपा के थुपस्तान छेवांग सांसद चुने गए थे। लद्दाख में करीब दो लाख मतदाता हैं। यहां 20 मई को मतदान होना है।

जम्मू व उधमपुर में कांग्रेस रोक पाएगी जीत की हैट्रिक

- उधर, जम्मू से आने वाली दोनों लोकसभा सीटों पर पिछले 2019 के चुनाव में भाजपा ने कमल खिलाया था। इन दोनों सीटों पर मतदान हो चुका है। जम्मू से इस बार जुगल किशोर शर्मा जीत की हैट्रिक लगाने उतरे थे, उन्होंने 2014 में भी जीत हासिल की थी। इस बार यहां उनका मुकाबला रमन भल्ला से हुआ है, जिन्हें इंडिया गठबंधन के तहत नेशनल कॉन्फ्रेंस का समर्थन प्राप्त था। उधर, उधमपुर सीट पर भाजपा सांसद केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और कांग्रेस के चौधरी लाल सिंह के बीच मुकाबला हुआ है। डॉ. जितेंद्र सिंह के लिए भी उधमपुर सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने का मौका है, वह 2014 और 2019 में यहां से चुनाव जीत चुके हैं। पार्टी को इस बार भी दोनों सीटों पर जीत मिलने की पूरी उम्मीद है



हिमाचल में बढ़ी सियासी गर्मी, पहली जून को राज्य की सभी चार लोकसभा सीटों पर मतदान

दांव पर लगे हैं दावे बड़े, शह और मात की हो रही जोर आजमाइश

मनोज त्रिपाठी

- भाजपा पिछले दो चुनावों से राज्य में कर रही क्लीन स्वीप, इस बार लगा पाएगी जीत की हैट्रिक
- पिछले चुनाव में तीन लाख से ज्यादा मतों से भाजपा ने खिलाया था राज्य की सभी सीटों पर कमल

हिमाचल में मौसम अभी हिंदी पट्टी के अन्य राज्यों से ठंडा है, लेकिन सियासी गर्मी है कि बढ़ती ही जा रही है। राज्य की चार लोकसभा सीटों के लिए पहली जून को मतदान होना है। 2014 और 2019 की मोदी लहर में प्रदेश की चारों लोकसभा सीटें जीतने वाली भाजपा इस बार क्लीन स्वीप करके हैट्रिक लगाने का दावा कर रही है। लेकिन राज्य में कांग्रेस की सरकार होने से इस बार मुकाबला पहले जैसा आसान नहीं है। हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा की चारों सीटों पर जीत का अंतर तीन लाख या इससे ऊपर था। ऐसे में कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती इस मत अंतर को पाटना है। फिलहाल कांग्रेस और भाजपा दोनों ओर से जनता का समर्थन पाने की जोर आजमाइश जोर पकड़ती जा रही है। हिमाचल की राजनीति कांग्रेस और भाजपा के बीच झूलती रही है। ऐसे में कई बार जनता का मन भांपना मुश्किल हो जाता है। इसके चलते ही यहां कई बार दिग्गजों को भी हार का स्वाद चखना पड़ा है। हिमाचल में ऐसे दर्जनों बड़े नेता हैं, जिनका करारी शिकस्त से सामना हो चुका है। लोकसभा चुनाव में बड़े नेताओं में धूमल, शांता, वीरभद्र सिंह और प्रतिभा सिंह को हार का सामना करना पड़ा है। राज्य में अभी सुखविंदर सिंह सुक्खू की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार का साढ़े तीन साल का कार्यकाल शेष है, इसलिए फिलहाल सत्ता विरोधी लहर की बात बेमानी है। ऐसे में 10 साल बाद लोकसभा सीट जीतकर कांग्रेस के लिए खाता खोलने का पूरा अवसर है।



2019 का परिणाम

लोस सीट	दल	प्रत्याशी	वोट मिले
कांगड़ा	भाजपा	किशन कपूर	7,25,218
	कांग्रेस	पवन काजल	2,47,595
लोस सीट	**दल**	**प्रत्याशी**	**वोट मिले**
मंडी	भाजपा	रामस्वरूप शर्मा	6,47,189
	कांग्रेस	आश्रय शर्मा	2,41,730
लोस सीट	**दल**	**प्रत्याशी**	**वोट मिले**
शिमला	भाजपा	सुरेश कुमार कश्यप	6,06,183
	कांग्रेस	धनी राम शांडिल	2,78,668
लोस सीट	**दल**	**प्रत्याशी**	**वोट मिले**
हमीरपुर	भाजपा	अनुराग ठाकुर	6,82,292
	कांग्रेस	राम लाल ठाकुर	2,83,120


सुखविन्दर सिंह सुक्खु ।

सीएम सुक्खू की सरकार का पैमाना होंगे परिणाम

- हिमाचल में लोकसभा चुनाव में भाजपा पर अपने हैवीवेट प्रदर्शन को दोहराने का दबाव है तो कांग्रेस के सामने साख बचाने की चुनौती है। प्रदेश में सरकार होने के बाद भी हाल के राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस ने बड़ा झटका झेला है। डेढ़ वर्ष पहले हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 68 में 40 सीटें जीती थीं। लेकिन छह विधायकों के विद्रोही हो जाने से अब उसके पास 34 विधायक हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव के परिणाम से यह भी पता चलेगा कि जनता राज्य की कांग्रेस सरकार से कितनी संतुष्ट है।

कंगना रनौत।

विक्रमादित्य सिंह।

मंडी में क्वीन और किंग की लड़ाई में किसके सिर पर सजेगा जीत का ताज

- मंडी लोकसभा सीट पर इस बार देश भर की निगाह है। फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत यहां से भाजपा की प्रत्याशी हैं। यहां उनका मुकाबला कांग्रेस के युवा नेता विक्रमादित्य सिंह से है। लोग इसे किंग और क्वीन की लड़ाई भी बता रहे हैं। विक्रमादित्य हिमाचल सरकार में लोक निर्माण मंत्री हैं। उनकी मां प्रतिभा सिंह हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और मंडी लोकसभा सीट से ही सांसद हैं। विक्रमादित्य शिमला (ग्रामीण) विधानसभा क्षेत्र से दो बार के विधायक हैं। उनके पिता और मां दोनों ने इस सीट पर तीन-तीन बार जीत दर्ज की है। कंगना रनौत की दो महीने पहले ही राजनीति में एंट्री हुई है। उनकी लंबे समय से लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चा थी। मंडी लोकसभा सीट का इतिहास काफी दिलचस्प है। ये सीट कभी कांग्रेस तो कभी भाजपा के खाते में आती-जाती रही है। पिछले 2019 के चुनाव में यहां भाजपा के राम स्वरूप वर्मा को चार लाख से ज्यादा मतों से जीत मिली थी।

अनुराग ठाकुर की जीत का पंजा रोक पाएगा कांग्रेस का हाथ

अनुराग ठाकुर।

हमीरपुर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर इस बार जीत का पंजा लगाने उतरे हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष रहे तेजतर्रार युवा नेता अनुराग ने पहला चुनाव वर्ष 2008 में लड़ा था, इसके बाद से लगातार 2009, 14 और 19 में जीत हासिल की थी। साल 2019 में उन्होंने लगभग चार लाख मतों से जीत हासिल करके कमल खिलाया था। हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र को भाजपा का गढ़ माना जाता है। 1967 के बाद 2014 तक हुए 15 चुनावों में भाजपा ने यहां नौ बार जीत दर्ज की है। अनुराग ठाकुर के पिता और पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमा धूमल भी इस सीट से तीन बार सांसद रहे हैं। कांग्रेस ने हमीरपुर सीट से निष्ठावान पदाधिकारी सतपाल रायजादा पर दांव लगाया है।

कांगड़ा में आनंद शर्मा के सामने भाजपा से बड़ी समय की चुनौती

आनंद शर्मा।

कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस ने इस बार अपने दिग्गज नेता आनंद शर्मा को प्रत्याशी बनाकर ब्राह्मण कार्ड खेला है। वह कभी लोकसभा का चुनाव नहीं लड़े हैं। राज्यसभा सदस्य ही निर्वाचित होते रहे हैं। आनंद की राह में सबसे बड़ी चुनौती सीमित समय मिलना है। उन्हें प्रचार के लिए तीन हफ्ते का समय ही मिला है, जबकि भाजपा यहां काफी पहले से अपना मैदान सजाए बैठी है। पार्टी ने अपने सांसद की जगह डॉ राजीव भारद्वाज को प्रत्याशी बनाया है। उनका यह पहला चुनाव है, लेकिन वह काफी समय से प्रचार में जुटे हैं। भाजपा संगठन पन्ना प्रमुख सम्मेलन और मोर्चों के कार्यक्रमों की श्रृंखला पूरी कर चुका है। 2019 के चुनाव में भाजपा ने अनुसूचित जनजाति वर्ग से किशन कपूर को टिकट दिया था और वह प्रदेश में सबसे अधिक मतों से चुनाव जीते थे। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में राजपूत, अन्य पिछड़ा वर्ग व ब्राह्मण मतदाता अधिक हैं। यहां 34 प्रतिशत राजपूत, 32 प्रतिशत ओबीसी, 20 प्रतिशत ब्राह्मण व 14 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति मतदाता हैं।

शिमला में भाजपा की जीत का चौका, कैच करने के लिए खड़े सुल्तानपुरी

विनोद सुल्तानपुरी ।

शिमला लोकसभा सीट पर 2009 से भाजपा का कब्जा है। पार्टी इस बार जीत का चौका मारना चाहती है। यहां से भाजपा के प्रत्याशी सुरेश कश्यप दूसरी बार चुनाव में मैदान में उतरे हैं। उन्होंने पहली बार जब 2019 में लोकसभा का चुनाव लड़ा था, तब पच्छाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक थे। सुरेश कश्यप ने सवा तीन लाख से ज्यादा वोटों से कांग्रेस प्रत्याशी को मात दी थी। वह हिमाचल प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष रह चुके हैं। इस बार सुरेश का मुकाबला कसौली से कांग्रेस के विधायक विनोद सुल्तानपुरी से है। सुल्तानपुरी को राजनीति पिता से विरासत में मिली है। उनके पिता केडी सुल्तानपुरी शिमला संसदीय सीट से छह बार सांसद रह चुके हैं। हालांकि सुल्तानपुरी कांग्रेस से 2012 और 2017 के विधानसभा चुनाव में हार गए थे। लेकिन साल 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर कसौली से जीत हासिल की थी। उन्होंने इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजीव सैजल को हराया था।

हजारीबाग में दो भाजपा विधायक आमने-सामने

चुनाव डेस्क

मनीष जायसवाल ।

जयप्रकाश भाई पटेल।

- कांग्रेस ने भाजपा छोड़कर आए विधायक पर दांव लगाकर मुकाबला बनाया रोचक
- कांग्रेस के लिए पूर्व मंत्री यशवंत सिन्हा कर रहे प्रचार, पौत्र ने भी थामा हाथ का साथ

अमृत विचार। झारखंड की हजारीबाग लोकसभा सीट पर इस बार दो विधायकों के बीच रोचक मुकाबला हो रहा है। भाजपा ने इस सीट पर मनीष जायसवाल को उम्मीदवार बनाया है तो कांग्रेस ने भाजपा छोड़कर आए विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को टिकट दिया है। लोकसभा चुनाव में आमने-सामने आए दोनों विधायक वर्ष 2019 में झारखंड विधानसभा चुनाव में हजारीबाग की ही दो सीटों से चुनाव जीतकर विधायक बने थे। अब इस मुकाबले में बड़ा सवाल यही है कि हजारीबाग में इस बार भाजपा को अपने गढ़ में शिकस्त मिलेगी या लगातार चौथी बार कमल खिलेगा।

हजारीबाग लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार सदर सीट के विधायक मनीष जायसवाल को टक्कर दे रहे मांडू सीट के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल (जेपी पटेल) को पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा ने पहले समर्थन देने का ऐलान किया था, अब चुनाव प्रचार में भी हिस्सा लेना शुरू कर दिया है। इससे मुकाबला कांटे का होने का आसार बनते जा रहे हैं। मनीष जायसवाल जहां लगातार दो बार विधायक चुने गए हैं, वहीं जयप्रकाश भाई पटेल तीन बार। सियासत के मैदान में दोनों विधायक अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। जेपी पटेल मांडू सीट से भाजपा विधायक और विधानसभा में भाजपा के सचेतक थे। उनके भाजपा छोड़ने की किसी को उम्मीद नहीं थी। लेकिन भाजपा को उसके गढ़ में पस्त करने के लिए कांग्रेस ने व्यूह रचना की। जेपी पटेल भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में आए और पार्टी ने उन्हें हजारीबाग से लोकसभा का उम्मीदवार बना दिया।

हजारीबाग के मौजूदा भाजपा सांसद जयंत सिन्हा ने चुनाव लड़ने से मना करते हुए संसदीय राजनीति से सन्यास का ऐलान कर दिया था, दरअसल उन्हें अपना टिकट कटने का अंदेशा हो गया था। जयंत सिन्हा पूरे चुनाव में कहीं सक्रिय नहीं हैं। यहां तक कि भाजपा की किसी बैठक तक में नहीं शामिल हुए हैं। अब उनके बेटे आशिर सिन्हा के कांग्रेस में शामिल होने की जानकारी सामने आ रही है।

दोनों के बीच पहले भी हो चुकी है भिड़ंत

- मनीष जायसवाल और जेपी पटेल 2011 में भी एक-दूसरे से भिड़ चुके हैं। उस समय मांडू के विधानसभा उपचुनाव में जेपी पटेल जेएमएम और मनीष जायसवाल जेवीएम के उम्मीदवार थे। जीत जेपी पटेल की हुई थी। पटेल के पिता टेकलाल महतो जेएमएम के कद्दावर नेता रहे हैं। वो मांडू से पांच बार विधायक और गिरिडीह से एक बार जेएमएम के सांसद रहे हैं। पिता की सीट से जेपी पटेल जेएमएम के टिकट पर विधायक चुने गए थे, लेकिन बाद में भाजपा में चले गए और 2019 में भाजपा के टिकट पर विधायक बने थे।

मांगा समर्थन

नॉर्थ ईस्ट दिल्ली लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार कन्हैया कुमार ने जनसंपर्क किया और मतदाताओं से संविधान बचाने के नाम पर वोट मांगा।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 1000 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 930
रामपुर : शिवालिक-990 फ्लैग-1115 डीएमओ-880 बोल्ड-1165

लखनऊ मंडी

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूँग खड़ा	10000-10500
मूँग दाल	10500-11000
मूँग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राजमा सफेद	13000-14000
राजमा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300

यात्री वाहनों की मजबूत मांग से बिक्री 1.3% बढ़ी

यात्री कारों की बिक्री में 23% की आई गिरावट, दोपहिया 31% और तिपहिया वाहनों की बिक्री में 14.5% का इजाफा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग के दम पर अप्रैल में यात्री वाहनों की थोक बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 1.3% बढ़कर 3,35,629 इकाई हो गई। अप्रैल, 2023 में यह 3,31,278 इकाई थी। यूटिलिटी वाहनों की बिक्री पिछले महीने 1,79,329 इकाई रही, जो अप्रैल, 2023 की 1,48,005 इकाई से 21% अधिक है। हालांकि, यात्री कारों की बिक्री 23% घटकर 96,357 इकाई रह गई, जो अप्रैल, 2023 में 1,25,758 इकाई थी। पिछले महीने वैन की बिक्री 15% बढ़कर 12,060 इकाई हो गई, जो अप्रैल, 2023 में 10,508 इकाई थी।



आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 31% बढ़कर 17,51,393 इकाई हो गई, जबकि अप्रैल, 2023 में यह 13,38,588 इकाई थी। बाइक बिक्री 34% बढ़कर 11,28,192 इकाई रही जो अप्रैल, 2023 में 8,39,274 इकाई थी। स्कूटर की थोक बिक्री सालाना आधार पर 25% बढ़कर 5,81,277 इकाई हो गई जबकि पिछले साल अप्रैल में यह 4,64,389 इकाई थी। तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री पिछले महीने 14.5% बढ़कर 49,116 इकाई हो गई, जबकि अप्रैल 2023 में यह 42,885 इकाई थी। सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत मोटर वाहन उद्योग के लिए काफी अच्छी रही है। सभी खंडों ने अप्रैल, 2023 की तुलना में अप्रैल, 2024 में वृद्धि दर्ज की है।

पीएचएफ ने किया ईवी ऋण पोर्टफोलियो का विस्तार

नई दिल्ली। पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड ने एल5 श्रेणी में इलेक्ट्रिक कार्गो वाहनों की खरीद के लिए ऋण उत्पादों को शामिल करके अपने इलेक्ट्रिक वाहन ऋण पोर्टफोलियो को बढ़ाया है। कंपनी ने कहा कि अब इनमें इलेक्ट्रिक दुपहिया वाहन और प्रयुक्त ई-रिक्शा ऋण शामिल है। नए शामिल किये गये इलेक्ट्रिक वाहन उत्पाद मौजूदा इलेक्ट्रिक रिक्शा, ई-लोडर और अन्य एल3 ईवी ऋण उत्पादों के अतिरिक्त हैं जो पहले से ही उपलब्ध हैं। कंपनी अचल संपत्ति के बदले बंधक ऋण और ई-वाहनों मुख्य रूप से ई-रिक्शा, ई-लोडर और ईवी- दुपहिया वाहनों के वित्तपोषण की पेशकश करती है। कंपनी के सीईओ शल्य गुप्ता ने कहा पीएचएफ लीजिंग ससटेनेबल परिवहन के उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और भारत में इसका मतलब इलेक्ट्रिक वाहनों से है।

कीमतों में गिरावट से भारत का पाम तेल आयात 34 % बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक कीमतों में गिरावट से अप्रैल में भारत का पाम तेल आयात सालाना आधार पर 34.11% बढ़कर 6,84,000 टन पर पहुंच गया है।

एसईए ने कहा कि अप्रैल में भारत के कुल 13,04,409 टन खाद्य तेल आयात में पाम तेल की हिस्सेदारी 52% थी, जिसमें सूरजमुखी और सोयाबीन तेल का आयात 6,20,315 टन था। इसमें कहा गया है कि गैर-खाद्य तेलों सहित कुल वनस्पति तेल आयात अप्रैल में 26% बढ़कर 13,18,528 टन हो गया, जो एक साल पहले समान अवधि में 10,50,189 टन था। एसईए ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मंदी से सोयाबीन तेल की कीमतें 40 डॉलर प्रति टन गिर गईं, जबकि सूरजमुखी तेल की कीमत पिछले महीने 15 डॉलर प्रति टन कम हो गई। पाम तेलों में आरबीडी पामोलीन का आयात बढ़कर 1,24,228 टन हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 1,12,248 टन था। सीपीओ (कच्चा पाम तेल) का आयात पहले के 3,93,856 टन से 36% बढ़कर 5,36,248 टन हो गया, जबकि कच्चे पाम कर्नेल तेल का आयात 3,990 टन से छह गुना होकर 23,618 टन हो गया। नरम तेलों में, सोयाबीन तेल का आयात 2,62,455 टन से बढ़कर 3,85,514 टन हो गया। हालांकि, सूरजमुखी तेल का आयात 2,49,122 टन से घटकर 2,34,801 टन रह गया। एसईए ने कहा, एक मई तक भारत के पास 22.45 लाख टन खाद्य तेल का भंडार था।



- अप्रैल में भारत के कुल खाद्य तेल आयात में पाम तेल की हिस्सेदारी 52 % रही

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	86500
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	95000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74000
गिन्नी (प्रति नग)	55150-55350

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,600
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,450
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	83,000
चांदी तैयार	83,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	72,300
सोना जेवरात गिन्नी	71,300
चांदी पक्की	828 (अनुमानित)

शेयर बाजार में तीसरे दिन तेजी सेंसेक्स 328 अंक और चढ़ा

मुंबई, एजेंसी

- खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार को मिला समर्थन

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 328 अंक से अधिक के लाभ में रहा। वहीं निफ्टी 22,200 अंक के स्तर से ऊपर चला गया। अप्रैल महीने में खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला।

बीएसई सेंसेक्स 328.48 अंक यानी 0.45% की बढ़त के साथ 73,104.61 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 510.13 अंक तक चढ़ा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 113.80 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,217.85 अंक पर बंद हुआ। धातु और वाहन शेयरों की अगुवाई में यह तेजी आई। वहीं दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली और औषधि कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से गिरावट आई। महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, जेएसडब्ल्यू स्टील, एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक, सन फार्मा, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और मारुति प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

खुदरा वायदा, विकल्प कारोबार में तेजी चिंता का विषयः सीतारमण

मुंबई, एजेंसी

- 10 में से नौ निवेशकों को वायदा और विकल्प कारोबार में होता है नुकसान

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को आगाह किया कि खुदरा निवेशकों के जोखिम भरे वायदा एवं विकल्प कारोबार में आने और इसमें 'बेलगाम तेजी' भविष्य में परिवारों की जमा-पूंजी के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है।

उन्होंने शेयर बाजार बीएसई में कार्यक्रम में कहा कि वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड में खुदरा कारोबार में कोई भी बेलगाम तेजी न केवल बाजार के लिए बल्कि निवेशकों की भावनाओं और परिवार के स्तर पर जमा-पूंजी को लेकर भी आने वाले समय में समस्याएं पैदा कर सकती है। सीतारमण ने कहा कि पारिवारिक बचत में एक पीढ़ीगत बदलाव हुआ है। हम उसे सुरक्षित रखना चाहते हैं। बाजार नियामक सेबी के अध्ययन से पता चला है कि 10 में से नौ खुदरा निवेशकों को वायदा और विकल्प कारोबार में नुकसान होता है। वित्त मंत्री ने बीएसई से कड़े अनुपालन और मजबूत नियामकीय मानकों के जरिये निवेशकों का भरोसा बढ़ाने के लिए सेबी के साथ मिलकर काम करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि बीएसई और एनएसई को प्रणालीगत जोखिम को कम करना चाहिए तथा बाजार की स्थिरता सुनिश्चित करनी चाहिए।

घटिया आयोडीन युक्त नमक मामले में टाटा केमिकल्स से हटा जुर्माना

नागपुर। बंबई हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने 2016 में महाराष्ट्र के बुलढाणा में खाद्य सुरक्षा अपीलीय न्यायाधिकरण द्वारा जारी उस आदेश को रद कर दिया है, जिसमें टाटा केमिकल्स लिमिटेड और अन्य कंपनियों पर घटिया आयोडीन युक्त नमक बनाने व बिक्री करने के लिए जुर्माना लगाया गया था।

न्यायमूर्ति अनिल एल. पानसरे ने अपने आदेश में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) को भविष्य में ऐसे मामलों में प्रक्रियात्मक अनुपालन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उचित सलाह या परिपत्र जारी करने का भी निर्देश दिया। टाटा केमिकल्स लिमिटेड व अन्य बनाम महाराष्ट्र राज्य से जुड़े मामले में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 71 (6) के तहत 13 अक्टूबर, 2016 के आदेश के खिलाफ अपील की गई थी। कोर्ट ने फैसले में मामले में कई गंभीर विसंगतियों और प्रक्रियात्मक खामियों को रेखांकित किया।

राष्ट्रीय

एक नजर

आचार संहिता बन गई है मोदी संहिताः तृणमूल कांग्रेस

नई दिल्ली। टीएमसी ने आदर्श आचार संहिता के मोदी आचार संहिता में बदलने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को निर्वाचन आयोग से कहा कि वह भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं द्वारा चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन को रोकने के लिए कदम उठाए। इस मामले पर निर्वाचन आयोग को एक पत्र सौंपने के बाद टीएमसी के राज्यसभा सदस्य साकेत गोखले और सागरिका घोष ने मीडिया को संबोधित किया और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ निर्वाचन आयोग की निष्क्रियता पर निराशा व्यक्त की।

एसआईए ने द. कश्मीर के तीन जिलों में छापेमारी की

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में बिहार के एक व्यक्ति की आतंकवादियों द्वारा हत्या किए जाने की घटना की जांच के सिलसिले में मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के तीन जिलों में एसआईए ने कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) के अधिकारियों ने तड़के अनंतनाग, कुलगाम और शोपियां जिले में 11 स्थानों पर छापेमारी की। उन्होंने कहा, एसआईए द्वारा यह छापेमारी 17 अप्रैल को बिजबेहरा के जबलीपोरा में रेहड़ी-पटरी लगाने वाले राजा साह की हत्या के बारे में बिजबेहरा थाने में दर्ज प्राथमिकी की जांच के सिलसिले में की गई ताकि इस हत्या के पीछे की बड़ी आपराधिक साजिश का पता लगाया जा सके।

त्रिपुरा की जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा उग्रवादी फरार

अगरतला। प्रतिबंधित संगठन नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) का एक सदस्य त्रिपुरा के सिपाहीजला जिले में स्थित केंद्रीय कारागार से फरार हो गया। सिपाहीजला के जिलाधिकारी नागेश कुमार ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन के सदस्य स्वर्ण कुमार के केंद्रीय कारागार से फरार होने की जानकारी मंगलवार सुबह तक हुई जब कैदियों की हाजिरी लगाई जा रही थी। उन्होंने बताया, दक्षिण त्रिपुरा के संतीरबाजार इलाके में हुई हत्या के मामले में उसे दोषी ठहराया गया था और उसे उम्रकैद की सजा सुनाई गयी है। वह केंद्रीय कारागार में सजा काट रहा था।

लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का एक और सदस्य गिरफ्तार

मुंबई। अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर पिछले महीने हुई गोलीबारी के सिलसिले में मुंबई पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक और सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 34 वर्षीय हरपाल सिंह के रूप में हुई है। वह हरियाणा के फतेहाबाद का निवासी है।

सीएए का क्रियान्वयन नहीं रोक सकतीं ममता

मतुआ समुदाय की नागरिकता की चिंताओं को दूर करने का गृहमंत्री अमित शाह ने दिया आश्वासन

बनगांव/उलुबेरिया (प. बंगाल), एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मतुआ समुदाय की नागरिकता को लेकर चिंताओं को दूर करने के प्रयास के तहत मंगलवार को यह आश्वासन दिया कि समुदाय के सदस्यों को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत नागरिकता मिलेगी। शाह ने साथ ही कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कानून का क्रियान्वयन कभी भी रोक नहीं सकतीं।

मतुआओं के गढ़ बनगांव और उलुबेरिया में चुनावी रैलियों में शाह ने बनर्जी पर घुसपैठियों और रोहिंग्याओं को खुश करने के लिए सीएए के बारे में झूठ फैलाने का आरोप लगाया, जो राज्य में टीएमसी के वोट बैंक हैं। शाह ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण तक जिन 380 सीट पर मतदान पूरा हो चुका है, उनमें से भाजपा 270 सीट जीतेगी। राज्य से 30 सीट जीतने के भाजपा के लक्ष्य को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि एक बार जब भाजपा को बंगाल से 30 सीट मिल जाएंगी, तो ममता बनर्जी का समय खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा, दुनिया की कोई भी ताकत मेरे शरणार्थी भाइयों को भारत का नागरिक बनने से नहीं रोक सकती। ये मोदी का वादा है। ममता को यह याद रखना चाहिए कि नागरिकता केंद्र सरकार के विशेष अधिकार के अंतर्गत आता है, न कि राज्य सरकारों के अधीन।



राहुल बाबा सीएए रद करने की बात करते हैं

हावड़ा जिले की उलुबेरिया सीट पर दूसरी रैली में शाह ने सीएए का विरोध करने के लिए राहुल गांधी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा सीएए का विरोध कर रहे हैं और कह रहे हैं कि वह इसे रद कर देंगे, लेकिन मैं बता दूं कि न तो वह और न ही उनकी नानी इसको रद कर सकती हैं। उन्होंने कहा, ममता झूठ बोल रही हैं कि जो सीएए के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करेगा, उसे समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

जम्मू-कश्मीर में मतदान प्रतिशत से अनुच्छेद 370 हटाने के परिणाम दिख रहे

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में मतदान प्रतिशत से अनुच्छेद 370 निरस्त करने के नरेन्द्र मोदी सरकार के फैसले के परिणाम सामने आ रहे हैं। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में श्रीनगर लोकसभा सीट पर करीब 38 प्रतिशत मतदान होने के एक दिन बाद गृह मंत्री ने यह टिप्पणी की है। श्रीनगर में 2019 के लोकसभा चुनाव में 14.43 प्रतिशत, 2014 में 25.86 प्रतिशत, 2009 में 25.55 प्रतिशत और 2004 में 18.57 प्रतिशत मतदान हुआ था। शाह ने एक्स पर लिखा, मतदान प्रतिशत के जरिए भी अनुच्छेद 370 निरस्त करने के मोदी सरकार के फैसले के परिणाम सामने आ रहे हैं। इससे जम्मू-कश्मीर के लोगों का लोकतंत्र में विश्वास बढ़ा है और इसकी जड़ें गहरी हुई हैं। शाह ने कहा कि मतदान प्रतिशत में वृद्धि के माध्यम से, जम्मू-कश्मीर के लोगों ने उन लोगों को करारा जवाब दिया है जिन्होंने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने का विरोध किया था।

मालीवाल मामले पर आप ने तोड़ी चुप्पी, कहा- दोषी पर होगी कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

- केजरीवाल के निजी सहायक पर मालीवाल ने बदसलूकी करने का लगाया है आरोप

आप नेता संजय सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक विभव कुमार ने सोमवार को सीएम आवास पर पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से बदसलूकी की। मालीवाल के केजरीवाल के निजी स्टाफ पर हमले का आरोप लगाने के एक दिन बाद सिंह ने मंगलवार को कहा कि आप प्रमुख केजरीवाल इस मामले में कड़ी कार्रवाई करेंगे। भाजपा ने मांग की कि संजय सिंह के बयान पर पुलिस को प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए। संजय सिंह ने कहा कि यह निंदनीय घटना है और आप मालीवाल के साथ है।

कल सुबह मालीवाल केजरीवाल से मिलने उनके आवास पर गई थीं। वह ड्राइंग रूम में इंतजार कर रही थीं, तो विभव ने उनसे दुर्व्यवहार किया। केजरीवाल ने इस घटना का संज्ञान लिया है और कड़ी कार्रवाई करेंगे। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि संजय सिंह का यह बयान कि पार्टी इस मामले में कार्रवाई करेगी, काफी शर्मनाक है। किसी महिला के खिलाफ हिंसा के बाद तुरंत गिरफ्तारी होनी चाहिए थी।

मालीवाल की सुरक्षा को लेकर आयोग चिंतित : रेखा शर्मा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख रेखा शर्मा ने आप राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, मैं स्वाति मालीवाल की सुरक्षा को लेकर चिंतित हूं, उन पर ऐसा कौन सा दबाव है कि वह आगे आकर पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं करा पा रही हैं। साहसी बनिये स्वाति, बोलिए।

मुंबई में होर्डिंग गिरने से मरने वालों की संख्या हुई 14

मुंबई, एजेंसी

- घाटकोपर के एक पेट्रोल पंप पर गिर गई थी 100 फुट लबी होर्डिंग
- मृतकों के परिवार को दिया जाएगा पांच -पांच लाख रुपये मुआवजा

मुंबई के घाटकोपर इलाके में होर्डिंग गिरने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है, जबकि 74 लोग घायल हैं। नगर निगम अधिकारियों ने मंगलवार सुबह यह जानकारी दी।

सोमवार को मुंबई में आई धूल भरी आंधी और बेमौसम बारिश के दौरान घाटकोपर के एक पेट्रोल पंप पर 100 फुट लंबी अवैध होर्डिंग गिर गई थी। मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार सुबह छेड़ा नगर स्थित पेट्रोल पंप पर तलाश एवं बचाव अभियान जारी है। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि घायलों में से 31 लोगों को राजावाड़ी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने मुंबई दमकल विभाग और अन्य एजेंसियों के साथ चलाए जा रहे बचाव अभियान के लिए दो टीम तैनात की हैं।

जीआरपी की जमीन से होर्डिंग हटाएगी बीएमसी

मुंबई। बीएमसी मुंबई के पूर्वी हिस्से छेड़ा नगर में हुए हादसे के बाद राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) की जमीन पर लगे बाकी होर्डिंग मंगलवार को हटाना शुरू कर देगी। एक अधिकारी ने बताया कि स्थानीय निकाय ने जीआरपी की जमीन पर लगे बाकी होर्डिंग को हटाने की योजना तैयार की है। इससे पहले बीएमसी ने कहा था कि उसने पेट्रोल पंप पर होर्डिंग लगाने के लिए मैसर्स एगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड को नोटिस जारी किया है।

मुख्यमंत्री शिंदे ने जिम्मेदारों पर कार्रवाई का दिया आश्वासन

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसालकर ने कहा है कि होर्डिंग गिरने की घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार रात घटनास्थल का दौरा किया और शहर में लगे सभी होर्डिंग का ऑडिट कराने का आदेश दिया। उन्होंने कहा, अवैध और खतरनाक होर्डिंग को तत्काल हटाया जाएगा। शिंदे ने कहा, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। सरकार इसकी जांच कराएगी और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा।

साइबर अपराध करने वालों की तुरंत करें शिकायत

नई दिल्ली, एजेंसी

- गृह मंत्रालय ने हेल्पलाइन 1930 पर सूचना देने की दी सलाह

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने प्रवर्तन एजेंसियों के नाम पर लोगों को धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी वारदातों को अंजाम देने वाले साइबर अपराधियों की जालसाजी से सावधान रहने और इनके बारे में जागरुकता फैलाने तथा इसकी शिकायत तत्काल साइबर अपराध हेल्पलाइन पर करने की सलाह दी है।

मंत्रालय ने कहा है कि राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर साइबर अपराधियों द्वारा पुलिस अधिकारियों, केंद्रीय जांच ब्यूरो , नारकोटिक्स विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, प्रवर्तन निदेशालय और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों के नाम पर धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और डिजिटल अरेस्ट जैसी वारदातों को अंजाम देने के संबंध में बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। सरकार की ओर से नागरिकों को इस प्रकार की जालसाज़ी से सावधान रहने और इनके बारे में जागरुकता फैलाने की सलाह दी जाती है। ऐसी कॉल आने पर नागरिकों को तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या साइबर क्राइम डॉट गो व डॉट इन पर सहायता के लिए इसे रिपोर्ट करना चाहिए।

टीएमसी विधायक से धक्का मुक्की में चार महिलाओं की गिरफ्तारी के बाद संदेशखालि में प्रदर्शन

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में लोगों ने स्थानीय विधायक समेत टीएमसी नेताओं से कथित तौर पर धक्का-मुक्की करने के आरोप में चार महिलाओं की गिरफ्तारी पर आपत्ति जताते हुए मंगलवार को बागडीपाड़ा इलाके में प्रदर्शन किया। महिलाओं ने दावा किया कि उन्होंने हाथों में लाठियां लेकर रात भर पहरेदारी की। संदेशखालि में लोगों के समूह ने सोमवार को बरहमाजूर इलाके में टायरों में आग लगाकर सड़क को अवरुद्ध कर दिया। उन्होंने भाजपा के नेताओं की छवि खराब करने के लिए प्रसारित किए कथित वीडियो के खिलाफ भी प्रदर्शन किया। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार महिलाओं को सोमवार को अदालत ने चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने संदेशखालि में कथित वीडियो के खिलाफ रविवार को प्रदर्शन किया और यौगलत सूचना फैलाने के लिए टीएमसी के स्थानीय विधायक सुकुमार महता का घेराव किया।

- बरहमाजूर इलाके में सड़क पर टायर डालकर लगाई आग

एचडी रेवन्ना यौन शोषण से जुड़े अपहरण मामले में जेल से हुए रिहा

बेंगलुरु। कर्नाटक में बेंगलुरु की विशेष अदालत ने अश्लील वीडियो कांड से जुड़े हाई-प्रोफाइल अपहरण मामले में फंसे होलेनारासीपुरा से जनता दल (एस) विधायक एचडी रेवन्ना को सोमवार को सशर्त जमानत पर रिहा करने के आदेश के बाद मंगलवार को उन्हें परप्पाना अग्रहारा जेल से सशर्त रिहा कर दिया गया। विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट के दिए शर्त के अनुसार वह देश से बाहर नहीं जा सकते और पीड़ितों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं कर सकते। बचाव पक्ष ने अदालत में तर्क दिया कि अपहृत महिला ने पुलिस या मजिस्ट्रेट को दिए बयानों में रेवन्ना का उल्लेख नहीं किया था।

आंबेडकर, भगत सिंह के नामों के दुरुपयोग वाली याचिका नामंजूर

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र को निर्देश जारी करने का अनुरोध वाली अर्जी पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

उच्चतम न्यायालय ने व्यक्तिगत फायदे के लिए स्वतंत्रता सेनानियों के नामों का दुरुपयोग रोकने के लिए केंद्र को निर्देश जारी करने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका पर विचार करने से मंगलवार को इनकार कर दिया।

विनय पाठक नाम के व्यक्ति ने जनहित याचिका दायर करते हुए कहा था कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मूल अधिकार को विस्तारित कर किसी व्यक्ति को राष्ट्रीय प्रतीकों या स्वतंत्रता संघर्ष के नायकों की तस्वीरों एवं नामों का दुरुपयोग अपने फायदे के लिए नहीं करने देना चाहिए। याचिका में आरोप लगाया गया था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा अपने संबोधन के दौरान पृष्ठभूमि में स्वतंत्रता सेनानी डॉ. भीमराव आंबेडकर और भगत सिंह की तस्वीरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने पूछा कि यह न्यायालय एक राजनीतिक अखाड़ा क्यों बन गया है। पीठ ने कहा कि याचिका में चुनिंदा तरीके से किसी को निशाना बनाया जा रहा है। न्यायालय की अनिच्छा को भांपकर याचिकाकर्ता ने जनहित याचिका वापस ले ली।

चुनावी बॉण्डः जांच की याचिका को सूचीबद्ध करने का अनुरोध

नई दिल्ली। दो गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) ने उच्चतम न्यायालय से चुनावी बॉण्ड को लेकर जांच कराने संबंधी जनहित याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करने का मंगलवार को अनुरोध किया। याचिका में चुनावी बॉण्ड योजना में राजनीतिक दलों, कॉरपोरेट समूहों और जांच एजेंसियों के अधिकारियों से जुड़े बदले में लाभ पहुंचाने के कथित मामलों की एसआईटी द्वारा अदालत की निगरानी में जांच की मांग की गई है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने एनजीओ कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंट्रेस्ट लिटिगेशन (सीपीआईएल) की ओर से पक्ष रख रहे अधिवक्ता प्रशांत भूषण की इन दलीलों पर संज्ञान लिया कि याचिका को सुनवाई के लिए जल्द से जल्द सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति खन्ना ने भूषण से कहा, यह प्रधान न्यायाधीश के कार्यालय के विचारार्थ है। पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 15 फरवरी को केंद्र सरकार द्वारा लाई गई चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया थ।

आज का मुकाबला

राजस्थान रॉयल्स

बनाम

पंजाब किंग्स

शाम 7:30 बजे

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	13	20
हर्षल पटेल (पंजाब)	12	20
वरुण चक्रवर्ती (केकेआर)	12	18

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	13	661
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	13	583
ट्रेविस हेड (हैदराबाद)	11	533

लक्ष्मण सर्वश्रेष्ठ विकल्प, लैंगर और गंभीर भी दौड़ में

कोच की खोज

नई दिल्ली, एजेंसी

वीवीएस लक्ष्मण

जस्टिन लैंगर



गौतम गंभीर

भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अगर पद के लिये दोबारा आवेदन नहीं करते हैं तो राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख और भारत के पूर्व महान बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण इस पद पर उनकी जगह लेने के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प होंगे।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने टेस्ट और सीमित ओवरों के क्रिकेट के लिये अलग अलग कोच रखने की संभावना से इनकार कर दिया है लिहाजा एक ही कोच की तलाश होगी। द्रविड़ का करार टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो जायेगा लेकिन उनके पास दोबारा आवेदन करने का अधिकार होगा। बीसीसीआई ने 27 मई तक आवेदन मांग हैं।

वीवीएस लक्ष्मण : अगर वह आवेदन करते हैं तो वह सर्वश्रेष्ठ विकल्प होंगे । 49 वर्ष के लक्ष्मण तीन साल से एनसीए के प्रमुख हैं और भारतीय क्रिकेटरों की अगली नस्ल को बखूबी जानते हैं । उनके कोच रहते भारत ने एशियाई खेल, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला और इंग्लैंड, न्यूजीलैंड तथा आयरलैंड में श्रृंखलाएं खेली है।

गौतम गंभीर : पिछले दस साल में शीर्ष स्तर पर क्रिकेट खेल चुके गंभीर को हर प्रारूप की समझ है। उनके तकनीकी कौशल को नकारा नहीं जा सकता है। केकेआर के कप्तान के तौर पर दो आईपीएल खिताब के अलावा लखनऊ सुपर जाइंट्स को पहले दोनों साल में प्लेआफ तक ले जाने का श्रेय उन्हें हासिल है। उनके जैसा स्वाभिमानी व्यक्ति स्वयं इस पद के लिये आवेदन करता है या नहीं। विराट कोहली का अगले तीन साल तक तो खेलना तय लग रहा है और ऐसे में उनके आपसी रिश्ते जगजाहिर हैं तो यह कठिन सफर हो सकता है। वैसे गंभीर और मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा की अच्छी पटती है।

जस्टिन लैंगर : एशेज और टी20 विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलियाई कोच लैंगर अच्छे रणनीतिकार और अनुशासन के मामले में सख्त हैं। उन्होंने कहा वह भारत का कोच बनने की संभावना पर विचार कर सकते हैं लेकिन यह मानसिक रूप से काफी दबाव वाला काम है।

पराग के घरेलू मैदान पर प्ले ऑफ में जगह सुनिश्चित करेंगे रॉयल्स

गुवाहाटी, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स की टीम प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुके पंजाब किंग्स के खिलाफ बुधवार को यहां जब नॉकआउट में अपनी जगह सुनिश्चित करने उतरेगी तो भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की सबसे प्रभावी क्रिकेट प्रतिभाओं में शामिल रियान पराग को अपने घरेलू प्रशंसकों से भव्य स्वागत की उम्मीद होगी।

दस टीम की तालिका में 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद रॉयल्स को अंतिम चार में जगह पक्की करने के लिए गुवाहाटी में अपने अगले दो 'घरेलू' मैचों में से एक में जीत सुनिश्चित करने की जरूरत है। पिछले कुछ वर्षों से गुवाहाटी रॉयल्स का दूसरा घरेलू मैदान रहा है और पराग की क्षमताओं पर छह साल तक निवेश को देखते हुए यह फ्रेंचाइजी का एक रणनीतिक कदम था। पराग के लिए इस साल घर वापसी खास है क्योंकि सलामी बल्लेबाज नहीं होने के बावजूद उन्होंने 153 के स्ट्राइक रेट से 483 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन ने पराग को अगली टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने का दावेदार बना दिया है जहां उनके अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने की उम्मीद है।

जीत के साथ दिल्ली ने खत्म किए लीग मैच

अरशद की जुझारू पारी के बाबजूद 19 रनों से हारी सुपरजाइटंस, अभिषेक और स्टब्स ने लगाए अर्धशतक

अभिषेक पोरेल

58 रन

जीत के बाद जश्न मनाते दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी। ● एजेंसी

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रद	रन रेट
कोलकाता (क्वा)	13	9	3	19	1	+1.428
राजस्थान	12	8	4	16	0	+0.349
चेन्नई	13	7	6	14	0	+0.528
हैदराबाद	12	7	5	14	0	+0.406
दिल्ली	14	7	7	14	0	-0.377
बेंगलुरु	13	6	7	12	0	+0.387
लखनऊ	13	6	7	12	0	-0.787
गुजरात (बा)	13	5	7	11	1	-1.063
मुंबई (बा)	13	4	9	8	0	-0.271
पंजाब (बा)	12	4	8	8	0	-0.423

61 रन की शानदार पारी खेलकर निकोलस पूरन ने रोमांचक बनाया मुकाबला

नई दिल्ली, एजेंसी

ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद (57) और अभिषेक पोरेल (58) की शानदार अर्धशतकीय पारियों और उसके गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 64वें मैच लखनऊ सुपर जायंट्स को 19 रन से हरा दिया है।

209रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 44 के स्कोर तक एक के बाद एक अपने चार विकेट गवां दिये थे। क्विंटन डिकॉक (12), कप्तान के एल राहुल (5), मार्कस स्टॉयनिस (5) और दीपक हुड्डा (शून्य) और उसके आयुष बदोनी (6) रन पर आउट हुये। ऐसे संकट के समय निकोलस पूरन और कुणाल पांड्या ने पारी को संभालने का प्रयास किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए अरशद खान ने जमकर खेलते हुए 33 गेंदों में नाबाद (58) रनों की पारी खेली। निकोलस पूरन 27 गेंदों में सर्वाधिक (61) रन बनाकर आउट हुए। लखनऊ की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 189 रन ही बना सकी और मुकाबला 19 रन से हार गई।

इससे पहले अरुण जेटली स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान के एल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली ने पहले ही ओवर में जेक फ्रेजर मक्गर्क (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद अभिषेक पोरेल और शे होप ने पारी को संभाला।

दोनों बल्लेबाजों के बीच 92 रनों की साझेदारी हुई। पोरेल ने 33 गेंदों में 58 रनों की पारी खेली। 17वें ओवर में कप्तान रिषभ पंत 23 गेंदों में 33 रन बनाकर आउट हुए। ट्रिस्टन स्टब्स ने 25 गेंदों में नाबाद 57 रनों की पारी खेली। दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 208 का स्कोर खड़ा किया।

दिल्ली 208/4

20 ओवर, अतिरिक्त : 08

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
जैक मैकगुर्क कैच नवीन बो अरशद खान	0	2	0/0
अभिषेक पोरेल कैच पूरन बो नवीन	58	33	5/4
शाही होप कैच राहुल बो रवि बिश्नोई	38	27	3/2
ऋषभ पंत कैच दीपक हुड्डा बो नवीन	33	23	5/0
ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद	57	25	3/4
अक्षर पटेल नाबाद	14	10	2/0

गेंदबाजी : अरशद 3-0-45-1, मोहसिन 4-0-29-0, नवीन 4-0-51-2, रवि बिश्नोई 4-0-26-1, क्रुणाल 2-0-20-0, दीपक 1-0-9-0, युद्धवीर 2-0-28-0

लखनऊ 189/9

20 ओवर, अतिरिक्त : 06

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
डिकॉक कैच मुकेश बो इशांत	12	8	2/0
केएल राहुल कैच मुकेश बो इशांत	5	3	1/0
मार्कस स्टॉयनिस स्टंप पंत बो अक्षर	5	7	1/0
दीपक हुड्डा पगबांध बो इशांत	0	0	0/0
निकोलस पूरन कैच अक्षर बो मुकेश	61	27	6/4
आयुष बदोनी कैच गुलबदीन बो स्टब्स	6	9	0/0
क्रुणाल पांड्या स्टंप पंत बो कुलदीप	18	18	2/0
अरशद खान नाबाद	58	33	3/5
युद्धवीर सिंह कैच होप बो खलील	14	7	1/1
रवि बिश्नोई रन आउट मैकगुर्क	2	2	0/0
नवीन उल हक नाबाद	2	4	0/0

गेंदबाजी : इशांत 4-0-34-3, खलील 2-0-22-1, अक्षर 1-0-20-1, मुकेश 4-0-33-1, कुलदीप 4-0-33-1, स्टब्स 1-0-4-1, गुलबदीन 1-0-12-0, रासिख 3-0-30-0

खेल डायरी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम प्रो लीग के लिए यूरोप रवाना

बेंगलुरु। भारतीय पुरुष हॉकी टीम यूरोप में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के लिए मंगलवार सुबह एंटवर्प, बेल्जियम के लिए रवाना हो गई। भारत वर्तमान में शीर्ष स्तर पर नीदरलैंड्स और ऑस्ट्रिलया के बाद पॉइंट टेबल में तीसरे स्थान पर है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के तहत बेल्जियम चरण 22 मई को शुरू होगा और 30 मई को समाप्त होगा जबकि इंग्लैंड चरण एक जून को शुरू होगा और 12 जून को समाप्त होगा। भारत दोनों चरणों में अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ दो-दो बार खेलेगा। भारतीय टीम का 22 से 26 मई के बीच एंटवर्प में मेजबान बेल्जियम ओर अर्जेंटीना के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेगी। लंदन में एक से नौ जून तक जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ खेलेगी।

मनिका करियर की सर्वश्रेष्ठ 24वीं विश्व रैंकिंग पर

नई दिल्ली। शीर्ष महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा सऊदी स्मैश में शानदार प्रदर्शन के बाद करियर की सर्वश्रेष्ठ एकल रैंकिंग 24 पर पहुंच गईं और विश्व रैंकिंग में शीर्ष 25 में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं। टूर्नामेंट से पहले 39वें स्थान पर काबिज 28 वर्षीय खेल रत्न पुरस्कार विजेता मनिका ने जेद्दा में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और अपने इस प्रदर्शन से 15 स्थान की लंबी छलांग लगाने में सफल रहीं। मनिका ने सऊदी स्मैश में अंतिम आठ के सफर के दौरान कई बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चीन की वैंग मान्यु (दूसरी वरीयता प्राप्त) को हराकर उलटफेर किया था।

तोक्यो में खेलकर खुशी थी पर पेरिस में अधिक एकाग्र रहूंगी : दीक्षा

नई दिल्ली। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने जब तोक्यो खेलों में ओलंपिक में पदार्पण किया था तो वह वहां प्रतिस्पर्धा करके ही खुश थीं लेकिन तब से वह अधिक संतुलित और स्थिर हो गई हैं और बधिर ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता आगामी पेरिस खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक है। पिछले हफ्ते 100 लेडीज यूरोपीई टूर स्पर्धाओं में भाग लेने वाली पहली भारतीय गोल्फर बनीं 24 वर्षीय दीक्षा जुलाई-अगस्त में पेरिस ओलंपिक से पहले यूरोप में कई टूर्नामेंट खेलेंगी। इस सप्ताह बर्लिन में अमुंडी जर्मन मास्टर्स से शुरूआत करने वाली दीक्षा ओलंपिक की तैयारी के लिए कम से कम नौ टूर्नामेंट खेलेंगी और लगभग सभी टूर्नामेंट यूरोप में होंगे।

मनु और विजयवीर 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक ट्रायल के फाइनल में

भोपाल। ओलंपियन मनु भाकर और पेरिस ओलंपिक कोटा विजेता विजयवीर सिद्धू ने चौथे और आखिरी ओलंपिक चयन ट्रायल में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा जीत ली। मध्यप्रदेश राज्य निशानेबाजी में मनु ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल ओएसटी टी4 फाइनल में विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला 42 स्कोर किया। विजयवीर ने पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल ओएसटी टी4 में फाइनल में 34 स्कोर किया। अभिद्या पाटिल (35) दूसरे और सिमरनप्रीत कौर बरार (30) तीसरे स्थान पर रही। ईशा सिंह और रिदम सांगवान चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं। पुरूषों की रैपिड फायर स्पर्धा में विजयवीर ने पांच शॉट की दूसरी श्रृंखला के बाद बढत बना ली।

गौरव सेमीफाइनल में, शिवा एलोरडा कप से बाहर

अस्ताना (कजाखस्तान)। भारत के गौरव चौहान एलोरडा कप मुक्केबाजी टूर्नामेंट में मंगलवार को पुरूषों के 92 प्लस किलो सेमीफाइनल में पहुंच गए जबकि शिवा थापा पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। गौरव ने स्थानीय मुक्केबाज डेनियल सापारबे को 3-2 से हराया। वहीं छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता शिवा को कजाखस्तान के अब्दुआली अलमात ने 63 .5 किलोवर्ग में 4-1 से मात दी। संजय (80 किलो) भी एशियाई खेलों के चैंपियन चीन के टी टांगलाटिहान से 0-5 से हारकर बाहर हो गए।

क्वार्टर फाइनल में इगा का मुकाबला कीज से

रोम, एजेंसी



दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने सोमवार को यहां एंजेलिक कर्बर को हराकर इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। स्वियातेक ने कर्बर को 7-5, 6-3 से शिकस्त के साथ बाहर का रास्ता दिखाया। पिछले हफ्ते मैड्रिड में खिताब जीतने वाली स्वियातेक की यह लगातार नौवीं जीत है।

रोम में दो बार की चैंपियन स्वियातेक क्वार्टर फाइनल में अमेरिका की मेडिसन कीज से भिड़ेंगी। जिन्होंने सोरेना क्रिस्टिया को सीधे सेट में हराया। मैच के दौरान पर्यावरण के लिए काम करने वाले कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन भी देखने को मिला। पोलैंड की स्वियातेक 2013 में सेरेना विलियम्स के बाद मैड्रिड और रोम में लगातार खिताब जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनने के लिए चुनौती पेश कर रही हैं। अमेरिका की कोको गॉफ और हमवतन डेनियले कोलिन्स ने भी अंतिम आठ में जगह बनाई। गॉफ ने पॉला बेडोसा को हराया जबकि कोलिन्स ने ईरीना कामेलिया बेगु को शिकस्त दी।

बोपन्ना-एब्डेन की जोड़ी प्री क्वार्टर फाइनल में

रोम। रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एब्डेन की युगल जोड़ी माटेओ अर्नाल्डी और फ्रांसेस्को पासारो की जोड़ी को हराकर इटालियन ओपन 2024 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी की क्ले कोर्ट पर यह पहली जीत दर्ज है। उन्होंने 52 मिनट तक चले मुकाबले में अर्नाल्डी और पासारो की जोडी को 6-2, 6-2 से हराया। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी का मुकाबला सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी से होगा। बोलेली और वावसोरी ने की जोड़ी क्रिस्टोफर यूबैंक्स और जॉन पीयर्स को हराकर प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंची है।

अच्छा है इंपेक्ट प्लेयर नियम : शास्त्री

चेन्नई, एजेंसी

मौजूदा आईपीएल में 'इंपेक्ट प्लेयर' नियम की भले ही तीखी आलोचना हो रही हो लेकिन भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने इसका समर्थन करते हुए कहा है कि इससे करीबी मुकाबले देखने को मिलते हैं। पिछले सत्र में प्रतियोगिता में लागू किया गया नियम इस सत्र में बहस का विषय रहा है। कुछ विशेषज्ञों और वर्तमान खिलाड़ियों का कहना है कि यह ऑलराउंडरों की भूमिका को खत्म कर रहा है।

शास्त्री ने कहा जब कोई नया नियम आता है तो ऐसे लोग होंगे जो यह बताने की कोशिश करेंगे कि यह सही क्यों नहीं है, लेकिन समय के साथ, जब आप स्कोर देखते हैं- 200 और 190 रन- और फिर कुछ खिलाड़ियों ने उस अवसर का अधिकतम लाभ उठाया, तो लोग इसके बारे में अपनी सोच पर फिर विचार करने लगेंगे। शास्त्री ने नियम का समर्थन करते हुए कहा कि खेल को समय के साथ विकसित होना होगा। उन्होंने कहा इंपेक्ट प्लेयर (नियम) अच्छा है। आपको समय के साथ विकसित होना होगा।

इंपेक्ट प्लेयर नियम हटने से बड़े स्कोर नहीं बनेंगे : पोंटिंग

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि बहुचर्चित इंपेक्ट प्लेयर नियम खत्म होने के बाद भी आईपीएल मुकाबलों में बड़े स्कोर बनते रहेंगे। इंपेक्ट प्लेयर नियम टीमों को मैच के दौरान किसी भी समय टॉस के दौरान घोषित मूल एकादश में से किसी एक खिलाड़ी को बदलने की अनुमति देता है। जैसे कि रोहित शर्मा ने इसे ऑलराउंडर के लिए नुकसानदायक बताया है क्योंकि उन्हें गेंदबाजी करने का मौका नहीं मिलता जबकि गांगुली जैसे कुछ अन्य इसे अच्छा बता रहे हैं।

चैंपियंस लीग के करीब पहुंची एस्टन विला

बर्मिंघम, एजेंसी

स्थानापन्न खिलाड़ी जॉन डुरेन के अंतिम पांच मिनट में दागे दो गोल की मदद से एस्टन विला ने सोमवार को यहां लीवरपूल को 3-3 से बराबरी पर रोक दिया और टीम चैंपियंस लीग में जगह बनाने के करीब पहुंच गई।

एस्टन विला की टीम अगर जीत दर्ज करती तो उसका इंग्लिश प्रीमियर लीग में शीर्ष चार में रहते हुए 1983 के बाद पहली बार यूरोपीय कप के लिए क्वालीफाई करना तय हो जाता। एस्टन विला की टीम दूसरे ही मिनट में पिछड़ गई जब गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने आत्मघाती गोल दागा। योरी टिलेमैन्स ने जल्द ही स्कोर 1-1 कर दिया। लीवरपूल ने हालांकि कोडी गेप्को और जेरेल क्वानशा के गोल से 3-1 की बढ़त बनाई। लीवरपूल की टीम जीत की ओर बढ़ रही थी लेकिन मैदान पर उतरे डुरेन ने 85वें और 88वें मिनट में गोल दागकर एस्टन विला के लिए एक अंक सुनिश्चित किया। एस्टन विला की टीम अभी पांचवें स्थान पर चल रहे टोटेनहैम से पांच अंक आगे है। विला को अभी एक जबकि टोटेनहैम को दो मैच खेलने हैं। लीग की शीर्ष चार टीम चैंपियन्स लीग में जगह बनाती हैं। लीवरपूल की टीम एस्टन विला से 14 अंक आगे तीसरे स्थान पर है।

गोल के बाद खुशी मनाते एस्टन विला के खिलाड़ी।

रियल सोसीदाद को हराकर बार्सीलोना दूसरे स्थान पर पहुंचा

बार्सीलोना। बार्सीलोना स्पेनिश लीग में सोमवार को यहां रियल सोसीदाद पर 2-0 की जीत के साथ गिरोना को पछाड़कर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। पहले हाफ में सोसीदाद के शेराल्डो बैकर के गोल को ऑफ साइड करार दिया गया। बार्सीलोन के राफिन्हा का शॉट 38वें मिनट में गोल पोस्ट से टकरा गया जिसके दो मिनट बाद लेमिन यमाल ने टीम को बढ़त दिलाई। राफिन्हा ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर गोल करके बार्सीलोना की 2-0 से जीत सुनिश्चित की। इस जीत से बार्सीलोना की टीम 35 मैच में 76 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। गिरोना के इतने ही मैचों में 75 अंक हैं।

गोल्डन बॉल ट्रॉफी चोरी, नीलामी रोकना चाहते हैं उत्तराधिकारी

पेरिस। महान फुटबॉलर डिएगो माराडोना के उत्तराधिकारी उस ट्रॉफी की नीलामी को रोकने की कोशिश करने के लिए मुकदमा दायर करेंगे जो उन्हें 1986 विश्व कप में अर्जेंटीना की खिताबी जीत के बाद दी गई थी। उनके वकील ने मंगलवार को यह जानकारी दी। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को गोल्डन बॉल ट्रॉफी दी जाती है। यह ट्रॉफी दशकों से गायब थी और हाल ही में दोबारा सामने आई। अगुटेस ऑक्शन हाउस ने पिछले हफ्ते कहा था कि अगले महीने पेरिस में नीलामी की जाएगी। माराडोना का 2020 में निधन हो गया था। उन्हें 1986 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए इस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया था। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 की जीत में विवादास्पद हैंड ऑफ गॉड गोल और सदी का सर्वश्रेष्ठ गोल किया था। माराडोना के उत्तराधिकारियों का कहना है कि ट्रॉफी चोरी हो गई थी और मौजूदा मालिक इसे बेचने का हकदार नहीं हो सकता। पैराडॉक्स लॉयर्स फर्म के साथ काम करने वाले वकील जाइल्स मोरू ने कहा कि वह गोल्डन बॉल को नीलामी से हटाने के लिए पेरिस के पास नैनटेरे न्यायिक अदालत के अध्यक्ष से तत्काल अनुरोध करेंगे।

बॉलीवुड हलचल

कान्स में जलवा बिखेरेंगी ऐश्वर्या और अदिति

मुंबई। बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री ऐश्वर्या राय और अदिति राव हैदरी, कान्स फिल्म फेस्टिवल में जलवा बिखेरेती नजर आएंगी। 14 से 25 मई तक फ्रांस के कांस शहर में 77वें कांस फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इस साल फेस्टिवल के प्रतिष्ठित (पाल्मे डी''ओर) कैटेगरी में इंडियन फिल्ममेकर पायल कपाड़िया की फिल्म 'ऑल वी इमैजिन एज लाइट' प्रदर्शित की जाएगी। कान्स फिल्म फेस्टिवल का एक्सक्लूसिव कंटेंट फ्रांस में फ्रांस टेलीविजन पर मौजूद होगा। फेस्टिवल के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर भी इसकी लाइव स्ट्रीमिंग होगी, जहां पर आप इस फेस्टिवल को देख सकेंगे। इस साल कान्स फिल्म फेस्टिवल की थीम है- मेनी वेज टू बी एन आइकन। इसका मतलब है, एक आइकन बनने के कई तरीके। कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में ऐश्वर्या राय और अदिति राव हैदरी रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरेंगी। इससे पहले ऐश्वर्या राय कान्स फिल्म फेस्टिवल में जूरी मेंबर भी शामिल हो चुकी हैं।कांस के रेड कारपेट को फैशन वर्ल्ड में काफी अहम माना जाता है। यहां वॉक करने वाले सेलेब्स फिल्मों के प्रमोशन के साथ नए डिजाइनर्स के आउटफिट्स भी शोकेस करते हैं। इसके साथ ही फ्रांस को भी अपनी संस्कृति को पेश करने का मौका मिलता है। ऐश्वर्या राय बच्चन वर्ष 2002 से अब तक तकरीबन हर साल कांस में शामिल होती आई हैं।

ड्यून प्रोफेसी में काम करेंगी तब्बू

मुंबई। बॉलीवुड की अभिनेत्री तब्बू अमेरिकन सीरीज ड्यून : प्रोफेसी में काम करती नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि लाइफ ऑफ पाई और द नेमसेक जैसी इंग्लिश फिल्मों में काम करने के बाद तब्बू अब अमेरिकी टीवी की दुनिया में अपना डेब्यू करने जा रहीं हैं। तब्बू को पॉपुलर अमेरिकन फिक्शन सीरीज ड्यून : प्रोफेसी में एक बड़ी भूमिका मिली है। कहा जा रहा है कि तब्बू इस सीरीज में सिस्टर फ्रांसेस्का की भूमिका निभाती नजर आएंगी। सीरीज का पहला भाग 2019 में आया था, जिसका टाइटल था ड्यून : द सिस्टरहुड। प्रीक्वल सीरीज ड्यून : प्रोफेसी ब्रायन हर्बर्ट और केविन जे एंडरसन द्वारा लिखित नॉवेल सिस्टरहुड ऑफ ड्यूनसे प्रेरित है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

जागरूकता रैली

बीएसएफ के जवानों ने युवाओं के साथ उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज के पास भारत-बांग्लादेश सीमा पर जल संरक्षण, शिक्षा और स्वच्छ पर्यावरण के लिए साइकिल रैली निकाली। ● एजेंसी

मुंबई में इंजीनियर से 3.7 करोड़ की ठगी

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ शेयर बाजार में बड़ा मुनाफा कमाने का झांसा देकर इंजीनियर से 3.7 करोड़ रुपये की ठगी करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। मंगलवार को एक अधिकारी ने जानकारी दी।

एक निजी कंपनी में कार्यरत वाशी के रहने वाले 43 वर्षीय इंजीनियर ने 17 फरवरी 2024 को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर में निवेश करने संबंधी लिंक देखा था। नवी मुंबई साइबर पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक ने बताया कि इंजीनियर ने लिंक पर क्लिक किया और शेयर में निवेश करने से अच्छा लाभ कमाने की जानकारी प्राप्त की। लिंक पर संपर्क करने के लिए मोबाईल नंबर भी दिया गया था। बाद में, पीड़ित ने ठगी करने वालों में से एक के साथ व्हाट्सएप पर चैट करना शुरू कर दिया था।

दिल को दुरुस्त रखने में मददगार डार्क चॉकलेट, इसके हैं कई हेल्थ बेनिफिट्स

चॉकलेट का सेवन हर बार नुकसानदेह नहीं, बल्कि कई बार फायदेमंद भी हो सकता है, जैसे कि प्योर डार्क चॉकलेट का सेवन। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट आपको हार्ट प्रॉब्लम से बचा सकते हैं। लोग अक्सर चॉकलेट को हेल्थ के लिए खराब मानते हैं, क्योंकि इसमें हाई कैलोरी, शुगर और फैट्स हैं, जो वजन बढ़ाने से लेकर डायबिटीज के खतरे तक को बढ़ाता है। लेकिन प्योर डार्क चॉकलेट खाना आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छा है, खासतौर पर हार्ट डिजीज से बचाता है। नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ हेल्थ के अनुसार कोकोआ से बने डार्क चॉकलेट को कम मात्रा में खाने से आपको एंटीऑक्सीडेंट और खनिज भी मिल जाते हैं और हार्ट डिजीज से बचने में मदद मिलती है। लेकिन इसका फायदा आपको तभी होगा जब आप बिना शुगर वाली डार्क चॉकलेट का सेवन करें। आइये इसके फायदों के बारे में जानते हैं।

हृदय रोग के जोखिम को कम कर सकता है

सप्ताह में 3 बार कम मात्रा में डार्क चॉकलेट खाने से हृदय रोग का खतरा 9 प्रतिशत तक कम होता। चॉकलेट में मौजूद यौगिक एलडीएल के ऑक्सीकरण के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करने के साथ कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करता, जिससे ब्लॉकेज सहित कई गंभीर हार्ट डिजीज का खतरा कम हो जाता है।

थकावट दूर होती है

अगर आप बहुत जल्दी थक जाते हैं तो अपने खाने में चॉकलेट को शामिल करें, इससे थकावट दूर होती है और सांस लेने की तकलीफ में आराम मिलता है।

धमनियां रहती हैं स्वस्थ

डार्क चॉकलेट में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट रक्त संचार को बढ़ाने के साथ व्हाइट ब्लड सेल्स को ब्लड वेसल्स की दीवारों से चिपकने से रोकती है। इससे आर्टीज में कोलेस्ट्रॉल जम नहीं पाता है और अटैक का रिस्क भी कम होता है।

बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करती है

डार्क चॉकलेट में 70% कोकोआ होता है, जो एंटीऑक्सीडेंट्स का बहुत अच्छा स्रोत होता है। कई पावरफुल एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है, जैसे कि पॉलीफेनोल्स, फ्लैवेनॉल्स और कैटेचिन आदि। डार्क चॉकलेट में मौजूद पॉलीफेनोल्स एलडीएल यानी कि बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद करती है।

ब्लड प्रेशर होता है कंट्रोल

कोकोआ में बायोएक्टिव कंपाउंड धमनियों में रक्त के प्रवाह में सुधार कर सकते हैं और रक्तचाप को भी कंट्रोल करता है। फ्लावोनॉल्स एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है, जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है। इस तरह से हाई ब्लड प्रेशर के रिस्क को कम कर के हार्ट अटैक का खतरा भी कम होता है।

एक नजर

अफगानिस्तान में बाढ़ से करीब 40 हजार बच्चे बेघर

काबुल। उत्तरी अफगानिस्तान के बगलान प्रांत और अन्य क्षेत्रों में शुक्रवार को आयी मूसलाधार बारिश के बाद बाढ़ आने से करीब 40 हजार बच्चे बेघर हो गये। ग्लोबल चैरिटी सेव द चिल्ड्रन ने सोमवार को यह जानकारी दी। अफगानिस्तान में चैरिटी के कंट्री डायरेक्टर अरशद मलिक ने कहा बच्चे सहमे हुये हैं, कई ने अपना सब कुछ खो दिया है। न केवल उनका घर और स्कूल परिसर क्षतिग्रस्त हुआ, बल्कि वो भी जगह नष्ट हो गयी जहां वे खेलते थे। उन्होंने अपने आसपास उन सभी को भी खो दिया है, जिनसे वे परिचित थे। अब उनकी दिनचर्या पहले जैसी नहीं रही।

मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन का सह-अध्यक्ष पद छोड़ेगीं

न्यूयॉर्क। मेलिंडा फ्रेंच गेट्स ने बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। उन्होंने और उनके पूर्व पति बिल गेट्स ने इस गैर-लाभकारी संस्था की स्थापना की थी और उसे पिछले 20 वर्षों में दुनिया के सबसे बड़े परोपकारी संगठनों में से एक बनाया। मेलिंडा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा गहन चिंतन और विचार के बाद मैंने बिल और मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका से इस्तीफा देने का फैसला किया है, फाउंडेशन में मेरा आखिरी दिन सात जून होगा।

ड्यून प्रोफेसी का हिस्सा बनीं अभिनेत्री तब्बू

लॉस एंजिलिस। अभिनेत्री तब्बू निर्देशक डेनिस विलेन्यूवे की लोकप्रिय सीरीज ड्यून प्रोफेसी में अभिनय करेंगी। वेरायटी की खबर के मुताबिक तब्बू सिस्टर फ्रांसेस्का की भूमिका में नजर आएंगी। यह किरदार बेहद बुद्धिमान, तेज-तर्रार, खूबसूरत और साहसी सिस्टर का है। ड्यून : प्रोफेसी ब्रायन हर्बर्ट और केविन जे एंडरसन के उपन्यास सिस्टरहुड ऑफ ड्यून पर आधारित है। पहले इसका शीर्षक ड्यून : द सिस्टरहुड था। निर्माताओं ने अभी तक ड्यून : प्रोफेसी के प्रीमियर की तारीख की घोषणा नहीं की है।

शबाना को फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन खिताब

लंदन। अभिनेत्री शबाना आजमी को महिलाओं के अधिकारों के लिए खड़े होने और भारतीय सिनेमा में उल्लेखनीय योगदान के लिए फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन के खिताब से सम्मानित किया गया है। आजमी (73) को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए पांच राष्ट्रीय पुरस्कारों और छह फिल्मफेयर पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। वह वार्षिक यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल (यूकेएएफएफ) में शामिल होने के लिए लंदन में थीं।

चाबहार पोर्ट डील पर बौखलाया अमेरिका, दी भारत को चेतावनी

कहा- भारत विदेश नीतियों पर खुद फैसला करे, ईरान से व्यापार बढ़ाया तो बैन का खतरा

वाशिंगटन, एजेंसी

भारत-ईरान के बीच चाबहार पोर्ट डील साइन होने के बाद अमेरिका ने वॉर्निंग दी है। अमेरिका ने कहा है कि ईरान से व्यापार करने की वजह से भारत पर पाबंदियों का खतरा रहेगा। दरअसल, अमेरिकी विदेश विभाग के उप-प्रवक्ता वेदांत पटेल से सोमवार को प्रेस ब्रीफिंग के दौरान चाबहार पोर्ट की डील पर सवाल किया गया।

इस पर पटेल ने कहा हमें जानकारी मिली है कि ईरान और भारत ने चाबहार बंदरगाह से जुड़े एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। विदेश नीतियों और दूसरे देशों के साथ अपने रिश्तों पर भारत खुद फैसले करेगा, लेकिन जो भी देश ईरान के साथ व्यापार में शामिल होगा, उस पर प्रतिबंध लगने का खतरा बना रहेगा।

भारत ने सोमवार को ईरान के चाबहार पोर्ट को 10 साल के लिए लीज पर लेने से जुड़ी डील की। इस समझौते के लिए भारत से केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल को ईरान भेजा गया था। भारत और ईरान कई वर्षों से चाबहार पर काम कर रहे हैं। अब पोर्ट का पूरा मैनेजमेंट भारत के पास होगा। पोर्ट के जरिए अफगानिस्तान व सेंट्रल एशिया से व्यापार का नया रूट मिल जाएगा। इससे पाकिस्तान की जरूरत भी खत्म हो जाएगी। यह पोर्ट एक तरह से भारत और अफगानिस्तान को व्यापार के लिए ऑप्शनल रास्ता मुहैया कराएगा। भारतीय कंपनी इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड पोर्ट में 120 मिलियन डॉलर का निवेश करेगी।

● भारत को 10 साल के लिए मिला चाबहार पोर्ट

इसलिए चाबहार पोर्ट भारत के लिए जरूरी

भारत दुनियाभर में अपने व्यापार को बढ़ाना चाहता है। चाबहार पोर्ट इसमें अहम भूमिका निभा सकता है। भारत इस पोर्ट की मदद से ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के साथ सीधे व्यापार कर सकता है। ईरान और भारत ने 2018 में चाबहार पोर्ट तैयार करने का समझौता किया था। पहले भारत से अफगानिस्तान कोई भी माल भेजने के लिए उसे पाकिस्तान से गुजरना होता था। हालांकि, दोनों देशों में सीमा विवाद के चलते भारत को पाकिस्तान के अलावा भी एक विकल्प की तलाश थी। चाबहार बंदरगाह के विकास के बाद से अफगानिस्तान माल भेजने का यह सबसे अच्छा रास्ता है। भारत अफगानिस्तान को गेंहू भी इस रास्ते से भेज रहा है। अफगानिस्तान के अलावा यह पोर्ट भारत के लिए मध्य एशियाई देशों के भी रास्ते खोलेगा। इन देशों से गैस और तेल भी इस पोर्ट के जरिए लाया जा सकता है। चाबहार को पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट की तुलना में भारत के रणनीतिक पोर्ट के तौर पर देखा जा रहा है। ग्वादर को बेल्ट एंड रोड प्रोजेक्ट के तहत चीन विकसित कर रहा है। भारत इस पोर्ट के चीन और पाकिस्तान पर भी नजर रख पाएगा।

ईरान पर अमेरिका ने लगा रखे है प्रतिबंध

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ईरान पर लगभग सभी व्यापार प्रतिबंध लगा चुका है। अमेरिकी सरकार ने देश में ईरान की सारी संपत्तियों को भी ब्लॉक कर रखा है। साथ ही अमेरिका ने सहयोगियों देशों को भी ईरान की सहायता करने और हथियार की ब्रिकी करने से रोक रखा है। अमेरिका ने ये पाबंदियां ईरान के परमाणु कार्यक्रम, मानवाधिकारों का उल्लंघन और आतंकी संगठनों को समर्थन देने की वजह से लगाई हैं। इसी के साथ ईरान वह देश है जिसपर अमेरिका ने सबसे ज्यादा प्रतिबंध लगाए हुए हैं। पिछले महीने ईरान ने इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन्स से हमला किया था, जिसके बाद अमेरिका ने उस पर नए सिरे से प्रतिबंध लगाए थे। अमेरिका ने ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स, ईरान रक्षा मंत्रालय और ईरानी शासन से जुड़ी मिसाइलें और ड्रोन प्रोडक्शन वाली कंपनीज पर कार्रवाई की थी।

संरा में फिलिस्तीन की सदस्यता का भारत ने किया समर्थन

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की पूर्ण सदस्यता के अपने समर्थन को रेखांकित करते हुए कहा है कि सीधी एवं सार्थक बातचीत के जरिये हासिल द्विराष्ट्र समाधान ही अशांत क्षेत्र में टिकाऊ शांति लाएगा। भारत ने पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक मसौदा प्रस्ताव के समर्थन में मतदान किया था।

इस प्रस्ताव में कहा गया है कि फिलिस्तीन (पूर्ण सदस्यता पाने की) योग्यता रखता है और इसे संयुक्त राष्ट्र के पूर्ण सदस्य का दर्जा मिलना चाहिए तथा इस विषय पर सुरक्षा परिषद अनुकूल तरीके से पुनर्विचार करे। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रूचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में सोमवार को कहा कि अपने पुराने रुख को बरकरार रखते हुए, हम संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की सदस्यता का समर्थन करते हैं और इसलिए हमने इस प्रस्ताव के समर्थन में वोट दिया है।

उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि फिलिस्तीन की अर्जी पर सुरक्षा परिषद आने वाले समय में पुनर्विचार करेगी और संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना लिया जाएगा। शुक्रवार को एक आपात विशेष सत्र के लिए 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक हुई, जहां संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की पूर्ण सदस्यता के समर्थन में अरब समूह के प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र में नये सदस्य को शामिल करने को पिछले साल मई में यूएई ने पेश किया था।

यूएन में कार्यरत भारतीय सेना के पूर्व अफसर की गाजा में मौत

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

● संयुक्त राष्ट्र ने मामले की पूर्ण जांच कराने का आह्वान किया

गाजा के रफह शहर में हमले की चपेट में आने से संयुक्त राष्ट्र के लिए काम करने वाले सेवानिवृत्त भारतीय कर्नल की मौत हो गई। 7 अक्टूबर को इजराइल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद अंतरराष्ट्रीय कर्मी की मौत का यह पहला मामला बताया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने मामले की पूर्ण जांच कराने का आह्वान किया है जबकि इजराइल ने अलग से हमले की जांच करने का आदेश दिया है।

अधिकारियों ने मंगलवार को नई दिल्ली में बताया कि भारतीय सेना से 2022 में समय पूर्व सेवानिवृत्ति लेने वाले कर्नल वैभव अनिल काले (46) दो महीने पहले संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग (यूएनडीएसएस) में सुरक्षा समन्वय अधिकारी नियुक्त किए गए थे। उन्होंने भारतीय सेना में 11 जम्मू-कश्मीर राइफल्स में सेवाएं दी थीं। काले ने सेना की 11वीं जम्मू-कश्मीर राइफल्स में अपनी सेवाएं दी थीं। सोमवार की सुबह यूएनडीएसएस के अन्य कर्मचारियों के साथ वह संयुक्त राष्ट्र के वाहन में रफह स्थित यूरोपियन अस्पताल जा रहे थे तभी हमले की चपेट में आ गए। इस हमले में एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसकी पहचान नहीं हो सकी है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने जताया दुख : संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा एवं सुरक्षा विभाग (डीएसएस) के एक कर्मचारी की मौत और एक अन्य डीएसएस कर्मचारी के घायल होने पर गहरा दुख जताया। महासचिव के उप प्रवक्ता फरहान हक द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र कर्मियों पर सभी हमलों की निंदा की और जांच का आह्वान किया।

वैभव अनिल काले (फाईल फोटो)।

साढ़े चार लाख लोगों ने गाजा का राफा शहर छोड़ा

गाजा/तेल अवीव। संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को कहा कि तटीय पट्टी के दक्षिण में भारी लड़ाई से बचने की कोशिश में एक सप्ताह के भीतर लगभग 4,50,000 लोगों ने गाजा के राफा शहर को छोड़ दिया। संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने एक्स पर लिखा राफा में सड़कें खाली हैं क्योंकि परिवार सुरक्षा की तलाश में पलायन कर रहे हैं।

यौन उत्पीड़न के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय का प्रोफेसर गिरफ्तार

कन्नूर (केरल)। केरल केंद्रीय विश्वविद्यालय के एक सहायक प्रोफसर को एक युवती का कथित रूप से यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, घटना जिले के एक मनोरंजन पार्क की है।

कासरगोड में स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंग्रेजी पढ़ाने वाले आरोपी इफ्तिकार अहमद बी को युवती की शिकायत के आधार पर सोमवार को यहां विस्मय मनोरंजन पार्क में रंगे हाथ पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि कोर्ट से रिमांड मिलने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। घटना उस समय हुई, जब 22 वर्षीय शिकायतकर्ता और उसके परिवार के सदस्य मनोरंजन पार्क के वेव पूल में समय बिता रहे थे।

पीओके में सुरक्षा बलों की गोलीबारी में तीन की मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी

● मुजफ्फराबाद में अर्धसैनिक रेंजर्स के साथ हुई झड़प

पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद में अर्धसैनिक रेंजर्स के साथ झड़प के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा प्रदर्शनकारियों पर की गई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई व छह घायल हो गए।

मंगलवार को मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई है। पीओके में गेहूं के आटे की ऊंची कीमतों और बिजली के बढ़े हुए दामों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहा है। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, विवादित क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात किए गए अर्धसैनिक रेंजर्स पर क्षेत्र से बाहर निकलते समय हमला हो गया।

केरल में एंबुलेंस में आग लगने से मरीज की जलकर मौत

कोझिकोड। केरल के कोझिकोड में मंगलवार तड़के एक सड़क हादसे में एंबुलेंस में आग लगने से मरीज की जलकर मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। रिपोर्ट के अनुसार आज तड़के तीन बजे एंबुलेंस के बिजली के खंभे से टकराने से उसमें आग लग गई। जिससे एक महिला मरीज की जलकर मौत हो गयी।

उसे तत्काल सर्जरी की आवश्यकता थी इसलिए उसे उलियारी के मालाबार मेडिकल कॉलेज अस्पताल से सुलोचना को एस्टर एमआईएमएस अस्पताल ले जाया जा रहा था। रिपोर्ट के अनुसार चालाक ने नियंत्रण खो दिया जिससे एंबुलेंस बिजली के खंभे से टकरा गयी और फिर पास की एक इमारत में जा घुसी।

व्हाइट हाउस में गोलगप्पे की धूम

वाशिंगटन, एजेंसी

● व्हाइट हाउस के आयोजनों में लगातार शामिल किया जा रहा है भारतीय लोकप्रिय व्यंजन

व्हाइट हाउस में आयोजित होने वाले समारोहों के मेन्यू में भारत का लोकप्रिय स्ट्रीट फूड गोलगप्पा लगातार जगह पा रहा है। पिछले साल भी कई मौकों पर इसे मेन्यू में शामिल किया गया था।

सोमवार को विरासत माह के जश्न के मौके पर राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा रोज गार्डन में आयोजित किए गए समारोह में मेहमानों को गोलगप्पा भी खिलाया गया। इस समारोह में कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अमेरिकी सर्जन जनरल डॉ. विवेक मूर्ति समेत कई एशियाई अमेरिकी और भारतीय अमेरिकी लोगों ने शिरकत की। अभी तक व्हाइट हाउस के लिए समारोहों के मेन्यू में समोसा ही देखने को मिलता था लेकिन अब गोलगप्पे को भी कई मौकों पर मेन्यू में शामिल किया जा रहा है।

व्हाइट हाउस के रोज गार्डन में आयोजित समारोह में भाग लेने के बाद समुदाय के नेता अजय जैन भुटोरिया ने बताया कि पिछले साल जब मैं यहां आया था तो उस समय भी गोलगप्पा/पानीपूरी मेन्यू में शामिल था। इस साल भी मैं उसका स्वाद चखने को उत्सुक था और तभी अचानक एक वेटर पानीपूरी/गोलगप्पा लेकर आया।

सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा से गूंजा व्हाइट हाउस

वाशिंगटन। अमेरिका के व्हाइट हाउस में वार्षिक एशियाई अमेरिकी, नेटिव हवाई और पेसिफिक आइलेंडर (एएएनएचपीआई) विरासत माह का जश्न मनाया गया। इस दौरान राष्ट्रपति जो बाइडन, उप राष्ट्रपति कमला हैरिस समेत कई एशियाई और अमेरिकी वहां मौजूद थे। व्हाइट हाउस में इस खास उपलक्ष्य पर मरीन बैंड ने सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा गीत की धुन बजाई गई। सोमवार को व्हाइट हाउस में मौजूद भारतीय अमेरिकियों के अनुरोध पर मरीन बैंड ने इस देशभक्ति गीत की धुन को दो बार बजाया।

डीएचएफएल घोटाला : सीबीआई ने धीरज वधावन को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

● 17 बैंकों के संघ से 34,000 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी

सीबीआई ने 34,000 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में डीएचएफएल (दीवान हाउसिंग फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड) के पूर्व निदेशक धीरज वधावन को गिरफ्तार किया है।

अधिकारियों ने बताया कि वधावन को सोमवार रात को मुंबई से हिरासत में लिया गया और उन्हें मंगलवार को दिल्ली की एक विशेष अदालत में पेश किया गया जिसने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

डीएचएफएल के पूर्व निदेशक और उनके भाई कपिल को इस मामले में पहले 19 जुलाई, 2022 को गिरफ्तार किया गया था। एजेंसी ने 15 अक्टूबर, 2022 को कपिल और धीरज सहित 75 प्रतिष्ठानों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। उन्हें विशेष अदालत ने तीन दिसंबर, 2022 को इस आधार पर जमानत दे दी थी कि जांच अधूरी है और दायर आरोप पत्र टुकड़ों में पेश किया है।

इस आदेश को दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी बरकरार रखा था। सीबीआई ने उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी। बता दें कि सीबीआई ने 17 बैंकों के संघ से 34,000 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के संबंध में डीएचएफएल मामला दर्ज किया था। यह देश में सबसे बड़ा बैंकिंग ऋण धोखाधड़ी मामला है।

खगोल विज्ञान | कम ही लोग जानते हैं उपग्रह आकाशगंगाओ के बारे में

व्यापक क्षेत्र में फैली हुई हैं उपग्रह आकाशगंगा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : आकाशगंगाओं से हर कोई परिचित है, लेकिन उपग्रह आकाशगंगाओं के बारे में कम ही लोग जानते हैं। जिनका अस्तित्व अब तक सीमित माना जाता है, लेकिन हाल की खोज बताती है कि इनकी संख्या अपेक्षा से कहीं अधिक है।

जापान की राष्ट्रीय खगोलीय वेधशाला के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है और इनकी वास्तविकता का पता लगाया है। उपग्रह आकाशगंगाओं की अपनी अलग दुनिया है। इनके बारे में अभी तक हुई खोजबीन बेहद कम हैं। जिस कारण ब्रह्मांड में अपना अलग स्थान रखने वाली उपग्रह आकाशगंगाओं के बारे अधिक लोगों को जानकरी नही है। पूर्व में माना जाता था कि इनकी संख्या मात्र 9 है, जबकि नई खोज बताती है कि यह ब्रह्मांड के एक बढ़े हिस्से में हो सकती हैं। फिलहाल 61 उपग्रह आकाशगंगा हाल में खोजी गई हैं।

जिनमें बड़े और छोटे मैगेलैनिक बादल के उपग्रह आकाशगंगा शामिल हैं। यह खोज 1.4 मिलियन प्रकाश वर्ष के भीतर दायरे में कई गई है। जापान की सुबारू दूरबीन के जरिए यह खोज की गई है। खोजकर्ता वैज्ञानिक कहते हैं कि फिलहाल उन्होंने आकाश के केवल 3 प्रतिशत भाग में ही खोज की है।

हमारी आकाशगंगा की परिक्रमा करने वाली अधिकांश उपग्रह आकाशगंगाएँ नवागंतुक हैं, जो छोटे बड़े मैगेलैनिक बादल में सिमटी हैं और इन्हें नवागंतुक माना जाता हैं। इनका विस्तार निरंतर जारी है। इनकी ऑर्बिट के बारे में निश्चित पता अभी नही लग पाया है। बहरहाल यह जानकारी जुटाने के लिए सुबारू दूरबीन से डेटा एकत्र का कार्य चल जिसका पता जल्द लग जाएगा। हवाई के मौना केआ में सुबारू टेलीस्कोप एक 8.2 मीटर व्यास की टेलीस्कोप है।

उपग्रह आकाशगंगा की तस्वीर।

बौनी आकाशगंगा भी कहा जाता है

उपग्रह आकाशगंगा सीमित आकार लिए एक छोटी आकाशगंगा है, जो आकाशगंगा की परिक्रमा करती हैं। इन्हें बौनी आकाशगंगा भी कहा जाता है। यह मेजबान आकाशगंगा की गुरुत्वाकर्षण के आकर्षण के भीतर बंधी हुई कक्षाओं में यात्रा करती है। इनकी विस्तृत जानकारी के लिए अधिक शोध किए जाने की जरूरत है। वैज्ञानिकों का मानना है कि हाल में हुई खोज से इस दिशा में खोज का दायरा बढ़ेगा। जिसमें दुनिया के अनेक देशों के वैज्ञानिक शामिल होंगे।

मोदी के लिए खाना पकाने की ममता की पेशकश पर विवाद

कोलकाता, एजेंसी

● भाजपा ने राजनीतिक एजेंडा करार दिया, माकपा ने इसे टीएमसी व भाजपा के बीच सहमति बताया

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए खाना पकाने की पेशकश पर अलग-अलग राजनीतिक दलों ने मिली-जुली प्रतिक्रिया दी है। जहां भाजपा ने इसे राजनीतिक एजेंडा करार दिया, वहीं माकपा ने इसे टीएमसी-भाजपा के बीच सहमति बताया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हालिया बयान को लेकर उन पर तंज कसते हुए ममता ने सोमवार को कहा था कि अगर वह (मोदी) चाहें तो मैं उनके लिए खाना पकाने को तैयार हूं लेकिन वह इस बात को लेकर आश्वस्त नहीं हैं कि मोदी उनके हाथ का पका खाना खाएंगे या नहीं। मोदी ने पिछले महीने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव पर ऐसे समय में मछली खाने को लेकर कटाक्ष किया था, जिस दौरान हिंदू मांसाहार के सेवन से परहेज करते हैं। भाजपा की राज्य इकाई के पूर्व अध्यक्ष और त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल तथागत रॉय ने एक्स पर जारी पोस्ट में कहा ममता बनर्जी, मोदी जी को अपने हाथ की बनी मछली और चावल खिलाना चाहती हैं। अच्छा प्रस्ताव है। लेकिन उससे पहले वह अपने विश्वस्त फिरहाद हकीम को सुअर का मांस खिलाइये? इससे तीन उद्देश्य पूरे होंगे, पहला धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा मिलेगा, दूसरा लोगों को मालूम पड़ेगा कि कोई भी चीज घर से शुरू होती है और तीसरा पकौड़े की भी प्रशंसा हो जाएगी।